राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक- 364
लखनऊ, सोमवार 7 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अनुपम दुबे व शिवप्रताप चीनू को बड़ी राहत 10

सपा की सैफई वापसी सुनिश्चित : केशव 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,54,950/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,42,050/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,16,250/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,50,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### जीतन राम मांझी एम्स के आईसीयू में भर्ती

पटना। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी को रविवार शाम बुखार और सांस लेने में तकलीफ के बाद दिल्ली स्थित एम्स में भर्ती कराया गया। उन्हें शाम करीब पांच बजे आपातकालीन विभाग लाया गया, जहां जांच के बाद रात करीब नौ बजे आईसीयू में स्थानांतरित किया गया। डॉक्टरों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, मांझी को डेंगू होने की आशंका है, हालांकि एम्स ने अभी आधिकारिक स्वास्थ्य बुलेटिन जारी नहीं किया है।

### लंदन में मोहन भागवत ने गुरुद्वारे में टेका मत्था

नई दिल्ली। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने ब्रिटेन दौरे के दौरान लंदन के ऐतिहासिक खालसा जत्था ब्रिटिश आइल्स गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका और सिख समुदाय के लोगों से बातचीत की। उन्होंने रुमाला साहिब भेंट किया और कड़ा प्रसाद ग्रहण किया। भागवत ने विल्सडन स्थित श्री स्वामीनारायण मंदिर में जन्माष्टमी समारोह में भी हिस्सा लिया। रविवार को वह 'एकता का उत्सव' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### सागर में जहरीली शराब से 11 मौतें

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के सागर जिले के बंडा और शाहगढ़ क्षेत्र में संदिग्ध नकली शराब पीने से 11 लोगों की मौत की प्रारंभिक पुष्टि हुई है। कई लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। एक गंभीर मरीज को एयर एंबुलेंस से भोपाल भेजा गया है। पुलिस ने 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शराब और विसरा के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं।

### 150 करोड़ से बनेगा एंटी-स्नेक वेनम प्लांट

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में करीब 15 साल बाद एंटी-स्नेक वेनम का उत्पादन दोबारा शुरू करने की तैयारी है। बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड ने करीब 150 करोड़ रुपये की परियोजना का प्रस्ताव दिया है। कंपनी ने सरकार से दवा खरीद की गारंटी और प्रति वायल कीमत 450 रुपये से बढ़ाकर 700-800 रुपये करने की मांग की है। सरकार के साथ बातचीत अभी शुरुआती चरण में है।

### गोदावरी में चार ने लगाई छलांग, तीन की मौत

नई दिल्ली। एलामंचिली में शनिवार सुबह एक परिवार के चार सदस्यों ने चिंचिनाडा पुल से गोदावरी नदी में छलांग लगा दी। पुलिस के अनुसार, तलाशी अभियान में अब तक तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं, जबकि स्थानीय मछुआरों ने 42 वर्षीय नंबूरी पद्मिनी को बचा लिया। महिला को इलाज के लिए रजोल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सुबह करीब 6:15 बजे हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सीएम ने चित्रकूट के लिए अफसरों को सौंपा टास्क, फसल-मकान क्षति का मिलेगा मुआवजा

# बाढ़ पीड़ितों की पीड़ा पर योगी सरकार का मरहम

- फसल नुकसान का होगा तत्काल सर्वे, किसानों को मिलेगी मदद
- पूरी तरह टूटे मकानों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ
- आंशिक क्षति पर भी मिलेगी आर्थिक सहायता

समृद्धि न्यूज
लखनऊ/चित्रकूट।



रविवार को चित्रकूट में बाढ़ आश्रय स्थल में बच्चों को पुस्तक व वस्त्र देते मुख्यमंत्री।

अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित चित्रकूट में राहत और पुनर्वास को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रभावित परिवार को सरकारी सहायता से वंचित न रखा जाए।

चित्रकूट का हवाई सर्वे करने के बाद मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर राहत कार्यों की समीक्षा की और फसल व मकान क्षति का तत्काल सर्वे कराने का टास्क सौंपा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बाढ़ से प्रभावित किसानों की फसल क्षति का सर्वे जल्द पूरा कराया जाए। सर्वे में पात्र पाए जाने वाले किसानों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। वहीं, पूरी तरह क्षतिग्रस्त मकानों के परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत के लिए वित्तीय सहायता देने को कहा गया है। उन्होंने चित्रकूट धाम में बाढ़ से प्रभावित व्यापारियों, मठों और मंदिरों की क्षति का भी सर्वे कराने के निर्देश दिए। प्रभावित व्यापारियों के लिए सहायता और मुआवजे की विशेष व्यवस्था करने तथा क्षतिग्रस्त धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों की मरम्मत जल्द शुरू कराने को कहा। शासन इन स्थलों के संरक्षण में आवश्यक सहयोग करेगा।

राहत कार्यों की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष राहत किट का वितरण 48 घंटे के भीतर प्रभावित परिवारों तक सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र में लगातार मौजूद रहने और लोगों की जरूरत के अनुसार तत्काल सहायता उपलब्ध कराने को कहा। मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को अलर्ट रखने के निर्देश दिए।

### 800 परिवारों को बांटी राहत सामग्री

भीषण बाढ़ से प्रभावित चित्रकूट में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीड़ितों के बीच पहुंचकर उन्हें भरोसा दिया कि आपदा की इस घड़ी में वे अकेले नहीं हैं। डबल इंजन सरकार उनके साथ खड़ी है और हर प्रभावित परिवार तक राहत पहुंचाई जाएगी। हवाई सर्वेक्षण के बाद राहत शिविरों और रामघाट पहुंचे मुख्यमंत्री ने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 800 परिवारों को 50-50 किलो की राहत किट बांटी। किट में दाल, चावल, आटा, आलू, बाल्टी और छाता जैसी आवश्यक सामग्री शामिल थी। महिलाओं को साड़ी और बच्चों को चॉकलेट भी दी गई। मुख्यमंत्री ने शिविरों में भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।

### कानपुर में दवा कारोबारी की चाकू गोदकर हत्या

समृद्धि न्यूज, कानपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर स्थित रतन आर्बिट अपार्टमेंट में शनिवार देर रात 63 वर्षीय दवा कारोबारी विनीत विनोचा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। अति सुरक्षित माने जाने वाले अपार्टमेंट में हुई वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के समय कारोबारी घर में अकेले थे।

बताया गया कि विनीत की पत्नी पुनीता अपनी बेटी के पास गाजियाबाद गई थीं। शनिवार रात उनका बेटा सुभ्रत, बहू शालू और छह वर्षीय बेटा श्रीजय पार्टी में गए थे। करीब तीन बजे घर लौटने पर परिवार ने विनीत को लहूलुहान हालत में पाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

विनीत बिरहाना रोड स्थित फार्मा ट्रेडर्स नाम से दवा कारोबार करते थे, जिसे वह अपने बेटे के साथ संभालते थे। सूचना पर एसीपी कल्याणपुर दिलीप सिंह और थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। विस्तृत खबर देंखे पेज 11 पर

# कानपुर: कच्चे मकान में दबकर पिता और तीन बेटियों की मौत

- बारिश में भरभराकर गिरा कच्चा आशियाना
- ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया देरी का आरोप

समृद्धि न्यूज, कानपुर।



मृतकों की फाइल फोटो

बारिश के बीच रविवार को कानपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी गांव में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे परिवार को उजाड़ दिया। दो मंजिला कच्चा मकान अचानक भरभराकर गिरने से उसके मलबे में गृहस्वामी मुकेश सिंह और उनकी चार बेटियां दब गईं।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर मलबा हटाकर बचाव शुरू किया। हादसे में पिता मुकेश और उनकी तीन बेटियों माया, पल्लवी और नीतू की मौत हो गई। वहीं चौथी बेटी काजल उर्फ लक्ष्मी करीब डेढ़ घंटे बाद मलबे से जिंदा निकाली जा सकी। उसकी हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया।

हादसा रविवार सुबह करीब 11 बजे हुआ। बताया गया कि लगातार बारिश के बीच कच्चा मकान अचानक ढह गया। घर के भीतर मौजूद मुकेश और उनकी चारों बेटियां मलबे में दब गईं। मकान गिरने की तेज आवाज और चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण दौड़कर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस और आपात सेवा को सूचना देने के साथ ही अपने स्तर पर मलबा हटाना शुरू कर दिया। काफी मशक्कत के बाद एक-एक कर परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला गया।

माया, पल्लवी और नीतू को उनके पिता के साथ पतारा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। काजल मलबे में अधिक गहराई में फंसी थी। उसे निकालने में करीब डेढ़ घंटे का समय लगा।

उसकी हालत नाजुक बताई गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक काजल की शादी भी आने वाले महीनों में प्रस्तावित थी। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस को सूचना देने के बावजूद पुलिस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। उनका कहना है कि शुरुआती समय में यदि राहत दल पहुंच जाता तो बचाव कार्य और तेजी से शुरू हो सकता था। हालांकि स्थानीय लोगों ने इंतजार नहीं किया और खुद मलबा हटाने में जुट गए। पुलिस और बचाव दल के पहुंचने के बाद संयुक्त रूप से राहत कार्य आगे बढ़ाया गया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## काला रविवार

# दिल्ली: पांच मंजिला पीजी इमारत ढही, पांच छात्रों की गई जान

- पांच छात्र गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती
- सीएम रेखा गुप्ता बोलीं- दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।

दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में रविवार को पांच मंजिला पीजी इमारत के अचानक ढहने से पांच छात्रों की मौत हो गई, जबकि पांच की हालत गंभीर है। राहत और बचाव अभियान देर शाम तक जारी रहा। एनडीआरएफ, दिल्ली अग्निशमन सेवा, एसडीआरएफ और पुलिस की टीमें मलबे में फंसे लोगों की तलाश में जुटी रहीं। इस हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। करीब 40-50 साल पुरानी इस इमारत में बेसमेंट के साथ पांच ऊपरी मंजिलें थीं और इसका इस्तेमाल पीजी के तौर पर किया जा रहा था। यहां बड़ी संख्या में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र रहते थे। पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय बेसमेंट में मरम्मत और खुदाई का काम चल रहा था।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद कहा कि बचाव अभियान सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि 11 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, प्रारंभिक जानकारी में बेसमेंट में चल रहे काम के दौरान एक पिलर खिसकने को इमारत गिरने की वजह माना जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हादसे के लिए जिम्मेदार व्यक्ति, चाहे इमारत का मालिक हो या कोई अधिकारी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री बाद में एआईआईएमएस ट्रॉमा सेंटर भी पहुंचीं और वहां भर्ती घायलों का हाल जाना। हादसे के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री, दिल्ली पुलिस आयुक्त और एनडीआरएफ महानिदेशक से बात कर राहत-बचाव अभियान की जानकारी ली। उन्होंने घायलों को हरसंभव चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि मलबे में दबे छात्रों तक राहत दल तुरंत पहुंचे। उन्होंने छात्रावासों की कमी के कारण छात्रों के असुरक्षित पीजी में रहने का मुद्दा उठाते हुए हर छात्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब जांच में यह पता लगाया जाएगा कि इमारत की संरचनात्मक स्थिति क्या थी और बेसमेंट में चल रहा निर्माण या मरम्मत कार्य किसकी अनुमति से किया जा रहा था।




धराशाई हास्टल का मलवा हटाने की जद्दोजहद

# जेन-जी आन्दोलन से दूर रहें बसपा कार्यकर्ता : मायावती

- जंतर-मंतर आंदोलन की कार्रवाई पर भी उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



जेन-जी और जेन-अल्फा के सामने रोजगार सहित अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर बसपा सुप्रीमो मायावती ने चिंता जताई है।

उनका कहना है कि देश में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनसे यह धारणा बन रही है कि युवाओं और बेरोजगारों की समस्याओं को लेकर शुरू हुआ आंदोलन विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रभाव में आ गया है। इससे युवाओं और छात्रों के बीच आंदोलन की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। मायावती ने जारी बयान में कहा कि जेन-जी के जंतर-मंतर आंदोलन के दौरान युवाओं और छात्रों को बड़े-बड़े सपने दिखाए गए थे। लेकिन, अब आंदोलन के स्वतंत्र स्वरूप के बजाय उसके राजनीतिक रंग लेने को लेकर शंकाएं पैदा हो रही हैं। युवाओं और छात्रों की वास्तविक एवं जरूरी मांगों के प्रति बसपा की हमेशा सहानुभूति और चिंता रही है।

### नेपाल में फिर बाढ़ का कहर, 1000 से ज्यादा शव दफनाए

एजेंसी, गोरखा/काठमांडू। नेपाल में 26 अगस्त को आई विनाशकारी बाढ़ की त्रासदी का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब तक 1,344 शव और मानव अवशेष बरामद किए जा चुके हैं, जबकि बड़ी संख्या में अज्ञात शवों की पहचान नहीं हो सकी है। नेपाल पुलिस ने पहचान प्रक्रिया पूरी होने तक 1,000 से अधिक अज्ञात शवों को दफना दिया है। करीब 5,000 लोग अब भी लापता हैं और हजारों परिवार अपने परिजनों की तलाश में हैं। इसी बीच रविवार को गोरखा जिले में थेरांग नदी के अचानक उफान पर आने से चार मकान और एक सस्पेंशन ब्रिज बह गया। समय रहते ग्रामीणों को सुरक्षित निकाल लिए जाने से नए हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। थेरांग के उफान के बाद प्रशासन ने बूढ़ीगंडकी नदी बेसिन में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

# मस्जिद ध्वस्तीकरण : मिला 20 फीट गहरा कुआं

समृद्धि न्यूज, सहारनपुर।



- कुएं पर डाला गया था लिंटर

सहारनपुर में कलक्ट्रेट परिसर में जिस स्थान से मस्जिद गिराया गया है। मलबा हटाते समय उसके नीचे करीब 20 फीट गहरा कुआं निकला है। कुएं पर लिंटर डाला गया था।

प्रदेश के सहारनपुर में शनिवार सुबह कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एक मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के बाद मलबा हटाने के दौरान जमीन के नीचे एक गहरा कुआं मिला है। प्रशासन ने शनिवार सुबह दो मंजिला मस्जिद को हटाने का काम शुरू किया था। यह कार्रवाई नगर मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश पर की गई थी। मस्जिद 315 वर्ग मीटर भूमि पर बनी हुई थी। शनिवार तड़के मस्जिद को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू हुई। देर शाम तक मलबा हटाने का काम जारी रहा। मलबा हटा रही टीम को मस्जिद के नीचे यह कुआं मिला। कुएं की चौड़ाई लगभग एक से सवा मीटर है। इसकी गहराई 20 फुट मापी गई है। कुएं में 20 फुट के नीचे मिट्टी दबी हुई है। प्रशासनिक टीम कुएं को पुराना मान रही है। किसी भी अनहोनी से बचने के लिए कुएं के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया है। एसडीएम सदर सुबोध कुमार ने कुआं मिलने की पुष्टि की। सहारनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित दो मंजिला मस्जिद को ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई शनिवार सुबह प्रशासन द्वारा शुरू की गई थी। नगर मजिस्ट्रेट की अदालत ने मस्जिद हटाने का आदेश दिया था। मस्जिद 315 वर्ग मीटर सरकारी भूमि पर बनी हुई थी। कार्रवाई के दौरान देर शाम तक मलबा हटाने का काम चलता रहा।

मलबा हटाने के दौरान मस्जिद के नीचे जमीन में एक कुआं मिला। इस कुएं की चौड़ाई लगभग एक से सवा मीटर है। इसकी गहराई 20 फुट बताई गई है। कुएं के निचले हिस्से में करीब 20 फुट तक मिट्टी भरी हुई है।

### इंडोनेशिया में ज्वालामुखी फटा, 301 उड़ानें प्रभावित



एजेंसी, जकार्ता। इंडोनेशिया में माउंट अनाक क्राकाटोआ में रविवार को जोरदार विस्फोट हुआ। ज्वालामुखी से निकली राख का गुबार करीब 50 हजार फीट की ऊंचाई तक पहुंच गया। राख हवा के साथ आसपास के इलाकों और एयरपोर्ट तक पहुंचने के कारण विमान सेवाएं प्रभावित हुईं। एयरपोर्ट ऑपरेटर के मुताबिक कुल 301 उड़ानें प्रभावित हुईं, जिनमें 58 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शामिल हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने या अन्य बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

# जम्मू-कश्मीर और लद्दाख पर समझौता नहीं : भारत

- यूएन के समान क्षेत्रफल वाले नक्शे के प्रस्ताव का भारत ने किया समर्थन

एजेंसी, नई दिल्ली।

दुनिया का नक्शा बदलने की संयुक्त राष्ट्र की पहल के बीच भारत ने अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता को लेकर स्पष्ट और कड़ा रुख सामने रखा है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के उस प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया है, जिसका उद्देश्य दुनिया के देशों और महाद्वीपों को उनके वास्तविक क्षेत्रफल के अनुपात में दिखाने वाले समान-क्षेत्रफल (इक्वल एरिया) मानचित्रों को बढ़ावा देना है। हालांकि, भारत ने साफ कर दिया कि प्रस्ताव के समर्थन का अर्थ किसी खास नक्शे या प्रक्षेपण को मंजूरी देना नहीं है। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख समेत भारत का संप्रभु क्षेत्र भारत के आधिकारिक मानचित्र के अनुसार ही दिखना चाहिए। किसी भी गलत या भ्रामक चित्रण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की स्थिति को स्पष्ट, निरंतर और गैर-समझौतावादी बताया है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने चार सितंबर को 'करक्ट द मैप : रीबैलेंसिंग ग्लोबल कार्टोग्राफिक रिप्रेजेंटेशन एंड प्रमोटिंग इक्विटेबल रिप्रेजेंटेशन ऑफ द वल्ड्र्स रीजन, पार्टिकुलरली अफ्रीका' प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के पक्ष में 164 देशों ने मतदान किया।

**राजनीतिक पैंतरा**

## 2027 के लिए तेज हो रही सियासी जंग में बयानों के बहाने आमने-सामने आ रहे सत्तापक्ष और विपक्ष

# दिमागी नक्सल के बाद नाराज फूफा बन रहे हैं बवाल-ए-जान

### मोदी के तंज पर कांग्रेस का पलटवार, विपक्ष ने बताया नाकामियों से ध्यान भटकाने की कोशिश

समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाराज फूफा' वाले तंज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के मंच से निकलकर रविवार को राष्ट्रीय राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया। प्रधानमंत्री ने शनिवार को छात्रों को संबोधित करते हुए उन लोगों पर निशाना साधा, जो हर नई पहल पर यह सवाल करते हैं कि इसकी जरूरत क्या है? उन्होंने ऐसे आलोचकों की तुलना 'नाराज फूफा' से की। मोदी ने उदाहरण देते हुए स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, हाईस्पीड ट्रेन, यूपीआई, सेमीकंडक्टर और नए संसद भवन जैसी पहलों का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री के इस तंज को कांग्रेस ने सीधे सरकार की कार्यशैली और युवाओं के मुद्दों से जोड़ दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार अपनी नाकामियों से ध्यान हटाने के लिए विपक्ष को हर साल नए-नए विशेषण देती है। उनके मुताबिक 'नाराज फूफा', 'दिमागी नक्सल', 'अर्बन नक्सल', 'खान मार्केट गैंग', 'आंदोलनजीवी' और 'परजीवी' जैसे विशेषण बदलते रहते हैं, लेकिन सरकार की नीतियां नहीं बदलतीं। कांग्रेस ने यह भी सवाल उठाया कि युवाओं के बीच शिक्षा, रोजगार, भर्ती और पेपर लीक जैसे मुद्दों पर चर्चा के बजाय प्रधानमंत्री ने राजनीतिक विरोधियों को निशाना क्यों बनाया?

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी प्रधानमंत्री के एसआरसीसी संबोधन पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने लंबे समय तक सत्ता में रहने के बाद देश के युवाओं के सामने सकारात्मक दृष्टि और प्रेरक संदेश होना चाहिए था। वहीं राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि विश्वविद्यालय जैसे मंच पर छात्रों और शिक्षकों की मूल समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए थी। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार की विकास गाथा पर सवाल करने वालों को 'नाराज फूफा' या 'दिमागी नक्सल' जैसे तमगे देना लोकतांत्रिक संवाद का रास्ता नहीं है। आम आदमी पार्टी ने भी प्रधानमंत्री पर पलटवार किया। आप ने मोदी की पोस्ट साझा करते हुए तंज कसा कि यह पोस्ट शायद 'आईने में खुद को देखने' के बाद लिखी गई है। इस तरह कांग्रेस के साथ आप ने भी इस बयान को राजनीतिक मुद्दा बनाने की कोशिश की है।

'नाराज फूफा' विवाद का असली राजनीतिक महत्व इसी जगह से शुरू होता है। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में चुनावी तैयारियां तेज हो चुकी हैं और 2027 का यूपी विधानसभा चुनाव भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए बेहद अहम है।

उत्तर प्रदेश में भाजपा लगातार विकास और सरकार की उपलब्धियों को चुनावी विमर्श के केंद्र में रखने की तैयारी कर रही है। दूसरी ओर विपक्ष बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, भर्ती और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों के जरिये सरकार को घेरने की रणनीति बना रहा है। ऐसे में 'काम बनाम विरोध' का नैरेटिव भाजपा के लिए और 'सरकार बनाम जनता के सवाल' का नैरेटिव विपक्ष के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है।

राजनीतिक रूप से देखें तो प्रधानमंत्री का 'नाराज फूफा' वाला तंज भाजपा के पुराने चुनावी संचार मॉडल से मेल खाता है।

# घाघरा खतरे के निशान से 29 सेमी ऊपर

## महसी के कई गांवों में घुसा बाढ़ का पानी, रास्ते डूबे

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



चारे और सुरक्षित ठिकाने का संकट

नेपाल के पहाड़ी इलाकों से लगातार पानी छोड़े जाने के कारण बहराइच में घाघरा नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 29 सेंटीमीटर ऊपर पहुंच गया है। इससे महसी तहसील के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। जोथेपुरवा, महंत पुरवा और टंच जगल समेत कई गांवों में पानी पहुंचने से ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। घरों के आसपास पानी भरने और रास्ते डूबने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। घाघरा का जलस्तर बढ़ने से कई तटवर्ती गांवों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कुछ स्थानों पर संपर्क मार्ग भी जलमग्न हो गए हैं। इससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। घरों के आसपास पानी जमा होने से लोगों में भी डर का माहौल है।

उप जिलाधिकारी महसी राजेश अग्रवाल ने बताया कि तहसील प्रशासन बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रख रहा है। कुछ गांवों के किनारे पानी पहुंचने की सूचना मिली है। तटवर्ती इलाकों में रहने वाले लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है। प्रभावित क्षेत्रों में जरूरत के अनुसार मदद भेजी जा रही है।

### लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग

ग्रामीणों के सामने अब भोजन-पानी के साथ सुरक्षित स्थान पर रहने की चुनौती भी खड़ी हो गई है। उनका कहना है कि नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यदि पानी बढ़ने का सिलसिला जारी रहा तो हालात और गंभीर हो सकते हैं। बाढ़ के कारण पशुओं के लिए चारे का इंतजाम करना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावित गांवों में राहत और बचाव की व्यवस्था बढ़ाने तथा जरूरत पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की मांग की है।

# 25 हजार का इनामी गैंगस्टर गिरफ्तार

- नहर पुलिया के पास पकड़ा गया अनवर
- 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



रानीपुर पुलिस ने रविवार सुबह करीब दस बजे 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश अनवर अली को दुर्गुपुर नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 12 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस मिला।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हथियार कानून के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, अनवर अली पुत्र रमजान अली बहराइच के रानीपुर थाना क्षेत्र के बेचनपुरवा का रहने वाला है। वह श्रावस्ती जिले के गिलौला थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में फरार चल रहा था। श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक ने 18 अगस्त 2026 को उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। बहराइच के पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर फरार बदमाशों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रानीपुर पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान उसे पकड़ा।

बरामदगी के आधार पर रानीपुर थाने में हथियार कानून की धारा 3/25 के तहत मुकदमा नंबर 169/2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अनवर अली का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ रानीपुर थाने में चोरी, नकबजनी, हथियार कानून और गैंगस्टर एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, श्रावस्ती और गोंडा जिलों में भी उसके खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी पयागपुर हर्षिता तिवारी की देखरेख में हुई। थानाध्यक्ष रानीपुर हरेन्द्र नाथ राय के नेतृत्व में बनी टीम ने इसे अंजाम दिया।

### देवीपाटन मंडल टीम में खेलो इंडिया कैम्प के छह खिलाड़ियों का चयन



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** आगरा में आयोजित होने जा रही सब जूनियर बालक राज्य फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए देवीपाटन मंडल की टीम की घोषणा कर दी गई है। 5 सितंबर को आयोजित चयन ट्रायल में बहराइच के खिलाड़ियों ने अपना दम दिखाते हुए मंडल टीम में जबरदस्त दबदबा कायम किया है। खेलो इंडिया बहराइच के कोच विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि बहराइच से कुल 6 खिलाड़ियों का चयन देवीपाटन मंडल की टीम में हुआ है, जो आगरा में आयोजित होने वाली सब-जूनियर फुटबॉल चैंपियनशिप में मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनमें खेलो इंडिया सेंटर बहराइच के 6 प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल हैं। जिसमे शिवम शर्मा को मंडल टीम की कमान सौपी गई है चयनित खिलाड़ियों में शिवम शर्मा (कप्तान), अभिराज श्रीवास्तव, शोभित सिंह, प्रतीक त्रिपाठी, अंश गौतम, अंशुमान सिंह है।

## खबरें एक नजर में

### कजरी तीज पर निकलेगी भव्य पैदल कांवड़ यात्रा



**बहराइच।** बोल बम कांवरिया संघ बहराइच की वार्षिक बैठक रविवार को जोशियापुरा स्थित नानकशाही धर्म रक्षा मंदिर में संरक्षक सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कजरी तीज के पावन पर्व पर 14 सितंबर (सोमवार) को 18वीं पैदल कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी।प्रबंधक सत्येंद्र कुमार शुक्ल व प्रेम नाथ तिवारी ने बताया कि यात्रा सुबह 7 बजे शिव रथ के साथ मंदिर से रवाना होकर मरीमाता मंदिर पहुंचेगी। वहां सरयू आरती व जल भरने के बाद सुबह 9 बजे से मुख्य यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा लखनऊ रोड, डिग्री कॉलेज, डीएम चौराहा, पानी टंकी, अस्पताल चौराहा, डिगिहा तिराहा, अग्रसेन चौराहा और छावनी होते हुए घंटाघर मार्ग से सिद्धनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां सभी श्रद्धालु जलाभिषेक करेंगे। बैठक में ओम प्रकाश त्रिपाठी, राम कुमार जायसवाल, उमेश चन्द्र मिश्र, राजन चौहान, इन्द्र प्रकाश मिश्र, यशवन्त सिंह, अशोक कुमार श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, रवि पाण्डे, संजीव सिंह, सुरेन्द्र नाथ शुक्ल, अमित मिश्र, प्रिन्स श्रीवास्तव, वेद प्रकाश श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, अशोक पाण्डे, अरविन्द शुक्ल, मदन सैनी, देवेन्द्र नाथ त्रिपाठी, राज कुमार पाण्डे, आशीष पाण्डे, नितिन पाण्डे, सचिन पाण्डे, अभिषेक द्विवेदी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी सहित लोग उपस्थित रहे।

### अवैध पटाखा निर्माण करने वाले चार गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा बिना लाइसेन्स के विस्फोटक पदार्थ का निर्माण व भण्डारण करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 310 किलोग्राम पटाखा पाउडर, तैयार पटाखे व विस्फोटक सामग्री एवं आतिशबाजी बनाने के उपकरण बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर थाना मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम द्वारा 04 अभियुक्तगण 01. जरी मोहम्मद उर्फ दद्दू, 02. जान मोहम्मद उर्फ बब्बू पुत्रगण स्व0 मो0 रफीक 03. जरीना पत्नी बब्बू, 04. नूर बानो पत्नी दद्दू निवासीगण मोहल्ला कटरा ग्राम टाण्डा थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, बने व अधबने गोले/आतिशबाजी एवं बनाने के उपकरण बरामद किये गये। पुलिस टीम द्वारा अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### वरिष्ठ अधिवक्ता का निधन

**बलरामपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता जिला बार संघ के पूर्व अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया उनके देहांत की खबर सुनते ही लोगों में शोक की लहर छा गई ज्ञात हो कि विगत एक सप्ताह पूर्व उनके छोटे भाई वरिष्ठ पत्रकार राकेश सिंह का भी निधन हो गया था

### 495 पदों पर आंगनबाड़ी भर्ती शुरू

**बलरामपुर।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के तहत जनपद की विभिन्न बाल विकास परियोजनाओं में आंगनबाड़ी कार्यकत्री और सहायिका के 495 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री के 236 और सहायिका के 259 पद शामिल हैं। पात्र महिला अभ्यर्थी 23 सितंबर 2026 तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तखार अहमद ने बताया कि भर्ती शासन द्वारा निर्धारित नियमों और चयन प्रक्रिया के तहत की जाएगी। आवेदन केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे। आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सर्वाधिक 44 पद हर्रैया सतघरवा, 35 पचपेड़वा, 32 तुलसीपुर और 26 पद रेहरा बाजार में रिक्त हैं। वहीं सहायिका के सर्वाधिक 40 पद उतरौला नगर, 39 तुलसीपुर और 32 पद बलरामपुर शहर में हैं। भर्ती के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट या समकक्ष निर्धारित है। मेरिट अधिकतम शैक्षिक योग्यता के आधार पर तैयार की जाएगी। एक जुलाई 2026 को अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आयु के लिए हाईस्कूल प्रमाणपत्र में दर्ज जन्मतिथि मान्य होगी।

### रात्रिकालीन बिजली कटौती से लोग परेशान

**सिद्धौर बाराबंकी।** विद्युत उपकेंद्र देवीगंज के अंतर्गत आने वाले गांवों में रात्रिकालीन बिजली कटौती जारी है । रोस्टिंग के नाम पर रात में हो रही इस कटौती से उपभोक्ता त्राहि त्राहि कर रहे है।हैदरगढ़ डिवीजन के अंतर्गत आने वाले उपकेंद्र देवीगंज से असन्द्रा कोठी मचपुरा सिद्धौर देवीगंज हाजीपुर और सुबेहा फीडरों के माध्यम से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है।वर्तमान में यहां की बिजली व्यवस्था रामभरोसे चल रही है । दिन भर तो ट्रिपिंग चलती है और रात में रोस्टिंग के नाम पर कई घंटों की कटौती की जा रही है ।ऐसे में उपभोक्ता बेहाल हैं।जन्माष्टमी के मौके पर भी रात में रोस्टिंग के नाम पर दो से चार घंटे बिजली काटी गई।यह तब हुआ जब प्रदेश सरकार ने त्यौहार पर निर्बाध आपूर्ति का निर्देश दे रखा था । बावजूद इसके सारे आदेश को दरकिनार कर दो से चार घंटे की रोस्टिंग की गई। सिलसिला यहीं नहीं रुका जन्माष्टमी के अगले दिन यानि बीते शनिवार की रात में भी इसकी पुनरावृत्ति की गई। शाम होते ही सात बजे रोस्टिंग के नाम पर लाइट काट दी गई रात नौ बजकर दस मिनट पर आपूर्ति दी गई। सके बाद रात 10.35 बजे दोबारा रोस्टिंग की गई और रात 12.35 बजे आपूर्ति बहाल की गई । ऐसे में उपभोक्ता भीषण गर्मी और मच्छर से परेशान रहे।उपभोक्ताओं राजू सिंह,प्रकाश सिंह,चंद्रशेखर तिवारी,उमेश कुमार,प्रमोद कुमार, राजेंद्र कुमार, पंकज कुमार, विजय मिश्र, सिद्धनाथ और हनुमान ने बताया कि उपकेंद्र द्वारा वर्तमान में बिजली की व्यापक कटौती की जा रही है। उपभोक्ताओ ने सवाल किया कि विभाग आखिर दिन में रोस्टिंग क्यों नहीं करता।



### भाजपा जिलाध्यक्ष ने छात्रों के चेहरे पर बिखेरी मुस्कान

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** जन्मदिन पर होने वाले आयोजनों से अलग भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने अपना जन्मदिन स्कूली बच्चों के बीच मनाकर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों स्कूली बच्चे भाजपा कार्यालय स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। बच्चों ने बृजेश पांडेय के साथ केक काटा और उनकी खुशियों में शामिल हुए। इस दौरान बच्चों को पढ़ाई में सुविधा देने के उद्देश्य से पढ़ने वाले डेस्क वितरित किए गए। डेस्क मिलने पर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई बच्चों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें पढ़ाई करने में पहले से अधिक सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में बच्चों को चॉकलेट भी बांटी गई। पूरा माहौल बच्चों की मुस्कान और उत्साह से सराबोर नजर आया। बृजेश पांडेय ने बच्चों से बातचीत कर उनकी पढ़ाई, रुचियों और भविष्य के सपनों के बारे में भी जानकारी ली तथा उन्हें मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों के बीच मनाए गए इस जन्मदिन कार्यक्रम ने आयोजन को खास बना दिया। बच्चों के लिए डेस्क और चॉकलेट का वितरण केवल उपहार नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई व खुशियों से जुड़ा एक सार्थक प्रयास रहा।

# थाने में फिल्मी गाने पर युवक ने बनाई रील, वीडियो वायरल

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



मटेरा थाने में एक युवक का फिल्मी अंदाज में रील बनाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में युवक थाना परिसर के अंदर फिल्मी गाना गाते हुए नजर आ रहा है। इसके बाद उसने वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जिसके वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में भी इसकी चर्चा शुरू हो गई।

थाने जैसे संवेदनशील स्थान पर बनाए गए इस वीडियो को लेकर अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। वायरल वीडियो में एक युवक मटेरा थाना परिसर के अंदर नजर आ रहा है। युवक फिल्मी गाना गाते हुए वीडियो बनाता दिखाई देता है। उसने इसे रील के तौर पर तैयार किया और बाद में सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद यह तेजी से लोगों के बीच प्रसारित होने लगा। थाना परिसर में बनाए गए इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

वीडियो को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर युवक को थाना परिसर के अंदर इस तरह वीडियो बनाने की अनुमति कैसे मिली। हालांकि, पुलिस की ओर से युवक की पहचान और वीडियो बनाने के उद्देश्य को लेकर अभी कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। मामले में मटेरा थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के दिन थाने में कार्यक्रम की तैयारी चल रही थी। इसी दौरान किसी युवक ने यह वीडियो बनाया था। पुलिस अधिकारी के मुताबिक वीडियो उसी दौरान बनाए जाने की बात सामने आई है। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि वीडियो कब और किन परिस्थितियों में बनाया गया। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि वीडियो बनाने वाला युवक कौन है और उसने इसे सोशल मीडिया पर किस उद्देश्य से पोस्ट किया।

### थाना परिसर में रील बनाने पर उठे सवाल

थाना परिसर आम लोगों के लिए सामान्य सार्वजनिक स्थान नहीं माना जाता। ऐसे में अंदर फिल्मी गाने पर रील बनाए जाने का वीडियो सामने आने के बाद सुरक्षा और अनुशासन को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। खासकर पुलिस थाने में वीडियो बनाने की अनुमति और वहां मौजूद पुलिसकर्मियों की भूमिका को लेकर भी लोग चर्चा कर रहे हैं।

### जांच के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि युवक किस तरह थाना परिसर में पहुंचा और वीडियो बनाने की पूरी घटना किन परिस्थितियों में हुई। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर पुलिस तथ्य जुटा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही गई है।

# परंपरा : कृष्ण जन्मोत्सव पर 80 साल से गुलजार भिटरिया

- छठी तक अपने सवाब पर रहता है मेला
- अंतिम दिन होता है भव्य भंडारा

**समृद्धि न्यूज**
**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।**



नगर पंचायत रामसनेहीघाट के भिटरिया चौराहे पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का प्रसिद्ध मेला आज भी करीब 80 वर्षों पुरानी धार्मिक परंपरा को जीवंत बनाए हुए है। पीढ़ियां बदल गईं, समय बदला और मेले का स्वरूप भी धीरे-धीरे आधुनिक हुआ, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव से जुड़ी आस्था और श्रद्धा आज भी उसी तरह कायम है। जन्माष्टमी के अवसर पर यहां लगने वाला यह मेला एक सप्ताह तक श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों के आकर्षण का केंद्र बना रहता है।

मेले की शुरुआत स्वर्गीय सत्रोहन लाल रावत ने की थी।

उन्होंने जिस धार्मिक परंपरा की नींव रखी थी, उसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रही है। स्वर्गीय लखन लाल रावत के बड़े पुत्र सूरज (आरा मशीन) मेले की व्यवस्था और परंपरा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वहीं धार्मिक झांकियों को सजाने और उन्हें आकर्षक स्वरूप देने में सुमित रावत और आदित्य रावत भी सहयोग करते हैं।

मेले के अंतिम दिन रावत परिवार की ओर से भव्य भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं।

इस आयोजन के जरिए धार्मिक आस्था के साथ सेवा और सामाजिक सहभागिता की परंपरा भी निभाई जाती है। भिटरिया का यह मेला सिर्फ मनोरंजन का आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा, सेवा और सामाजिक एकजुटता का ऐसा मंच है, जिसने आठ दशक से अधिक समय से कई पीढ़ियों को अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत से सराबोर हो रही है।

### बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक दिखता है उत्साह

मेले में खिलौने, जलेबी, घरेलू सामान समेत विभिन्न प्रकार की दुकानें सजी हैं। बच्चों के लिए झूले और मनोरंजन के साधन आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भीड़ से मेले की रौनक देखते ही बनती है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोग परिवार के साथ मेला घूमते हैं, धार्मिक झांकियों के दर्शन करते हैं और खरीदारी भी करते हैं।

### आकर्षण का केंद्र बनीं झांकियां

जन्माष्टमी से शुरू होकर भगवान श्रीकृष्ण की छठी पूजा तक चलने वाले इस मेले में दिन-रात धार्मिक माहौल बना रहता है। यहां सजाई जाने वाली झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होती हैं। श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप, जन्मोत्सव और धार्मिक प्रसंगों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। शाम होते ही रोशनी और सजावट के बीच झांकियों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटने लगती है।

# कीचड़ में तब्दील रास्ता, लोग परेशान

**समृद्धि न्यूज**
**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**



बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम नारायणपुर भूडेहरी में बारिश के बाद रास्ते पर जलभराव और कीचड़ ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों और ग्राम प्रधान की ओर से समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे लोगों को आए दिन कीचड़ से होकर गुजरना पड़ रहा है।

ग्रामीण आशीष कुमार ने बताया कि गांव के बच्चे प्रतिदिन इसी गंदे और कीचड़ भरे रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। रास्ते की स्थिति इतनी खराब है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक कई लोग फिसलकर चोटिल भी हो चुके हैं। बारिश होने के बाद स्थिति और गंभीर हो जाती है तथा लोगों का घरों से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम प्रधान सीमा देवी से भी रास्ते की समस्या को लेकर शिकायत की जा चुकी है। प्रधान की ओर कोई ठोस जवाब नहीं मिला जिससे नाराज लोगों ने प्रशासन से आशीष कुमार, प्रमोद, विमल, विनीत और अभिषेक समेत ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल रास्ते की मरम्मत और जलनिकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द रास्ते को दुरुस्त नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# अव्यवस्थित साप्ताहिक बाजार से जाम की बन रही स्थिति

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**



मुस्लिम बाहुल्य कस्बा शहाबपुर में रविवार और बुधवार को लगने वाली साप्ताहिक बाजार को व्यवस्थित ढंग से न लगवाने के कारण बाजार के दिन हाइवे से जहागीराबाद लिंक मार्ग पर जाम की स्थित बन जाती है जिससे लोगो को आवागमन मे बड़ी दिक्कते होती है। सबसे गंभीर स्थिति उस समय उत्पन्न हो जाती है जब एंबुलेंस या मरीजों के वाहन जाम में फंस जाते हैं। इससे मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाने में देरी हो जाती है।

जानकारी के अनुसार मुस्लिम बाहुल्य कस्बा शहाबपुर में प्रत्येक रविवार और बुधवार को साप्ताहिक बाजार लगती है। बाजार के दिनों में कस्बे की सड़कों पर वाहनों का दबाव काफी बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक शहाबपुर टोल प्लाजा भी जाम की समस्या का एक प्रमुख कारण है। टोल टैक्स से बचने के लिए कई वाहन चालक शहाबपुर से जहांगीराबाद मार्ग होते हुए ग्राम ज्योली की ओर निकलते हैं। इससे बाजार के दिनों में कस्बे के अंदर वाहनों की संख्या बढ़ जाती है और यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत भवन शहाबपुर से चौराहे तक पहुंचने में सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक समय लग जाता है। सबसे गंभीर समस्या तब होती है जब किसी बीमार मरीज को एंबुलेंस या निजी वाहन से बाराबंकी अथवा लखनऊ के अस्पताल ले जाना पड़ता है। जाम में एंबुलेंस या मरीज का वाहन फंसने से अस्पताल पहुंचने में देरी हो सकती है जिससे मरीज की हालत और गंभीर होने का खतरा बना रहता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि साप्ताहिक बाजार के दिनों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त कराने के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए। साथ ही सड़क पर लगने वाली दुकानों को व्यवस्थित कराकर वाहनों के आवागमन के लिए पर्याप्त जगह सुनिश्चित की जाए, ताकि कस्बे में लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिल सके और आपात स्थिति में मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# सैकड़ों घरों में घुसा बाढ़ का पानी

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



मिहीपुरवा ब्लॉक की जंगल गुलरिहा ग्राम पंचायत में एक बार फिर बाढ़ का संकट गहरा गया है। शनिवार देर रात से गांवों में बाढ़ का पानी तेजी से भरने लगा। रविवार सुबह घाघरा बैराज से करीब 1 लाख 80 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिसके बाद नदी के निचले इलाकों में रहने वाले ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को नदी से दूर रहने की चेतावनी दी है। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर जंगल गुलरिहा ग्राम पंचायत के धर्मपुर रेतिया, रामपुर रेतिया, संपतपुरवा, भैंसा और बुढ़ना समेत आसपास के गांवों में दिख रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, सैकड़ों घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। कई जगहों पर सड़कें और संपर्क मार्ग पहले से ही पानी में डूबे हैं, जिससे आना-जाना पूरी तरह बंद हो गया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव कुमार निषाद ने बताया कि बाढ़ का पानी गांव के सैकड़ों घरों में घुस चुका है। इसकी जानकारी शासन और प्रशासन की टीम को दे दी गई है। ग्रामीणों को तुरंत राहत और जरूरी मदद की जरूरत है। वहीं, क्षेत्रीय ग्रामीण परशुराम निषाद, रंजीत निषाद, वकील, राजेंद्र, राहुल निषाद और सत्या निषाद ने बताया कि पिछले कई दिनों से सड़कों पर बाढ़ का पानी भरा था। अब स्थिति लगातार खराब होती जा रही है।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन लोग घायल

**समृद्धि न्यूज, रामसनेहीघाट बाराबंकी।** लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर रविवार सुबह दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस व पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी रामसनेहीघाट पहुंचाया गया। घायलों में अमेठी जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के बखवारा निवासी 60 वर्षीय खुशी राम पुत्र रामनिवास, भदौर निवासी 43 वर्षीय शिव कुमार पुत्र राम अभिलाख और 19 वर्षीय मुकेश पुत्र शिव कुमार शामिल हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइकों पर सवार लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना मिलते ही एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक उपचार दिया और बिना समय गंवाए अस्पताल पहुंचाया। इससे घायलों को समय पर उपचार मिल सका।

# हसीब बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



बलरामपुर के उतरौला निवासी हसीब खान को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके साथ ही उन्हें कई जनपदों का प्रभारी भी बनाया गया है।

पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष सोहिल अख्तर अंसारी द्वारा जारी पत्र के अनुसार हसीब खान को बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, संत कबीर नगर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, वाराणसी, गाजीपुर, अंबेडकरनगर, चंदौली और सुल्तानपुर जनपदों की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मनोनयन के बाद हसीब खान ने कहा कि वह कांग्रेस के सिद्धांतों के अनुरूप पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने के साथ बेहतर परिणाम देने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के अल्पसंख्यक विभाग को मजबूती प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

हसीब खान के मनोनयन की खबर से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

# नवनिर्मित पारिवारिक न्यायालय भवन का हुआ ई-उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

- न्यायमूर्ति ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया उद्घाटन
- प्रशासनिक न्यायाधीश ने किया भौतिक निरीक्षण



जनपद न्यायालय परिसर में नवनिर्मित पारिवारिक न्यायालय भवन का रविवार को विधिवत उद्घाटन हुआ। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण भंसाली ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भवन का ई-उद्घाटन किया। इस दौरान उच्च न्यायालय की इन्फ्रा कमेटी के चेयरमैन न्यायमूर्ति महेश चन्द्र त्रिपाठी तथा महानिबंधक मंजित सिंह शेरोन भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मौजूद रहे।

जनपद न्यायालय के मीटिंग हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उच्च न्यायालय इलाहाबाद की प्रशासनिक न्यायाधीश एवं अम्बेडकरनगर की प्रशासनिक न्यायाधीश न्यायमूर्ति नन्द प्रभा शुक्ला की गरिमामयी उपस्थिति रही। ई-उद्घाटन के बाद उन्होंने नवनिर्मित पारिवारिक न्यायालय भवन का भौतिक उद्घाटन कर परिसर का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश चन्द्रोदय कुमार, पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राजेश भारद्वाज समेत जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ईशा प्रिया, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील यादव, अधिवक्तागण, न्यायालय के कर्मचारी तथा मीडिया प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

### परिवार से जुड़े मामलों के निस्तारण को मिलेगा बेहतर माहौल

नवनिर्मित भवन के शुरू होने से पारिवारिक विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए बेहतर न्यायिक वातावरण उपलब्ध होगा। साथ ही पक्षकारों को अधिक व्यवस्थित एवं सुविधाजनक न्यायिक परिसर मिलने की उम्मीद है। अधिकारियों ने भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक सुविधाओं को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की कुलसुम बेगम पिता श्री आरिफ खान ग्राम व पोस्ट हरचंदा कैसरगंज बहराइच की निवासनी हूं। मेरा हाई स्कूल का अंक पत्र एवं सह प्रमाण पत्र वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2418123 है जो कहीं गायब हो गया है।

**प्रार्थनी**
**कुलसुम बेगम पिता आरिफ खान ग्राम व पोस्ट हरचंदा कैसरगंज बहराइच।**

# यूपी में तीसरी बार बनेगी एनडीए सरकार : तावड़े

▸ राष्ट्रीय महासचिव ने मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रभारी विनोद तावड़े और सह प्रभारी जगदीश पटेल ने रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री से संगठन, सरकार एवं चुनाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद विनोद तावड़े ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा यूपी की रफ्तार रहेगी बरकरार, तीसरी बार बनेगी एनडीए सरकार। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भाजपा का हर कार्यकर्ता 2027 में पुनः एनडीए सरकार बनाकर विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भेंट कर चुके हैं। शनिवार को

प्रदेश कार्यालय, लखनऊ में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े , राष्ट्रीय मंत्री व सह प्रभारी जगदीश पटेल तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक की थी।

बैठक में उन्होंने संगठन की गतिविधियों, चल रहे अभियानों की प्रगति, बूथ स्तर के सुदृढ़ीकरण तथा आगामी चुनावों की कार्ययोजना की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सपा की सैफई वापसी सुनिश्चित : केशव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े को पार्टी नेतृत्व ने अब उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया है। महज उनके उत्तर प्रदेश आगमन से ही सपाई 'सन्न' हैं। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के उत्तर प्रदेश आगमन के बाद सपा का क्या हाल होगा? उत्तर प्रदेश में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने के साथ ही सपा की 'सैफई वापसी' सुनिश्चित है।

केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि सपा और राजद दोनों दलों की राजनीतिक कुंडली एक सरीखी है। मसलन, चाल, चरित्र और चेहरे में दोनों एक-दूसरे को ज़बरदस्त मात देते



हैं, क्योंकि दोनों जंगलराज, गुंडाराज, भ्रष्टाचार और परिवारवाद की राजनीति के ही प्रतीक हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में सपा का एक भी प्रत्याशी मैदान में नहीं था। इसके बावजूद सपा बहादुर अखिलेश यादव वहां अखाड़े में उतर गए। उनका आचरण जनता ने देखा। भाजपा को हराने का सपना देखने वाली राजद-कांग्रेस-सपा की तिकड़ी का यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तब के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अजेय विजेता जोड़ी ने जनता के आशीर्वाद से सूपड़ा ही साफ

## उपमुख्यमंत्री ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से की भेंट

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं से भेंटकर संगठनात्मक विषयों, आगामी चुनावों की रणनीति तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनके सतत परिश्रम से ही पार्टी की नीतियों एवं सरकार के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### दुकान के पास खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली चोरी

**लखनऊ।** बंथरा में पिछली रात एक ट्रेडर्स दुकान के पास खड़ी ट्रैक्टर की ट्राली चोरी हो गई। रविवार सुबह जब दुकानदार को इसका पता चला, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने केस दर्ज करके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। बंथरा के रहीम नगर पड़ियाना निवासी और सरोजनीनगर बार एसोसिएशन के महामंत्री एडवोकेट गोविंद प्रताप शुक्ला के बेटे जितेंद्र प्रताप शुक्ला पिपहरी में जेपी ट्रेडर्स के नाम से दुकान चलाते हैं। उनकी दुकान गांव से कुछ दूरी पर है, जहां वे सरिया, सीमेंट, गिट्टी और मौरंग बेचते हैं। जितेंद्र ने बताया कि शनिवार रात वह रोज की तरह अपनी दुकान बंद करके सो गए थे। उनकी ट्राली दुकान के पास ही खड़ी थी। रविवार सुबह जब वह नींद से जागे तो देखा कि वहां खड़ी ट्राली गायब थी। इसके बाद उन्होंने आसपास उसकी तलाश की और लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन ट्राली का कोई पता नहीं चला। जितेंद्र के मुताबिक, चोरी हुई ट्राली गहरे नीले रंग की चार पहियों वाली है, जिस पर जेपी ट्रेडर्स और एसीसी सीमेंट लिखा हुआ है। काफी तलाश के बाद भी जब ट्राली नहीं मिली, तो उन्होंने बंथरा पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश कर रही है।

### क्रेन के पलटने से युवक की मौत, कई घायल

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के धनवारा गांव में रविवार सुबह एक क्रेन मशीन पेड़ की डाल उतारते समय पलट गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके कई साथी घायल हो गए। घायलों को मोहनलालगंज सीएससी में भर्ती कराया गया है। मोहनलालगंज के धनवारा गांव में प्राथमिक विद्यालय के पास पिछले कुछ दिनों से पेड़ काटने का काम चल रहा था। रविवार सुबह करीब 10.30 बजे मजदूर क्रेन की मदद से पेड़ की भारी डाल उतार रहे थे। इसी दौरान अधिक वजन के कारण क्रेन डाल का संतुलन नहीं बना पाई और पलट गई। क्रेन पलटने से मऊ निवासी 20 वर्षीय सोनू की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उसके कुछ साथी भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। घायलों को मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रामडोल पालकी यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

**लखनऊ।** गोसाईगंज कस्बे में रविवार को रामडोल पालकी यात्रा में आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। सतभैया सर्राफपरिवार की ओर से आयोजित रामडोल पालकी यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासी और क्षेत्रीय श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा कस्बा प्रभु श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा।पालकी पर विराजमान प्रभु श्रीराम एवं भगवान श्रीकृष्ण के श्रद्धालुओं ने जगह–जगह दर्शन कर पूजा–अर्चना की और पुष्प अर्पित किए। भक्ति गीतों, जयकारों और धार्मिक माहौल के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के दौरान कस्बे का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा ने अपने निज आवास के साथ ही नगर पंचायत कार्यालय में भी रामडोल पालकी की विधिवत पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद लिया इस मौके पर आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन धनराज रस्तोगी की ओर से कराया गया इस मौके पर ईओ आलोक वर्मा, विमल निगम, कृष्णा दीप, सत्यम मोहन गुप्ता, शिवम गुप्ता, अरविंद गुप्ता, कृष्ण दीप गुप्ता, जय प्रकाश वर्मा, विश्वास मिश्रा, मनीष जायसवाल समेत बड़ी संख्या में नगरवासी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### आईटीआई लखनऊ में महिला रोजगार मेला 11 को

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई अलीगंज लखनऊ में महिलाओं एवं युवतियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 11 सितंबर को विशाल रोजगार एवं प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष रोजगार मेले में हीरो मोटोकॉर्प, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस तथा अल्मास एक्सपोर्ट्स एंड इंपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड सहित चार प्रमुख कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। चयन प्रक्रिया में कैंपस प्लेसमेंट के साथ ही वॉक–इन इंटरव्यू भी आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि रोजगार मेले का उद्देश्य महिलाओं एवं युवतियों को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। आईटीआई एवं अन्य शैक्षिक योग्यता रखने वाली इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न पदों पर चयन का अवसर उपलब्ध होगा। प्लेसमेंट अधिकारी एम.ए. खां ने बताया कि हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार प्लांट में केवल छात्राओं के लिए कैंपस प्लेसमेंट आयोजित किया जाएगा। कंपनी द्वारा 50 पदों पर भर्ती की जाएगी।

### कर्तव्यों का निष्ठा के साथ निर्वहन करना आवश्यक

**लखनऊ।** खालसा इंटर कॉलेज में देश के द्वितीय राष्ट्रपति, प्रख्यात शिक्षाविद एवं भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप. में मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में प्रधानाचार्य ने पूर्व राष्ट्रपति के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा के साथ निर्वहन करने का शिक्षकों से आह्वान किया। उन्होंने कहा कि उचाईयों पर पहुँचने के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठा के साथ निर्वहन करना आवश्यक है। श्री सिंह ने शिक्षकों को कॉलेज का महत्वपूर्ण स्तम्भ बताते हुए कॉलेज की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

# हर साल 12 हजार जानें बचाएगा ट्रामा नेटवर्क

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं और अन्य गंभीर आपात स्थितियों में मरीजों को समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को एकीकृत और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में बड़ी पहल की जा रही है। इसके तहत यूपीटीईएन (उत्तर प्रदेश ट्रामा एंड इमरजेंसी नेटवर्क) को एक ऐसे एकीकृत आपात चिकित्सा नेटवर्क के रूप में विकसित करने की योजना तैयार की गई है, जिसका उद्देश्य दुर्घटना या मेडिकल इमरजेंसी के बाद शुरुआती 60 मिनट यानी 'गोल्डन ऑवर' में मरीज को सही उपचार केंद्र तक पहुंचाना है।

यूपीटीईएन के जरिए प्रदेश की बिखरी ट्रॉमा, बर्न, कार्डियक, स्ट्रोक और अन्य इमरजेंसी सेवाओं को एक



नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। योजना के तहत 173 एकीकृत ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन यूनिट विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें 11 लेवल-1 एपेक्स हब, 36 लेवल-2 रीजनल सेंटर और 126 लेवल-3 जिला स्तर की इकाइयां शामिल होंगी। इसका मकसद मरीज को जरूरत के अनुसार नजदीकी और सक्षम चिकित्सा केंद्र तक तेजी से पहुंचाना है।

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित घोष ने बताया कि व्यवस्था के जरिए हर साल 10 हजार से 12 हजार लोगों की जान बचाने का लक्ष्य रखा गया है। विशेषज्ञों की मानें तो समय पर इलाज मिलने से गंभीर दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों और स्थायी विकलांगता के मामलों में कमी लाई जा सकती है। इसके लिए केवल अस्पतालों की संख्या बढ़ाने के बजाय अस्पताल, एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर, डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ और कमांड सेंटर को एक ही आपात नेटवर्क में जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यूपीटीईएन का उद्देश्य मरीज के अस्पताल पहुंचने का इंतजार करने के बजाय आपातकाल की सूचना मिलते ही इलाज की प्रक्रिया शुरू करना है। योजना के तहत 1,200 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस को नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इन एंबुलेंस को केवल परिवहन का साधन न मानकर चलते-फिरते आपात उपचार केंद्र के रूप में इस्तेमाल करने की दिशा में काम किया जाएगा।

## बसपा प्रमुख ने हापुड़ में दलित की मौत पर जताया दुख



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने हापुड़ जिले की घटना की निंदा की हे। उन्होंने मांग की है कि सरकार आरोपितों को कड़ी सजा दिलाने के साथ पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा भी दे। बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जिला हापुड़ के थाना हापुर नगर के अन्तर्गत दो समुदायों में हुई आपसी रंजिश व झड़प में घायल हुये दलित समाज के लोगों में से एक व्यक्ति की आज हुई मौत अति–दुखद। सरकार आरोपितों को क़ानूनी सज़ा के साथ–साथ पीड़ित परिवार की भी सहायता ज़रूर करे तो यह उचित होगा। वैसे भी आपसी रंजिशों का खून–ख़राबा में बदल जाना अति–निन्दनीय एवं चिन्तनीय तथा ऐसी घटनाओं को सरकारी हस्तक्षेप आदि से हर हाल में रोका जाना चाहिये ताकि विवाद संघर्ष तक न पहुँच पाये।

# चीनी के 50 किलो पैकेट पर मिलेगी छूट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

चीनी की बढ़ती कीमतों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ के लोगों को राहत देने के लिए खास व्यवस्था शुरू की है। बाजार में चीनी 60 से 65 रुपये किलो तक बिक रही है, वहीं लखनऊ में सरकारी बिक्री केंद्र पर इसे 52 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध है।


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग ने आम लोगों को कम कीमत पर चीनी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। यह सुविधा सिर्फ लखनऊ में शुरू की गई है। लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान परिसर में स्थित चीनी निगम एवं सहकारी चीनी मिल संघ के चीनी विक्रय केंद्र को निर्धारित किया गया है। सस्ती चीनी की यह बिक्री किसी एक दिन या विशेष अवधि तक सीमित



नहीं है। हर कार्यदिवस नियमित रूप से बिक्री की जाएगी। लखनऊ के लोग सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच बिक्री केंद्र पर जाकर अपनी जरूरत के हिसाब से चीनी खरीद सकते हैं। बिक्री केंद्र पर उपभोक्ताओं के लिए अलग-अलग वजन के पैकेट उपलब्ध कराए गए हैं।

1 किलो का पैकेट 52 रुपये और 2 किलो का पैकेट 102 रुपये में मिलेगा। लोग अपनी दैनिक जरूरत के अनुसार चीनी खरीद सकते हैं। जिन लोगों को ज्यादा मात्रा में चीनी की जरूरत है, उनके लिए 5 किलो और 50 किलो के पैकेट भी रखे गए हैं। इनकी कीमत क्रमशः 250 रुपये और 2500 रुपये तय की गई है।

# डबल डेकर बस में लगी भीषण आग, 30 यात्री सकुशल रेस्क्यू



▸ गोरखपुर से गुजरात जा रही थी बस, सामान जलने की सूचना

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को शहीद पथ पर एक डबल डेकर बस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बस गोरखपुर से गुजरात जा रही थी। मेदांता अस्पताल के सामने बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।

प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, चलते समय बस के एक टायर में आग लगी, जिसने देखते ही देखते बस के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, समय रहते सभी 30 यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ यात्रियों के सामान के जलने की जानकारी सामने आई है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईंगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल की टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया। अपर पुलिस (दक्षिणी) रल्लापल्ली वसंथ कुमार ने बताया कि टायर फटने की वजह से हादसा हुआ है। हादसे के बाद यातायात व्यवस्था और सुरक्षा के मद्देनजर शहीद पथ पर कुछ समय के लिए यातायात डायवर्ट किया गया। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस के अनुसार, स्थिति फिलहाल सामान्य और नियंत्रण में है। किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हैं।

# 'आप' ने सरकार पर लगाया व्यापारियों की अनदेखी का आरोप

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

आम आदमी पार्टी (आआपा) के राजधानी लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय में रविवार को व्यापार प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न बैठक में प्रकोष्ठ के संगठन विस्तार तथा प्रदेश भर के व्यापारियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों एवं समस्याओं पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में सबसे पहले संगठन विस्तार की रणनीति पर चर्चा हुई। मनोज मिश्रा ने कहा कि व्यापार प्रकोष्ठ को प्रदेश के हर मंडल, जिले और नगर इकाई तक मजबूत किया जाएगा, ताकि व्यापारियों की आवाज



संगठनात्मक रूप से हर स्तर पर उठाई जा सके। उन्होंने पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जिला व मंडल स्तर की टीमों के गठन का निर्देश देते हुए इसे प्राथमिकता पर पूरा करने की मांग की।

बैठक में व्यापारियों के सामने आ रही रोजमर्रा की दिक्कतों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मनोज मिश्रा ने कहा कि प्रदेश सरकार की गलत नीतियों और प्रशासनिक उदासीनता के चलते छोटे और मंझोले व्यापारी लगातार परेशान हो रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब व्यापारी वर्ग प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, तो सरकार उनकी सुध क्यों नहीं ले रही। इस दौरान पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन व्यापारियों को राहत देने के बजाय उन पर दंडात्मक और उत्पीड़नकारी रवैया अपना रहा है। मनोज मिश्रा ने मांग की कि सरकार व्यापारियों के लिए एक स्पष्ट, पारदर्शी और सरल नीति बनाए, जिससे उन्हें अनावश्यक प्रशासनिक भय से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी व्यापारियों के हक की लड़ाई सड़क से लेकर सदन तक लड़ती रहेगी। उन्होंने आगामी दिनों में प्रदेशव्यापी सदस्यता अभियान चलाने तथा जिला व मंडल स्तर पर व्यापारी सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की, ताकि संगठन जमीनी स्तर पर और मजबूत हो सके। इस मौके पर सीताशरण, वंश बहादुर सिंह, एच एन तिवारी, संदीप शुक्ला, रवि, राकेश सिंह, राम मूरत अग्रहरि, राहुल शर्मा, सनमत बाबू जैन सहित प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्रद्धा व भक्ति के बीच संपन्न हुई मां भगवती की वार्षिक भादों पूजा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** मोहनलालगंज क्षेत्र के लखनाखेड़ा गांव में माँ भगवती उत्थान सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पारंपरिक वार्षिक भादों मास की पूजा श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर मां भगवती की विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां भगवती का पूजन किया गया। इसके बाद कन्या पूजन कर श्रद्धालुओं ने कन्याओं का आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

# पुजारियों के मानदेय को लेकर निकलेगी हुंकार रैली

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश में योगी सेना (भारत) एवं अखंड हिंदू वाहिनी द्वारा हिंदू हुंकार रैली निकाले जाने की घोषणा की गई है। यहाँ लखनऊ प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में योगी सेना (भारत) के राष्ट्रीय प्रमुख गौरव वर्मा एवं अखंड हिंदू वाहिनी के संस्थापक रुद्र त्रिपाठी (वीरू भैया) ने बताया कि विभिन्न चरणों में निकलने वाली इस रैली की शुरुआत आगामी 27 सितंबर को पुवायाँ, जिला शाहजहांपुर से की जा रही है।

संबोधित करते हुए रुद्र त्रिपाठी ने बताया कि यह रैली उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कई चरणों में आयोजित की




जाएगी। रैली का प्रमुख उद्देश्य सनातन बोर्ड का गठन, गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करना, धर्मदान एक्ट व धर्मार्थ कल्याण बोर्ड का गठन तथा रजिस्टर्ड मंदिरों के पुजारियों को मासिक मानदेय वेतन दिया जाना है। योगी सेना (भारत) के राष्ट्रीय प्रमुख गौरव वर्मा ने कहा कि सनातनियों के आस्था के प्रतीक–जिस प्रकार से अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ।

# तेज वर्षा में भी नहीं रुके स्वयंसेवकों के कदम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लखनऊ के दक्षिण भाग की ओर से रविवार को युवा केंद्रित कार्यक्रम के निमित्त युवाओं का पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन सनातन धर्म मंदिर सिंगार नगर आलमबाग से निकल कर सन्त निरंकारी भवन होते हुए आलमबाग चौराहे से मुड़कर वापस सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ।



पथ संचलन में दिखा अनुशासन

संचलन के दौरान तेज वर्षा होने लगी। इसके बावजूद सभी स्वयंसेवक अनुशासन में संचलन करते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। इस अवसर पर लखनऊ विभाग के विभाग कार्यवाह अमितेश ने संघ के अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प की बात करते हुए कहा कि संघ के स्वयंसेवक इस बारिश में भी अनुशासन के साथ चलते हैं,कोई भी स्वयंसेवक अपने मार्ग से डिगा नहीं।

यही युवा शक्ति की पहचान है जो आगे देश का नेतृत्व करने वाली है। उन्होंने आगे कहा यही जोश और जज्बा देश को आगे ले जाने के लिए युवाओं में जरूरत होती है। इस अवसर पर दक्षिण भाग के भाग संघचालक रणवीर,भाग कार्यवाह धीरेंद्र,सह भाग कार्यवाह सूरज एवं सिद्धार्थ सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**प्रोजेक्ट प्रवीण** | 31 प्रशिक्षण संस्थाओं को सौंपा लक्ष्य, ट्रेनिंग 30 सितम्बर से

# सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ हुनर

▸ एक बैच में अधिकतम 35 विद्यार्थी, प्रशिक्षण की अवधि 300 घंटे

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

योगी सरकार प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारपरक कौशल से जोड़ने की दिशा में काम कर रही है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों के विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ व्यावसायिक कौशल का प्रशिक्षण देने की तैयारी पूरी कर ली गई है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ने वित्तीय वर्ष 2026–27 में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत प्रदेश के 3 हजार से अधिक विद्यार्थियों को विभिन्न रोजगारपरक क्षेत्रों में प्रशिक्षित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रशिक्षण का लक्ष्य 31 प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं को सौंपा गया है। चयनित संस्थाओं को प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने, उनका अनुमोदन कराने, विद्यार्थियों का पंजीकरण करने और बैच गठित करने की प्रक्रिया निर्धारित समयसीमा में पूरी करनी होगी। 30 सितंबर तक प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षण शुरू करना अनिवार्य किया गया है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि 'प्रोजेक्ट प्रवीण' का उद्देश्य सर्वोदय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ऐसे कौशल से जोड़ना है, जो उन्हें भविष्य में रोजगार, स्वरोजगार और बेहतर करियर के अवसरों के लिए तैयार कर सकें। विद्यार्थियों को उनकी रुचि और उपलब्ध प्रशिक्षण के अनुसार अपैरल, आईटी–आईटीईएस, मैनेजमेंट सहित अन्य रोजगारपरक सेक्टरों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। योगी सरकार की कौशल विकास नीति के तहत यह पहल युवाओं को शिक्षा से कौशल और कौशल से रोजगार की ओर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। स्कूल स्तर पर ही विद्यार्थियों को व्यावहारिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण मिलने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ भविष्य के लिए आवश्यक दक्षताएं विकसित करने में मदद मिलेगी। प्रशिक्षण की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बैच का आकार भी निर्धारित किया गया है। एक बैच में अधिकतम 35 विद्यार्थी शामिल होंगे, जबकि प्रशिक्षण की कुल अवधि 300 घंटे तक होगी। इससे विद्यार्थियों को नियमित स्कूली शिक्षा प्रभावित किए बिना कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।



मिशन का जोर केवल प्रशिक्षण शुरू कराने पर ही नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर भी है।

प्रशिक्षण प्रदाता को मिशन मुख्यालय में अनुबंध जमा कर उसकी पुष्टि करानी होगी। इसके बाद ही संबंधित जिले की जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई को बैच गठित करने की अनुमति दी जाएगी। कौशल प्रशिक्षण की गुणवत्ता और प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के लिए बैच को मंजूरी देने से पहले एनसीवीईटी और एन कीयू आर पोर्टल पर संबंधित जॉब रोल की जांच की जाएगी। इसके बाद केवल वैध और मान्यता प्राप्त जॉब रोल में ही विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा सकेगा। पोर्टल पर भी उन्हीं बैच और सेक्टर को मंजूरी दी जाएगी, जो संबंधित प्रशिक्षण संस्था को आवंटित किए गए हैं। इससे प्रशिक्षण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक संसाधनों की कमी न हो, इसके लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं को बैच शुरू होने के सात दिन के भीतर पाठ्य सामग्री उपलब्ध करानी होगी। विद्यार्थियों को सामग्री दिए जाने की हस्ताक्षरित रसीद और तस्वीरें भी मिशन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

मिशन निदेशक पुलकित खरे ने प्रशिक्षण प्रदाताओं को सभी प्रक्रियाएं निर्धारित समयसीमा और नियमों के अनुरूप पूरी

# सर्राफा व्यापारी से दो लाख रुपये वसूलने के आरोप में 4 पुलिसकर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज, सस्पेंड

**दो सिपाही हिरासत में दो को पकड़ने के लिए दबिश दे रही पुलिस**





**समृद्धि न्यूज, परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।**

पुलिस महकमे को शर्मसार करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। थाना तिलहर में तैनात चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ जलालाबाद के सराफा व्यापारी सुंदरम को जबरन उठाने, उनके साथ मारपीट करने और मादक पदार्थ (एनडीपीएस) के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर कथित तौर पर 2 लाख रुपये ऐंठने के आरोप में परशुरामपुरी जलालाबाद कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित सराफा व्यापारी सुंदरम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तिलहर थाने में तैनात चारों आरोपी पुलिसकर्मियों ने उन्हें गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में लिया और किसी एकांत जगह पर ले जाकर जमकर मारपीट की। इसके बाद आरोपी पुलिसकर्मियों ने व्यापारी को डराते हुए धमकी दी कि यदि उसने उनकी बात नहीं मानी, तो उस पर नशीले पदार्थों की तस्करी का झूठा मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। झूठे मुकदमे और जेल जाने के डर से सहमे व्यापारी से पुलिसकर्मियों ने कथित रूप से दो लाख रुपये की अवैध मांग की। व्यापारी द्वारा रकम चुकाने के बाद ही उसे छोड़ा गया। इस घटना से सहमे व्यापारी ने आपबीती अपने परिजनों और स्थानीय पुलिस अधिकारियों को बताई, जिसके बाद जलालाबाद कोतवाली में चारों पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। मामला वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में आते ही हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए चारों आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए हैं। एसपी ने मामले की जांच तिलहर सीओ और जलालाबाद सीओ को सौंप दी। इसके बाद प्रथम दृष्टा आप सत्य पाए गए। इसके बाद जलालाबाद कोतवाली में सुंदरम की तहरीर के आधार पर चारों पुलिसकर्मियों अरुण, पंकज, तुषार, वीरेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई और विभागीय कार्रवाई करते हुए चारों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया दो पुलिसकर्मियों को हिरासत में ले लिया गया है फरार दो आरोपी सिपाहियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

## हनुमान अंश को प्रदेश में टैक्स फ्री किये जाने का अनुरोध

**शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यसमिति सदस्य विनीत मिश्र ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर महान संत बाबा नीब करोरी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म हनुमान अंश को प्रदेश में टैक्स फ्री किये जाने का अनुरोध किया है। श्री मिश्र ने पत्र में लिखा की बाबा नीब करोरी महाराज का सम्पूर्ण जीवन हनुमान जी की भक्ति एवं आध्यात्मिक सेवा में समर्पित रहा है।आज देश-विदेश में करोड़ो भक्त उनकी श्रद्धा एवं भक्ति से ओत-प्रोत हैं। ऐसे में उनके जीवन पर बनी फिल्म को प्रदेश में बड़ी संख्या में उनके भक्त देखना चाहते है। जिनमें गरीब एवं मध्यम वर्ग के भक्तों पर ज्यादा आर्थिक बोझ न पड़े इस लिए उपरोक्त फ़िल्म को प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया जाए।

# पंचायत सहायकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**जांच कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन**

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।**



पंचायत सहायकों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर पंचायत सहायक यूनियन के पदाधिकारियों और सदस्यों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को पंचायत सहायकों की कार्य व्यवस्था और सामने आ रही समस्याओं से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने कहा कि पंचायत सहायक अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं, लेकिन कई स्तरों पर उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्याओं का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग की।

विधायक डॉ. वीर विक्रम सिंह प्रिंस ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों की जांच कराने और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पंचायत सहायकों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की जाएगी। विधायक के आश्वासन के बाद यूनियन पदाधिकारियों ने समस्याओं के जल्द समाधान की उम्मीद जताई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार, उपाध्यक्ष आदेश, सचिव शिल्पी, महासचिव आसमीन अंसारी, दीप्ति, विकेश, सुरजीत, पंकज वर्मा, दीपक, प्रशांत, ब्रजेश, नौरंग, विजय, जगतपाल, अजय, विपिन, मोहित, अमर, हेमा, अर्चना, बबली, सुषमा सहित अन्य पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# पक्की सड़क और बिजली की मांग पर अड़े ग्रामीण

**भूख-हड़ताल के दूसरे दिन भी वीडीओ से वार्ता विफल**

**समृद्धि न्यूज, अल्हागंज, शाहजहांपुर।**



क्षेत्र की ग्राम पंचायत जेरारहीमपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम चम्पतपुर और टिकुरा में बुनियादी सुविधाओं की बहाली को लेकर जनाक्रोश गहराता जा रहा है। पक्की सड़क और सुचारू बिजली आपूर्ति की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल पर बैठे ग्रामीणों और स्थानीय नेताओं के आंदोलन का आज दूसरा दिन रहा। इस दौरान खंड विकास अधिकारी जलालाबाद विकास किशोर के साथ हुई प्रशासनिक वार्ता बेनतीजा साबित हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने आंदोलन को और तेज करने का ऐलान किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के दशकों बाद भी क्षेत्र विकास से पूरी तरह वंचित है। वर्षों से जर्जर पड़ी सड़कों और बिजली की बदहाली के कारण आए दिन लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन-प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद जब कोई सुनवाई नहीं हुई, तो ग्रामीणों को आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक दोनों गांवों में पक्की रोड और सुचारू बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की लिखित गारंटी नहीं मिलती, तब तक अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल खत्म नहीं होगी। भूख-हड़ताल और धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, सपा जिला सचिव प्रभाशंकर गुप्ता, लोहिया वाहिनी के जिला सचिव शिवम राजपूत, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के उमेश यादव, पूर्व प्रधान हरिओम कुशवाहा, अरुण कुमार, यतेन्द्र सिंह, अवनीश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, लालाराम, रामप्रकाश कश्यप, डालचंद, जवाहरलाल, कौशल सिंह, जसवंत सिंह, संजीव वर्मा, शेरपाल वर्मा, निर्दोष वर्मा, नीरज, बादाम, सुखलाल वर्मा, अरविंद तथा कुनेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। लगातार दूसरे दिन भूख-हड़ताल जारी रहने से पूरे प्रशासनिक अमले में खलबली मची हुई है।

## खबरें एक नजर में

### अफसरों की नींद न टूटी तो खुद उतरे ग्रामीण, खुद साफ की नाली



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** विकास खंड जैतीपुर के ग्राम खेड़ा बजेड़ा में स्वच्छता व्यवस्था की पोल पूरी तरह खुल चुकी है। गांव में गंदे पानी की निकासी न होने और जगह-जगह लगे गंदगी के ढेरों से ग्रामीण बुरी तरह परेशान हैं। प्रशासनिक दावों के विपरीत धरातल पर सफाई की स्थिति बदहाल है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और सफाईकर्मी बेपरवाह बने हुए हैं। जब प्रशासनिक सुध नहीं ली गई, तो ग्रामीणों का सब्र टूट गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने खुद ही फावड़ा-कुदाली उठाई और कीचड़ व गंदगी से पटी नालियों की सफाई शुरू कर दी अधिकारियों की इस घोर लापरवाही ने स्वच्छता अभियानों के बड़े-बड़े दावों पर पानी फेर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकार वेतन सफाई के लिए दे रही है, तो जनता को खुद गंदगी में क्यों उतरना पड़ रहा है? ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से इस लापरवाही का कड़ा संज्ञान लेने की मांग की है।

### राष्ट्रीय पुस्तक पठन दिवस मनाया



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित सिंबल ऑफ एक्सीलेंस लाइब्रेरी में राष्ट्रीय पुस्तक पठन दिवस मनाया गया लाइब्रेरी में बच्चों ने आज नई-नई पुस्तकों को लाकर पठन-पाठन का कार्य किया लाइब्रेरी के संचालक कृष्ण पाल ने बताया की आज राष्ट्रीय पुस्तक पठन दिवस है जिसमें विभिन्न प्रकार की पुस्तकों को रखा गया था बच्चों ने आज विषय से हटकर पुस्तक पढ़ने का कार्य किया जिससे पुस्तक पढ़ने का अधिक महत्व महसूस हुआ किसी ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जीवनी तो किसी ने क्रांतिकारी भगत सिंह किसी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की ऑटोबायोग्राफी वमचा युग गुलाम गीरी महाभारत तो किसी ने मोटू पतलू की कहानी और चाचा चौधरी और साबू वाली कॉमिक्स जैसी पुस्तकों को पढ़ने का कार्य किया। इस मौके पर इंतजार शहबाज आसिफ हसन सोहेल तालिब खान आशीष यादव अमन कुमार राठौर मोहम्मद कैफ विगेश सक्सेना फैजान खान रोहित कुमार ज्योति पाल साक्षी वर्मा निर्भय सिंह रेनू सिंह नेहा सिंह रुचि सिंह सहित दर्जनों बच्चों ने आज विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का गठन कर लोगों को पुस्तक पढ़ने के लिए जागरूक किया।

# सरकारी एंबुलेंस की टक्कर से बच्चा गंभीर घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** मन्दिर प्रसाद चढ़ाने जा रहा बालक सरकारी एंबुलेंस की टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे ग्राम जनयूरी निवासी पांच वर्षीय शिवांश अपनी बड़ी बहन के साथ पैदल मंदिर में प्रसाद चढ़ाने जा रहा था। निगोही रोड स्थित ग्राम जनयूरी के पास तेज रफ्तार सरकारी एंबुलेंस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे के पिता सोनू उसे सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि एंबुलेंस से बच्चे की टक्कर हुई है। मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# रोजा रेलवे जंक्शन पर घूमता मिला बिहार का मंदबुद्धि बच्चा

**स्टेशन मास्टर की सतर्कता से माता पिता पहुंचे, जीआरपी से बच्चे को किया परिजनों के हवाले**



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन के स्टेशन मास्टर अंकित शुक्ला की सतर्कता से ट्रेन में गलती से चढ़ा एक 15 वर्षीय मंदबुद्धि बच्चा सुरक्षित अपने परिवार से मिल सका। बिहार प्रांत के जिला लौरिया के पश्चिम चंपारण के गांव डुमरा क्षेत्र का रहने वाला इमरान पुत्र सलाउद्दीन 3 सितंबर को अचानक अपने घर से निकल गया और यह बालक गलती से ट्रेन में सवार हो गया था, जिसे शनिवार की शाम रोजा जंक्शन पर घूमते हुए रेलवे स्टेशन मास्टर अंकित शुक्ला देखा और उससे पूछताछ कर जीआरपी के सुपुर्द कर दिया। बाद में जीआरपी ने उसके परिवार का मोबाइल नंबर हासिल कर परिवार वालों को जानकारी दी। इमरान के मिल जाने की सूचना मिलते ही उसके पिता सलाउद्दीन, मां नसीमा बेगम व चाचा रजाउद्दीन तड़के सुबह रोजा जंक्शन पहुंचे और जीआरपी से सम्पर्क किया। इमरान को अपने सामने देख कर मां नसीमा बेगम की आंखों में खुशी के आंसू छलक आये, वही पिता सलाउद्दीन ने अपने बेटे को सीने से लगा लिया। बच्चे के माता पिता ने स्टेशन मास्टर अंकित शुक्ला व जीआरपी को धन्यवाद दिया। पूछताछ करने के बाद जीआरपी ने बच्चे को परिजनों को सौंप दिया।

## प्राइवेट बस ने बाइक सवार को मारी जोरदार टक्कर, बस डिवाइडर पर चढ़ी



**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** बस चालक ने बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। वही बस डिवाइडर पर चढ़ गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया है। थाना सिंधौली के गांव माकूलिया निवासी राकेश कुमार पुत्र लाल बहादुर उम्र लगभग 50 वर्ष पत्नी भाग्यश्री के साथ दवा लेने थाना क्षेत्र के गांव ऐंठापुर आए थे ऐंठापुर के पास बने कट पर जैसे ही राकेश ने अपनी बाइक गांव के अंदर जाने के लिए मोड़ी वैसे ही पीछे से तेज गति से आ रही बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि राकेश और भाग्यश्री उछलकर रोड पर दूर जा गिरे वहीं बस चालक तीव्र गति के कारण अपना नियंत्रण खो बैठा और बस डिवाइडर पर चढ़कर पलटते पलटते बची बस में सवार कमला देवी पत्नी श्यामलाल निवासी मोहल्ला पचासा तिलहर बस का शीशा टूटने के कारण रोड पर जा गिरी तथा गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पाकर थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घायलों को उपचार हेतु राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया है।

# बाढ़ की आहट पर प्रशासन हुआ सतर्क, कसारी गांव पहुंचकर एडीएम ने परखी तैयारियां

**अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश, राहत एवं बचाव की व्यवस्थाएं पहले से दुरुस्त रखने पर जोर**

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना के मद्देनजर शनिवार को एडीएम अरविंद कुमार ने ग्राम कसारी पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जाए और किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार रहे। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संभावित जलभराव वाले स्थानों तथा बाढ़ की स्थिति में प्रभावित होने वाले लोगों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाई जाए और नदी एवं जलस्तर की स्थिति पर लगातार नजर रखी जाए। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति सामने आने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचना देने के साथ ही राहत एवं बचाव कार्य शुरू करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। एडीएम अरविंद कुमार ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में सबसे महत्वपूर्ण लोगों की सुरक्षा है। इसलिए संभावित प्रभावित आबादी को चिन्हित कर पहले से कार्ययोजना तैयार रखी जाए। आवश्यकता पड़ने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। इसके साथ ही बाढ़ शरणालयों की व्यवस्था, पेयजल, भोजन, प्रकाश, शौचालय तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं को भी पहले से सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए राहत सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री समय से पहुंचाने के लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बचाव कार्य में इस्तेमाल होने वाले आवश्यक संसाधनों और व्यवस्थाओं की उपलब्धता पहले से सुनिश्चित कर ली जाए, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल उनका उपयोग किया जा सके। एडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। संवेदनशील गांवों में प्रशासनिक एवं विभागीय टीमों को सक्रिय रखा जाए और परिस्थितियों के अनुसार तत्काल निर्णय लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आपदा से पहले की गई तैयारियां ही संकट के समय नुकसान को कम करने में सबसे अधिक सहायक होती हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम मधुसूदन गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार सिंह, सिंचाई विभाग के जेई अनुज मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एडीएम को क्षेत्र में बाढ़ से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी दी और आवश्यक व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा करने का भरोसा दिलाया।

# आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में शिक्षक दिवस मनाया गया

**शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को किया सम्मानित**

**शाहजहांपुर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में आरएमएल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में एक समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि चेयरपर्सन वर्षा गोस्वामी व नगर पालिका परिषद पुवायां चेयरमैन संजय गुप्ता रहे। डा. आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, आरएमएल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, ट्यूलिप चिल्ड्रेन एकेडमी, स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय पुवायां एवं डा. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डा. नीरज कुमार, रजनीश कुमार, प्रो. डा. एस.साथिया प्रीति, शिवानी सिंह, डा. नरेश सक्सेना आदि उपस्थित रहे। ज्योतिषाचार्य पंडित पवन सारस्वत ने अपने विचार व्यक्त किए। डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर भी प्रकाश डाला गया एवं उनके द्वारा किए गये महत्वपूर्ण कार्यों से सबको अवगत कराया गया।क्वीज, भाषण प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य और शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देने वाले लगभग 136 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में डा.राजीव कुमार, अरविन्द कुमार, दिव्यांक अवस्थी, नीरज गंगवार, कृतिका सिंह, नरेंद्र कुमार, रीतू मिश्रा, अनन्या ओमर, रवि बाबू, वंशिता, डा. राजीव शुक्ला, रामबाबू, श्रेया, बादल, अनस हुसैन इदरीसी, दिव्या, कल्पना, जसकीरत कौर, ललिता प्रजापति, जिज्ञासा बाजपेयी, विपिन गुप्ता, ज्योतिषाचार्य पण्डित पवन सारस्वत, दिवाकर अवस्थी, अंशिका पटेल, शिवांगी मिश्रा, इन्द्रजीत वर्मा, ज्ञानेन्द्र सिंह, टिंकू सिंह, अजय शर्मा ज्योति सिंह, प्रेरणा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस: विवेकानंद महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम



**पुवायां, शाहजहांपुर।** स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय पुवायां में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. रानी त्रिपाठी, पूर्व प्राचार्य, आर्य महिला महाविद्यालय शाहजहांपुर तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव लोचन गुप्ता, महाविद्यालय प्रबंधन से राजीव गुप्ता एवं प्रबंधक डॉ. मोहित तनिगम मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि डॉ. रानी त्रिपाठी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके प्रेरणादायी विचारों से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन में अच्छे संस्कार, अनुशासन और गुरु के प्रति सम्मान को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि राजीव लोचन गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से गुरु-शिष्य संबंधों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत व कविताओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संतोष सिंह एवं शैलजा गुप्ता ने किया। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मोहित निगम ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं सहित समस्त महाविद्यालय परिवार की उपस्थिति रही।

## नोटिस प्रकरण में भवन स्वामियों ने एसडीए सचिव को सौंपा जवाब पत्र



**शाहजहांपुर।** महानगर क्षेत्र में बगैर मानचित्र, मानकों की अनदेखी कर बेसमेंट में प्रतिष्ठान मामले में नोटिस मामले में भवन स्वामियों ने अपने अपने जबाब एसडीए सचिव को सौंप दिए है। जिसका परीक्षण कर आगे का निर्णय लेने की बात एसडीए कर रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट/ शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण सचिव रजनीकांत ने बताया कि जिन पांच भवन स्वामियों को नोटिस जारी किया गया था, उनका परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद आगे का निर्णय लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि जो अन्य दो भवन सिविल लाइन एरिया में बंद किए गये थे, उनमे एक का मामला हाईकोर्ट चल रहा है, जबकि एक ने लिखकर दिया था कि वह सामान निकालना चाहता है।जिसके बाद सामान को प्रतिष्ठान से निकालवा दिया गया है और भवन अभी बंद ही रहेगा। बता दें कि कुछ दिन पहले शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के निर्देश एवं सचिव के मार्गदर्शन में नगर क्षेत्र में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत बेसमेंट के व्यावसायिक उपयोग तथा भवन निर्माण संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध कार्यवाही क्रम में प्राधिकरण टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर 5 प्रतिष्ठानोंस भवन स्वामियों के विरुद्ध नोटिस जारी किए गए हैं। जिसमें टी लॉजी, शहीद पार्क के पास,रॉयल पन्ना हॉल में बेसमेंट स्थित मैरिज हॉल, कृष्णा एक्स-रे, गोल्ड जिम के नीचे, रेमंड शोरूम, सत्यम होटल के निकट एवं अजंता स्वीट्स, प्रकाश टावर, सिविल लाइन्स का नाम शामिल था। अब नोटिस जबाब आया है , जिसका परीक्षण किया जा रहा है।

# हिंदू रक्षक दल ने प्रेमी जोड़े को पकड़ा

**लवजिहाद करार देते हुए किया प्रदर्शन**
**तिलहर पुलिस ने मामला सदर कोतवाली को सौंपा**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर प्रेमी जोड़े को पकड़ लव जिहाद करार देते हुए नारेबाजी करने की खबर मिलते ही पहुंची पुलिस ने जोड़े को कब्जे में लेकर कोतवाली पहुंचा दिया। पूछताछ में दोनों सदर थाना क्षेत्र के होने पर वहां की पुलिस को मामला रेफर कर दिया गया। हुआ यूं कि हाईवे पर नवीन मंडी स्थल गेट के सामने एक युवक के साथ युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में होने की भनक लगते ही हिंदू रक्षा दल के जिला अध्यक्ष नीरज वर्मा कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंचे और युवती प्रेमी जोड़े से जानकारी कर युवती के परिजनों को भी सूचना देकर मौके पर बुला लिया ! युवती के परिजनों का आरोप है कि बुधवार सुबह करीब नौ बजे दूसरे समुदाय का युवक उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया था। जिसकी थाना सदर में तहरीर भी दी गयी। आरोप है कि शनिवार तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। युवक संग युवती को पकड़ने द्वद्व दौरान भारी भीड़ लगने और लव जिहाद लेकर हिन्दू रक्षा दल के नारे बाजी की सूचना पर पीआरबी ने कोतवाली में सूचना दी! चूंकि मामला अलग समुदाय का था सो पुलिस हरकत में आ गयी! आनन फानन में सिविल में ही सिपाहियों की टीम ने मौके पर पहुंच कर प्रेमी जोड़े को कब्जे में ले लिया। कोतवाली में दोनों से पूछताछ में मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र का पाया गया। लेकिन हिन्दू रक्षा दल के कार्यकर्ता कोतवाली के सामने ही प्रदर्शन करने पर अमादा हो गए। बाद में उन्हें पूरे घटनाक्रम से अवगत कराकर शांत कराते हुए प्रेमी जोड़े को वहां की पुलिस को सौंप दिया गया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि सूचना पर पुलिस युवक और दूसरे समुदाय की युवती को मंडी समिति गेट से थाने लेकर आई थी। बाद में थाना सदर पुलिस को दोनों को सौंप दिया गया। युवती के चाचा और हिंदू रक्षा दल के कार्यकर्ताओं की ओर से लगाए गए गाली-गलौज और मारपीट के आरोपों की जांच की जा रही है।

# हिंदू युवा वाहिनी शाहजहांपुर की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



हिंदू युवा वाहिनी शाहजहांपुर की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष शांतनु वैष जी एवं जिला महासचिव शुभम मिश्रा जी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करते हुए संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रियता, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष बरेली प्रदीप शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने और समाजहित में निरंतर सक्रिय रहकर कार्य करने का आह्वान किया।

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वप्निल शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं में आपसी समन्वय, अनुशासन और सेवा भावना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि समाज की एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए सभी को मिलकर सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। बैठक में महानगर अध्यक्ष शांतनु वैष, जिला महासचिव शुभम मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत भारद्वाज, सूर्यांश ठाकुर, लोकेश शास्त्री, आदित्य पांडेय, शेखर राना, जितिन कुमार सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ एवं ग्राम स्तर तक मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ना, आपसी समन्वय बढ़ाना तथा समाजहित एवं राष्ट्रहित के कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाना रहा। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# आठ वर्षीय बच्ची की करंट लगने से मौत

- बिजली के खंभे की जांच में करंट नहीं मिला
- घटना को लेकर ग्रामीणों में अलग-अलग चर्चाएं

**समृद्धि न्यूज़, खुदागंज, शाहजहांपुर।**



थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम नवादा दरोबस्त के मजरा खेड़ा मझखेड़ा में शुक्रवार सुबह आठ वर्षीय बच्ची की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद हादसे की परिस्थितियों को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं सामने आ रही हैं। वहीं, बिजली विभाग की ओर से संबंधित खंभे की जांच किए जाने पर उसमें करंट नहीं मिलने की बात सामने आई है। ऐसे में घटना का वास्तविक कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। ग्राम निवासी अजयवीर सिंह पुत्र झंडू सिंह की आठ वर्षीय पुत्री राधिका शुक्रवार सुबह करीब सात बजे घर से दुकान की ओर जा रही थी। इसी दौरान उसके करंट की चपेट में आने की सूचना मिली। हादसे के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन बच्ची की मौत हो चुकी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। अजयवीर सिंह ने दोपहर करीब 12:35 बजे थाना खुदागंज पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना पर उपनिरीक्षक बालकराम, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, कांस्टेबल विकास गौतम, महिला कांस्टेबल वैशाली तथा होमगार्ड कृपाल सिंह मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की।

**खंभे की जांच में नहीं मिला करंट:** घटना के बाद बिजली विभाग की टीम ने संबंधित विद्युत खंभे की जांच की। विभागीय जांच में खंभे में करंट नहीं मिलने की जानकारी सामने आई। हालांकि, इससे घटना का कारण पूरी तरह स्पष्ट नहीं होता। करंट किस स्थान पर और किन परिस्थितियों में लगा, इसकी पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

**ग्रामीणों की चर्चाओं की भी होगी पड़ताल:** घटना के बाद कुछ ग्रामीणों के बीच बच्ची को घर में करंट लगने की चर्चा होने की बात सामने आई है। इस संबंध में कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग का भी हवाला दिया जा रहा है, लेकिन इनकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। इसलिए इन चर्चाओं को फिलहाल जांच का विषय ही माना जा रहा है। घटनास्थल पर शाहजहांपुर से पहुंची फील्ड यूनिट ने भी निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है। घटना का वास्तविक कारण क्या था और बच्ची को करंट किस स्थान पर लगा, इसका स्पष्ट पता पुलिस जांच एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर ही चल सकेगा।

# रोजा पुलिस ने दो बाइकों के साथ दो वाहन चोर पकड़े

- थाना रोजा पुलिस टीम, सर्विलांस व एसओजी टीम को मिली कामयाबी

**समृद्धि न्यूज़, रोजा, शाहजहांपुर।**



थाना रोजा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई। पुलिस टीम ने दो शातिर दो वाहन चोरों को दो चोरी की बाइकों के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि बाबी सिंह पुत्र मनोज सिंह निवासी ग्राम खझौआ कला थाना रोजा द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि 31 अगस्त को मेरी मोटर साइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये है। इसके सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोर की तलाश की जा रही थी। रविवार को थाना रोजा पुलिस टीम, सर्विलांस व एसओजी टीम को सूचना मिली कि दो वाहन चोर चोरी की बाइक बेचने जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम निवाजपुर स्थित खाली पड़े रेलवे मैदान पहुंचे। पुलिस टीम ने पाकड़ के पेड़ के नीचे खड़े संदीप पाल पुत्र लटूरी व सूरज पुत्र उमेश सिंह निवासी आईटीआई कालोनी थाना रोजा को चोरी की बाइकों के साथ पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि इसमें एक बाईक चोरी का मामला थाना रामचन्द्र मिशन में भी दर्ज है। थानाध्यक्ष ने बताया कि संदीप के ऊपर चार व सूरज के ऊपर तीन मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपियों के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## ससुराल में 22 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**परशुराम, शाहजहांपुर।** थाना परशुरामपुरी क्षेत्र के ग्राम कुम्हरुआ में रविवार को एक 22 वर्षीय विवाहिता ने कथित रूप से ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान छाया पत्नी धर्मबीर, निवासी ग्राम कुम्हरुआ, थाना परशुरामपुरी के रूप में हुई है। उसकी शादी करीब 15 माह पूर्व धर्मबीर पुत्र अशोक के साथ हुई थी। रविवार को पति से मनमुटाव के बाद छाया ने कथित रूप से दुपट्टे से फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल सीएचसी नगरिया पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी से मेमो के माध्यम से सूचना मिलने पर थाना परशुरामपुरी पुलिस तत्काल अस्पताल पहुंची। पुलिस ने मृतका के मायके पक्ष को सूचना दी। तहसीलदार राघवेश मणि त्रिपाठी को भी पंचायतनामा की कार्रवाई के लिए सूचित किया गया। मृतका के ताऊ बाबूराम पुत्र बृजराज, निवासी मोहल्ला अल्लापुर, कस्बा व थाना शाहाबाद, जनपद हरदोई की तहरीर पर पुलिस ने सूचना फौती दर्ज की। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की तथा आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। इसके बाद मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक, मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### बंद स्कूल खुलवाने को लेकर सपा का प्रदर्शन



**बंडा, शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बंद स्कूलों को पुनः खुलवाने को लेकर सपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। बंडा के गांव शिवपुरी खंजी मैं पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय मैं सपा नेता राजवीर सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता पहुंचे और बंद स्कूल खोले जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन किया सपा नेता राजवीर सिंह ने कहा कि शिक्षा केवल बच्चों के भविष्य का आधार ही नहीं बल्कि मजबूत समाज और सशक्त लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने कहा कि स्कूल बंद होना बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करता है सरकार को ठोस कदम उठाकर स्कूल खुलवाए जाने चाहिए। इस मौके पर गौरव शुक्ला, राहुल यादव, वीरेंद्र यादव, मोनू मिश्रा, अरुण राठौर, आकाश शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद है।

### मस्जिदों के इमामों व वॉलिंटियर्स को किया सम्मानित

**तिलहर – शाहजहांपुर।** ईद मिलादुन्नबी बारावफात के अवसर पर दरगाह हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां से निकाले गए जुलूस–ए–मोहम्मदी को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले नगर की विभिन्न मस्जिदों के इमामों एवं वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन सज्जादा नशीन दरगाह शाह शमसुद्दीन मियां, इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां के आवास पर किया गया। इस अवसर पर शहर काजी मोहम्मद अकरम एवं शहर इमाम मोहम्मद सुआलेह उर्फ शद् द न मियां ने जुलूस को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग करने वाले इमामों और वॉलिंटियर्स की सराहना करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। शहर काजी मोहम्मद अकरम सलीम ने कहा कि नगर में जुलूस–ए–मोहम्मदी को अमन, भाईचारे और अनुशासन के साथ सम्पन्न कराने में सभी मस्जिदों के इमामों, वॉलिंटियर्स तथा सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सभी के सामूहिक प्रयास से जुलूस शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ है इस मौके पर कारी अब्दुल नवी, हाफ़िज़ अदीब, हाफ़िज़ फ़हीम, कारी गुलाम अहमद रजा, मतलूब अली, नत्थू खान, अंजुम खान, वकार हुसैन, शारिक अली, आदि मौजूद रहे।

### युवक की गर्दन पर चाकू से वार, गम्भीर घायल, आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर – शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव ढकिया रघा में घर के बाहर खड़े युवक पर गांव के ही युवक ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। हमले में युवक की गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक़ गांव ढकिया रघा निवासी सुबोध सिंह अपने घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान गांव के ही रामू ने कथित तौर पर उन पर चाकू से हमला कर दिया। आरोपी ने सुबोध की गर्दन पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। चीख–पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को आता देख आरोपी कथित तौर पर जान से मारने की धमकी देते हुए हमलावर मौके से फरार हो गया। हमले में प्रयुक्त चाकू घटनास्थल पर ही छूट गया। घटना की सूचना बिरसिंहपुर पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चाकू बरामद कर लिया। घायल सुबोध को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार, उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रामू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई में जुटी है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर घटना से जुड़े सभी तथ्यों को सामने लाया जा रहा है।

### प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न



**लखीमपुर खीरी।** प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा की मासिक बैठक रविवार उपाध्यक्ष राकेश मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की आगामी गतिविधियों, नियमित बैठकों एवं नगर में संस्था के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अब संगठन की मासिक बैठक प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही नगर क्षेत्र में संस्था के विस्तार एवं संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के पूर्व पदाधिकारी स्व. राम कुमार शुक्ल के निधन पर सभी उपस्थित सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके योगदान को स्मरण किया। बैठक में महामंत्री कुमुदेश शंकर शुक्ल, कोषाध्यक्ष के.आर. पांडेय, शिशिर अवस्थी, नवीन पांडेय, राजेश शुक्ल, अभिषेक अवस्थी, प्रदीप मिश्रा, जगदीश शर्मा,राकेश कुमार मिश्रा एवं रमेश चंद्र शुक्ल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य संगठन को निरंतर सक्रिय रखते हुए समाजहित में प्रभावी भूमिका निभाना तथा संस्था के विस्तार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना रहा।

# नगर पंचायत की जमीन पर अवैध निर्माण पर चलेगा बुलडोजर

**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।**

- 22 कब्जेदारों को नोटिस कल ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रस्तावित

नगर पंचायत कांट प्रशासन ने नगर पंचायत की संपत्ति पर किए गए कथित अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी नूरजहां की ओर से 22 कब्जेदारों को दुकान/भवन गिराए जाने का नोटिस जारी किया गया है। नोटिस के मुताबिक आठ सितंबर 2026 को निकाय/प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत की ओर से जारी नोटिस में बताया गया है कि कांट टाउन एरिया के अंतर्गत गाटा संख्या 2474 बंजर भूमि के रूप में दर्ज है और उक्त भूमि नगर पंचायत कांट की संपत्ति है। आरोप है कि इस भूमि पर संबंधित लोगों द्वारा अनधिकृत रूप से दुकान और भवन आदि का निर्माण कर लिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि संबंधित कब्जेदारों को सुनवाई का अवसर दिया गया था और अनाधिकृत निर्माण स्वयं हटाने के लिए समुचित समय भी दिया गया। इसके बावजूद निर्धारित समयावधि बीत जाने के बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाया गया। अब नगर पंचायत प्रशासन ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की तिथि निर्धारित की है।

नोटिस में रईस खां शकील, इकरार, इस्लाम खां, रिजवान खां, रजी अहमद, शफी अहमद, इन्ने, मसूर खां, जुग्गन, इशाक अली, बबिता वर्मा, शाकिर अली, सवीदराज खां, कवि दराज खां तथा मुल्तान खां समेत अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। प्रशासन ने सभी संबंधित लोगों को निर्देशित किया है कि वे अपनी दुकानों, प्लाट से सामान हटा लें, ताकि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई के दौरान होने वाले हर्जे और खर्च की वसूली संबंधित कब्जेदारों से भू-राजस्व की भांति की जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन ने नोटिस की प्रतिलिपि जिलाधिकारी शाहजहांपुर तथा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, शाहजहांपुर को भी सूचनार्थ भेजी है। अब आठ सितंबर को प्रस्तावित कार्रवाई को लेकर संबंधित दुकानदारो में हलचल तेज हो गई है।

# ड्रग इंस्पेक्टर बबिता रानी की छापेमारी में बिना लाइसेंस घर मे चल रहे मेडिकल को पकड़ा



**लखीमपुर खीरी।** ड्रग इंस्पेक्टर बबिता रानी व थाना पढुआ पुलिस की संयुक्त छापेमारी में गांव दुलही में अवैध रूप से संचालित से घर पर चल रहे मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की गई।दीपक कुमार नाम व्यक्ति कर रहा था संचालन, घर में रखी हुई एलोपैथिक औषधियां का कोई वेद लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया एवं ना ही कोई खरीद बिल दिखाए गए दीपक कुमार मौके पर उपस्थित नहीं हुए उनकी माताजी निशा देवी की उपस्थिति में लगभग 40 हजार रूपये की औषधीय को सीज़ किया गया और उन्हें संदिग्ध मानते हुए पांच औषधीय के नमूने जांच एवं विश्लेषण हेतु लिए गए जिन्हें राजकीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश भेजा जा रहा है। नमूने की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियम अनुसार विवेचना की जाएगी एवं दीपक कुमार के विरुद्ध माननीय सक्षम न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया जाएगा। आगे भी बिना औषधि लाइसेंस प्राप्त किया अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर्स पर लगातार छापे मार कार्रवाई की जाएगी-ड्रग इंस्पेक्टर बबिता रानी।

# चार साल की बच्ची से दुष्कर्म का आरोप, अधेड़ हिरासत में

- खून से सनी हालत में घर पहुंची मासूम, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर



**लखीमपुरखीरी।** सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह चार साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म किए जाने का आरोप सामने आने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने करीब 50 वर्षीय एक व्यक्ति पर बच्ची को पैसे देने का लालच देकर अपने घर बुलाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद बच्ची खून से सनी हालत में घर पहुंची। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए ले गए। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव में में हुई घटना परिजनों के अनुसार, रविवार सुबह बच्ची घर के आसपास थी। इसी दौरान आरोपी ने उसे पैसे देने का लालच दिया और कथित तौर पर बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। कुछ समय बाद बच्ची किसी तरह अपने घर पहुंची। उसके कपड़ों पर खून लगा था और वह काफी घबराई हुई थी। परिजनों के मुताबिक, बच्ची ने घटना के संबंध में बताने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गई। इसके बाद परिजन आरोपी के घर पहुंचे और घटना के संबंध में पूछताछ की।

# सीएमओ ने किया चार पीएचसी का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

- भारत-नेपाल सीमा पर बने पोलियो बूथ पर भी पहुंचे सीएमओ

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेलों की जमीनी हकीकत परखने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने रविवार को चार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भारत-नेपाल सीमा पर बने पोलियो बूथ का जायजा लेने के साथ ही स्वास्थ्य मेलों में दी जा रही सेवाओं, साफ-सफाई और बाढ़ व बरसात से निपटने की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया के अधीक्षक डॉ. भरत सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने पीएचसी खजुरिया (मुख्यमंत्री आरोग्य मेला और भारत-नेपाल सीमा पर स्थित पोलियो बूथ), पीएचसी संपूर्णानगर, पीएचसी त्रिकोलिया और पीएचसी बिसेनपुरी का दौरा किया। सीएमओ ने स्वास्थ्य मेलों में आने वाले मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली और वहां मिलने वाली विभिन्न प्रकार की जांचों (जैसे सामान्य बीमारियो, खून और अन्य स्वास्थ्य जांचों) की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आरोग्य मेले का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचना चाहिए तथा सभी मरीजों को केंद्र पर ही उचित परामर्श और दवाइयां मिलनी चाहिए। बरसात के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सीएमओ ने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर साफ-सफाई व्यवस्था को पूरी तरह चौक-चौबंद रखने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने विशेष तौर पर जोर देकर कहा कि केंद्र के आसपास या परिसर के भीतर कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए। बाढ़ की संभावित स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी रखने और एहतियाती कदम उठाने के भी निर्देश दिए ताकि आपदा के समय भी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से संचालित हो सकें। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने भारत-नेपाल सीमा पर बनाए गए पोलियो बूथ का भी विशेष रूप से निरीक्षण किया। पोलियो के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पल्स पोलियो अभियान बच्चों को लाइलाज और विकलांग बनाने वाली गंभीर बीमारी पोलियो से सुरक्षा कवच प्रदान करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। सीमावर्ती क्षेत्रों में आवाजाही अधिक होने के कारण सीमा पर बने ये पोलियो बूथ देश को पोलियो मुक्त बनाए रखने और बाहर से आने वाले बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सीतापुर में आईजी का वार्षिक समीक्षा भ्रमण रेंज के पहले ई-मालखाने का शुभारंभ



**सीतापुर।** पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ परिक्षेत्र लखनऊ किरण एस. ने रविवार को जनपद सीतापुर का वार्षिक एवं समीक्षा भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन स्थित महर्षि दधीचि सभागार में जनपद के राजपत्रित अधिकारियों के साथ बैठक कर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं आगामी त्योहारों की सुरक्षा तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की। आईजी ने लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला अपराधों, गंभीर एवं अनसुलझे मामलों को प्राथमिकता से निस्तारित करने के साथ ही गुमशुदा बालिकाओं एवं महिलाओं की बरामदगी के लिए एक सप्ताह का विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी अभियोजन, गैंगस्टर एक्ट के तहत अवैध संपत्तियों की जब्ती तथा भू-माफिया एवं संगठित अपराध पर कठोर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने बीट पुलिसिंग को तकनीक से जोड़ते हुए सभी बीट आरक्षियों को दैनिक सूचनाएं यक्ष ऐप पर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही वांछित एवं वारंटियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी, ई-समन और ढ्ढ्रञ्जस्ह्र जैसे तकनीकी पोर्टल के प्रभावी उपयोग पर जोर दिया। फर्जी पहचान पत्रों पर सिम कार्ड जारी करने वाले गिरोहों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

रेंज के पहले डिजिटल मालखाने का शुभारंभः समीक्षा भ्रमण के दौरान आईजी ने थाना कोतवाली देहात पहुंचकर लखनऊ परिक्षेत्र के पहले डिजिटल मालखाने (ई-मालखाना) का फीता काटकर शुभारंभ किया। त्तक्रकोड आधारित इस व्यवस्था में मुकदमों से संबंधित जब्त माल पर त्तक्र कोड अंकित रहेगा। त्तक्रकोड स्कैन करते ही माल का विवरण, केस नंबर और वर्तमान स्थिति सामने आ सकेगी। इससे मालखाने के रखरखाव में पारदर्शिता आएगी और न्यायालय में साक्ष्य प्रस्तुत करने में भी सुविधा होगी।

# महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि का खैराबाद में स्वागत



**सीतापुर।** खैराबाद के शांतिनगर स्थित नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बेबी अभिषेक गुप्ता के आवास पर रविवार को पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि जी महाराज के आगमन पर श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने भव्य स्वागत किया। ढोल–नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पवर्षा कर महाराज जी का अभिनंदन किया। महामंडलेश्वर स्वामी यतींद्रानंद गिरि जी महाराज श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के वरिष्ठ महामंडलेश्वर एवं सनातन धर्म के प्रतिष्ठित संत हैं। उनके खैराबाद आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर अभिषेक गुप्ता ने महाराज जी को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पूज्य महाराज जी का उनके आवास पर पधारना उनके और परिवार के लिए सौभाग्य एवं गौरव का विषय है। संतों का सानिध्य जीवन में आध्यात्मिक प्रेरणा और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। स्वागत कार्यक्रम में महंत बजरंग मुनि महाराज, आरएसएस विभाग प्रचारक अभिषेक, आलोक बाजपेयी, अप्पू गुप्ता, दिलीप जोशी, सुनील मौर्य, बलराम पांडेय, राजेश मिश्रा, कुलदीप जायसवाल, मुस्कान वाल्मीकि, गौरव गुप्ता, गौरव अग्रवाल, राजू रस्तोगी, रामजी गुप्ता, संदीप गुप्ता, दीपू गुप्ता सहित सैकड़ों महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। महाराजजी के आगमन से शांतिनगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

## बारिश में ढहा कच्चा मकान, मलबे में दबकर गृहस्थी का सामान बर्बाद



**पीलीभीत।** जिले में लगातार जारी बरसात अब कच्चे मकानों के लिए आफत बनती जा रही है। शुक्रवार शाम गजरौला क्षेत्र के गांव भुड़िया इटौरिया में बारिश के बीच एक कच्चा मकान अचानक भरभरा कर जमीन पर आ गिरा। मकान गिरने की आवाज से आसपास के लोगों में अफरा–तफरी मच गई। संयोग से घटना के वक्त परिवार का कोई सदस्य मकान के भीतर मौजूद नहीं था। इसके चलते किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मकान के अचानक धराशायी होने से उसमें रखा घरेलू सामान मलबे के नीचे दब गया। काफी सामान क्षतिग्रस्त होने से परिवार को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। मकान गिरने के बाद पीड़ित परिवार के सामने रहने के साथ–साथ रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी गृहस्थी को दोबारा व्यवस्थित करने की चुनौती खड़ी हो गई है। पीड़ित सियाराम के मुताबिक लगातार हो रही बारिश के कारण मकान की हालत पहले ही कमजोर हो चुकी थी। शुक्रवार शाम अचानक दीवारों और छत ने जवाब दे दिया और पूरा कच्चा मकान देखते ही देखते ढह गया। बरसात के कारण परिवार पहले से ही इस मकान में रहने से बच रहा था, जिसके चलते हादसे के समय अंदर कोई मौजूद नहीं था और बड़ा हादसा होने से टल गया। मकान गिरने के बाद मलबा हटाने पर उसमें रखा घरेलू सामान खराब मिला। पीड़ित परिवार का कहना है कि सीमित संसाधनों के चलते नुकसान की भरपाई करना आसान नहीं है। उन्होंने प्रशासन से घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण कराकर क्षति का आकलन कराने और नियमानुसार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना की जानकारी राजस्व विभाग को दे दी गई है।

# हिंदू महासभा के जिला महामंत्री बने भूपेंद्र सिंह

- जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



अखिल भारत हिंदू महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव सिंह ने संगठनात्मक विस्तार करते हुए श्री भूपेंद्र सिंह को अखिल भारत हिंदू महासभा, पीलीभीत का जिला महामंत्री मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर संगठन से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। जारी किए गए संगठनात्मक नियुक्ति पत्र में प्रदेश अध्यक्ष की ओर से भूपेंद्र सिंह को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपते हुए अपेक्षा की गई है कि वह संगठन के संविधान एवं नियमों के अनुरूप कार्य करते हुए संगठन को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। साथ ही राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा महापुरुषों के विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया है। नवनियुक्त जिला महामंत्री भूपेंद्र सिंह ने जिम्मेदारी मिलने पर संगठन के प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन के दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को जिले में मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जाएगा। वहीं जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा ने भूपेंद्र सिंह के मनोनयन पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनके अनुभव और सक्रियता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भूपेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर संगठन की गतिविधियों को गति देंगे और संगठन को जिले में और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# योजनाओं की जानकारी से लेकर लाभ दिलने तक, गांवों में बढ़ेगी निगरानी

- ललौरीखेड़ा की बैठक में बाल संरक्षण को लेकर बनी रणनीति

**समृद्धि न्यूज़, पीलीभीत।**



सरकारी योजनाएं कागजों तक सीमित न रहें और उनका वास्तविक लाभ जरूरतमंद बच्चों व परिवारों तक पहुंचे, इसके लिए अब गांव स्तर पर जागरूकता और चिन्हांकन की प्रक्रिया को मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में ललौरीखेड़ा विकासखंड में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित हुई। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में बच्चों की सुरक्षा, संरक्षण और कल्याण से जुड़े कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे बच्चों की पहचान की जाए जिन्हें देखभाल, संरक्षण अथवा सरकारी सहायता की जरूरत है। इसके बाद उन्हें पात्रता के अनुसार संबंधित योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि किसी जरूरतमंद बच्चे को जानकारी के अभाव में सरकारी सहायता से वंचित न रहना पड़े। महिला कल्याण विभाग की संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक ने समिति की भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा कि बाल संरक्षण व्यवस्था का उद्देश्य केवल योजनाओं का प्रचार करना नहीं, बल्कि जरूरतमंद बच्चों तक सहायता की वास्तविक पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं और उनके लाभ लेने की प्रक्रिया के संबंध में भी जानकारी दी।

**गांवों में चौपाल लगाकर तलाशे जाएंगे पात्र लाभार्थी:** बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के लिए ग्राम चौपालों को प्रभावी माध्यम बनाने पर जोर दिया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए कि वे गांवों में चौपाल आयोजित कर परिवारों को बाल संरक्षण, बालिका कल्याण और महिला हित से जुड़ी योजनाओं के बारे में जानकारी दें।अधिकारियों ने कहा कि केवल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना पर्याप्त नहीं होगा। चौपालों के दौरान ऐसे परिवारों और बच्चों को भी चिन्हित किया जाए जो योजनाओं के पात्र हैं, लेकिन किसी कारणवश अभी तक उनका लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इस तरह विभागीय स्तर पर पात्रता की जानकारी जुटाकर लाभ दिलाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

## आर्थिक प्रगति पर सवाल क्यों?

दि भारत की अर्थव्यवस्था ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर्ज कर एक बार फिर अपनी मजबूती का संकेत दिया है। यह आंकड़ा ऐसे समय सामने आया है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अनेक चुनौतियों से गुजर रही है। स्वाभाविक रूप से इतनी तेज वृद्धि भारत के लिए उत्साहजनक है। लेकिन आंकड़े सामने आते ही उनकी विश्वसनीयता को लेकर सवाल भी उठने लगे। कुछ पूर्व नौकरशाहों और अर्थशास्त्रियों ने नई जीडीपी श्रृंखला और उसकी गणना पद्धति पर सवाल उठाए, जबकि सरकार और कई अर्थशास्त्रियों ने इन आपत्तियों को खारिज किया है।

मूल सवाल यह नहीं होना चाहिए कि सरकार के आंकड़ों की आलोचना क्यों की जा रही है। लोकतंत्र में आर्थिक आंकड़ों की समीक्षा और उनकी स्वतंत्र जांच जरूरी है। असली प्रश्न यह है कि क्या आंकड़ों पर सवाल उठाने के पीछे ठोस सांख्यिकीय आधार है या राजनीतिक धारणाएं आर्थिक विश्लेषण पर हावी हो रही हैं। जीडीपी के आकलन में समय-समय पर आधार वर्ष और आंकड़े जुटाने की पद्धति में बदलाव किया जाता है। अर्थव्यवस्था की संरचना लगातार बदलती रहती है। जिन क्षेत्रों का एक दशक पहले अर्थव्यवस्था में सीमित योगदान था, वे आज विकास के प्रमुख इंजन हो सकते हैं। इसलिए नई परिस्थितियों के अनुरूप जीडीपी गणना में बदलाव कोई असामान्य प्रक्रिया नहीं है।

नई जीडीपी श्रृंखला को लेकर उठे विवाद में यही बात सबसे महत्वपूर्ण है। अलग-अलग आधार वाली दो जीडीपी श्रृंखलाओं के आंकड़ों की सीधे तुलना करना अर्थशास्त्रीय दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता। नई श्रृंखला में आंकड़ों के स्रोत और गणना पद्धति में सुधार किया गया है। ऐसे में केवल इस आधार पर मौजूदा वृद्धि दर को संदिग्ध बताना उचित नहीं होगा कि पुराने तरीके से गणना करने पर तस्वीर अलग दिखाई देती है। जीडीपी के आंकड़े अर्थव्यवस्था की पूरी तस्वीर नहीं होते। इसलिए विकास की वास्तविक स्थिति समझने के लिए दूसरे संकेतकों को भी देखना चाहिए। सेवा क्षेत्र, विनिर्माण, निर्माण और घरेलू खपत में मजबूती आर्थिक गतिविधियों में तेजी की ओर संकेत करती है। वाहन बिक्री, कर संग्रह, बैंक ऋण में वृद्धि और निर्माण गतिविधियों जैसे संकेतक भी अर्थव्यवस्था की स्थिति का अलग-अलग कोण से आकलन करने में मदद करते हैं। यदि इन क्षेत्रों में लगातार मजबूती दिखाई देती है तो केवल जीडीपी के एक आंकड़े को लेकर संदेह खड़ा करना पर्याप्त नहीं हो सकता। हालांकि इन संकेतकों को भी सावधानी से पढ़ना जरूरी है। वाहन बिक्री में वृद्धि का अर्थ यह नहीं कि समाज के प्रत्येक वर्ग की आय उसी अनुपात में बढ़ रही है। इसी तरह जीडीपी वृद्धि का लाभ रोजगार, मजदूरी और ग्रामीण आय में किस हद तक पहुंच रहा है, यह अलग सवाल है। आर्थिक विकास की गुणवत्ता का आकलन इन्हीं व्यापक कसौटियों पर होना चाहिए।

भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियों के आकलन भी महत्वपूर्ण हैं। जापानी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा भारत की सॉवरेन रेटिंग को बीबीबी+ से बढ़ाकर ए- किया जाना सकारात्मक संकेत माना जा सकता है। इससे पहले एसएंडपी और फिच की ओर से भी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और नीतिगत स्थिरता को लेकर सकारात्मक टिप्पणियां सामने आई थीं। रेटिंग एजेंसियां किसी देश की अर्थव्यवस्था का मूल्यांकन केवल जीडीपी वृद्धि के आधार पर नहीं करतीं। राजकोषीय स्थिति, सरकारी कर्ज, आर्थिक नीतियां, वित्तीय क्षेत्र की मजबूती और भविष्य की विकास क्षमता जैसे अनेक कारक उनके आकलन का हिस्सा होते हैं। इसलिए रेटिंग में सुधार भारत की आर्थिक साख के लिहाज से महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाना चाहिए।

बेहतर सॉवरेन रेटिंग का महत्व वैश्विक निवेशकों के भरोसे से जुड़ा है। किसी देश की साख मजबूत होने पर सरकार और कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार से पूंजी जुटाने की लागत कम हो सकती है। विदेशी निवेश के लिए भी बेहतर माहौल बन सकता है। लेकिन केवल रेटिंग बढ़ने से विदेशी निवेश या रोजगार अपने आप नहीं बढ़ते। इसके लिए निवेश का सकारात्मक प्रवाह, कारोबारी माहौल, कुशल श्रम, बुनियादी ढांचा और नीतिगत निरंतरता भी जरूरी है। जीडीपी के आंकड़ों पर सवाल उठाना अपने आप में गलत नहीं है। आर्थिक आंकड़ों की स्वतंत्र समीक्षा स्वस्थ लोकतंत्र की पहचान है। सरकार के आंकड़ों की आलोचना करने वालों को तथ्य और पद्धति के आधार पर अपनी बात रखनी चाहिए। उसी तरह सरकार को भी आलोचनाओं का जवाब राजनीतिक आरोपों के बजाय पारदर्शी आंकड़ों और स्पष्ट पद्धति से देना चाहिए।

विपक्ष यदि वास्तविक वृद्धि दर कम होने का दावा करता है तो उसे अपने निष्कर्ष के पीछे इस्तेमाल की गई पद्धति स्पष्ट करनी चाहिए। दूसरी ओर, सरकार और उसके समर्थकों को भी आलोचना को केवल निराशावाद या राजनीतिक कुंठा बताकर खारिज करने से बचना चाहिए। भारत की अर्थव्यवस्था में निश्चित रूप से कई सकारात्मक संकेत हैं, लेकिन चुनौतियां भी कम नहीं हैं। रोजगार की पर्याप्तता, ग्रामीण मांग, असमानता, निजी निवेश और छोटे कारोबारों की स्थिति जैसे सवालों का समाधान अभी बाकी है। इसलिए 7.8 प्रतिशत की वृद्धि पर गर्व होना चाहिए, लेकिन आत्मसंतोष नहीं। आर्थिक आंकड़ों की विश्वसनीयता पर सवाल हो तो उनका उत्तर आंकड़ों से ही दिया जाना चाहिए। भारत की आर्थिक साख मजबूत हो रही है तो इस उपलब्धि को राजनीतिक विवाद में उलझाने के बजाय इसे और मजबूत करने की दिशा में काम होना चाहिए।

## दो टूक




# बेल्जियम के साथ मिलकर मोदी ने बनाया बड़ा गेम प्लान



नीरज कुमार दुबे

भारत और बेल्जियम के रिश्तों की सबसे चमकदार पहचान हीरे रहे हैं। एंटवर्प से मुंबई और सूरत तक फैला कारोबार दोनों देशों को जोड़ता रहा है। लेकिन अब यह रिश्ता सिर्फ चमकते हीरों तक सीमित नहीं रहने वाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की नई दिल्ली में हुई मुलाकात ने भारत-बेल्जियम संबंधों को रक्षा, सेमीकंडक्टर, हरित ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष, साइबर सुरक्षा और निवेश जैसे रणनीतिक क्षेत्रों तक विस्तार देने का स्पष्ट रोडमैप तैयार कर दिया है।

बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर की 2 से 4 सितंबर की भारत यात्रा और दोनों देशों के बीच हुए समझौते इस बात का संकेत हैं कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत यूरोप के साथ अपने संबंधों को नई सामरिक गहराई दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यही है कि भारत अब द्विपक्षीय संबंधों को अलग-अलग घटनाओं के रूप में नहीं, बल्कि व्यापार, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और वैश्विक राजनीति को जोड़कर एक व्यापक रणनीतिक ढांचे में आगे बढ़ा रहा है।

इतिहास की साझी विरासत, भविष्य की रणनीतिक साझेदारी हम आपको बता दें कि भारत-बेल्जियम संबंधों की जड़ें गहरी हैं। प्रथम विश्व युद्ध में फ्लैंडर्स के युद्धक्षेत्रों में 9,000 से अधिक भारतीय सैनिकों ने सर्वोच्च बलिदान दिया था। बेल्जियम स्वतंत्र भारत के साथ 1947 में राजनयिक संबंध स्थापित करने वाले शुरुआती यूरोपीय देशों में शामिल था। अब 2027 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ मनाएंगे। प्रधानमंत्री डी वेवर ने भारत यात्रा की शुरुआत राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देकर की। यह प्रतीकात्मक घटना उस रिश्ते की ओर इशारा करती है जिसकी बुनियाद लोकतंत्र, कानून के शासन, बहुलवाद और आपसी विश्वास पर टिकी है।

लेकिन इस बार इतिहास से अधिक महत्वपूर्ण भविष्य है। 15 जुलाई 2026 को ब्रुसेल्स में शुरू हुआ पहला भारत-बेल्जियम रणनीतिक संवाद अब दोनों देशों के संबंधों को नियमित और व्यापक संस्थागत आधार देगा। इसके तहत व्यापार और निवेश से लेकर हरित परिवर्तन, प्रौद्योगिकी, संपर्क, रक्षा और सुरक्षा तक सहयोग के लिए एक स्थायी मंच तैयार किया गया है।



भारत-ईयू समीकरण में बेल्जियम की बढ़ती अहमियत इस यात्रा का सबसे बड़ा वैश्विक महत्व भारत-यूरोपीय संघ संबंधों से जुड़ा है। जनवरी 2026 में भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता का सफल निष्कर्ष एक ऐतिहासिक घटनाक्रम माना जा रहा है। मोदी और डी वेवर ने इसके शीघ्र क्रियान्वयन पर जोर दिया है। भारत और यूरोपीय संघ दुनिया की दो बड़ी लोकतांत्रिक और आर्थिक शक्तियां हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं भू-राजनीतिक तनाव, युद्ध और आर्थिक प्रतिस्पर्धा से प्रभावित हैं, भारत-ईयू आर्थिक साझेदारी का विस्तार केवल व्यापारिक मामला नहीं है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को चीन-केंद्रित निर्भरता से बाहर निकालने और अधिक विविध तथा सुरक्षित व्यवस्था बनाने की रणनीति भी है।

बेल्जियम इस समीकरण में विशेष भूमिका निभा सकता है। एंटवर्प यूरोप के सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक और बंदरगाह केंद्रों में है। दूसरी ओर भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक विशाल बाजार और तेजी से उभरती आर्थिक शक्ति है। दोनों देशों का सहयोग यूरोप और भारत के बीच एक नए आर्थिक एवं लॉजिस्टिक गलियारे की नींव बन सकता है।

**पांच साल में व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य:-** दोनों प्रधानमंत्रियों ने अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इंडिया-बेल्जियम इन्वेस्टमेंट फास्ट-ट्रैक मैकेनिज्म शुरू किया गया है, जो निवेश संबंधी बाधाओं को दूर करने और कंपनियों को सहायता देने का काम करेगा। बेल्जियम की संप्रभु निवेश संस्था एसएफपीआईएम और भारत के नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड यानि एनआईआईएफ के बीच सहयोग से एक संभावित भारत-बेल्जियम आर्थिक और निवेश गलियारे की दिशा में भी काम होगा। सहयोग के नए क्षेत्रों की सूची बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें सेमीकंडक्टर, फार्मास्यूटिकल्स, जैव प्रौद्योगिकी, रसायन, रक्षा विनिर्माण, महत्वपूर्ण खनिजों की रिफाइनिंग और रिसाइक्लिंग, परमाणु ऊर्जा और उन्नत विनिर्माण शामिल हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कहा कि बेल्जियम की सेमीकंडक्टर विशेषज्ञता और भारत का विशाल औद्योगिक पैमाना एक-दूसरे के पूरक हैं। बेल्जियम के विश्वस्तरीय आईमेक संस्थान को भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम से जोड़ने की पहल भविष्य में तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

**रक्षा सहयोग : रिश्तों का सबसे बड़ा रणनीतिक बदलाव:** इसके अलावा, भारत-बेल्जियम संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में दिखाई देता है। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के बीच हस्ताक्षरित लेटर ऑफ इंटेंट नियमित सैन्य संवाद, स्टाफ वार्ता, प्रशिक्षण, अनुसंधान और रक्षा औद्योगिक साझेदारी का ढांचा तैयार करेगा। दोनों देश रक्षा सह-विकास और सह-उत्पादन की संभावनाएं तलाशेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्नत रक्षा उपकरणों, विशेष रूप से जोरावर टैंक जैसे क्षेत्रों में सहयोग का उल्लेख किया। साथ ही बेल्जियम का नई दिल्ली में रक्षा अताशे नियुक्त करना और भारत का ब्रुसेल्स में स्थायी रक्षा अताशे नियुक्त करने का फैसला रिश्तों की बदलती प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत है। बेल्जियम का युद्धपोत एलईओपोल्ड 1 नवंबर 2026 को भारत आएगा। यह मात्र नौसैनिक दौरा नहीं, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते सहयोग का संकेत है। इसके अलावा, भारत और बेल्जियम ने आतंकवाद के खिलाफ भी मजबूत साझा रुख अपनाया है। बेल्जियम ने पहलगाम में 2025 के आतंकी हमले की निंदा दोहराई और सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ एकजुटता दिखाई। दोनों देशों ने आतंकवाद, उसके सुरक्षित ठिकानों और वित्तपोषण के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

वहीं, सीबीआई और बेल्जियम की संघीय पुलिस के बीच समझौता संगठित अपराध और साइबर अपराध के खिलाफ सहयोग को नई ताकत देगा। सूचना साझा करने, भगोड़ों का पता लगाने और क्षमता निर्माण में यह समझौता महत्वपूर्ण होगा।

**ग्रीन हाइड्रोजन से समुद्री शक्ति तक:** साथ ही हरित ऊर्जा सहयोग भी इस यात्रा की बड़ी उपलब्धि है। नवीकरणीय ऊर्जा पर नए एमओयू के तहत ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण, अपतटीय पवन ऊर्जा, बायो-एनर्जी और पंप्ड स्टोरेज में सहयोग बढ़ेगा। ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन से लेकर परिवहन, भंडारण और अंतिम उपयोग तक पूरी वैल्यू चेन में साझेदारी की योजना बनाई गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में विकसित हो रहे विशाल ग्रीन अमोनिया प्रोजेक्ट का भी उल्लेख किया।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# विकसित भारत की राह में शिक्षकों की भूमिका

प्रह्लाद जोशी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, एक विकसित और ज्ञान-आधारित राष्ट्र बनने की भारत की यात्रा में शिक्षा को केंद्र में रखा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस दिशा में एक अहम कदम है। यह नीति शिक्षार्थी को शिक्षा के केंद्र में रखती है और उसके सर्वांगीण विकास, वैचारिक समझ, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, अनुभव आधारित शिक्षा और कौशल को महत्व देती है। साथ ही, यह भारतीय भाषाओं पर फिर से ध्यान केंद्रित करती है और विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स और अन्य नई तकनीकों जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए भी तैयार करती है। जानकारी प्राप्त करने और सीखने के लिए तकनीक बड़े पैमाने पर नए रास्ते खोल रही है। शिक्षक सीखने की इस प्रक्रिया को संदर्भ, दिशा और मानवीय जुड़ाव देते हैं। आधुनिक तकनीक से लैस क्लासरूम वास्तव में तब सार्थक होता है, जब शिक्षक विद्यार्थियों को सवाल पूछने, नई चीजें खोजने, समझने और जो सीखा है उसे लागू करने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षक नए-नए तरीके अपना रहे हैं, तकनीक को शामिल कर रहे हैं और विद्यार्थियों को उनकी रुचियों और क्षमताओं को खोजने में मदद कर रहे हैं, साथ ही वे शैक्षिक सुधार के दृष्टिकोण को दैनिक क्लासरूम के अनुभवों में बदल रहे हैं। ज्ञान का बदलता स्वरूप भी शिक्षक की भूमिका को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। आज विद्यार्थियों के पास जानकारी के बहुत सारे स्रोत उपलब्ध हैं। शिक्षक उन्हें विचारों को ध्यान से परखने, जानकारी और समझ के बीच फर्क करने, सार्थक सवाल पूछने और ज्ञान का जिम्मेदारी से उपयोग करने में मदद करते हैं।**

भारतीय परंपरा में, शिक्षा को हमेशा एक ऐसी यात्रा के रूप में देखा गया है, जो एक व्यक्ति को आकार देती है और समाज को समृद्ध बनाती है। ज्ञान व्यक्ति को दुनिया को समझने में मदद करता है, जबकि शिक्षक का मार्गदर्शन सीखने की प्रक्रिया को उद्देश्य, दिशा और अर्थ देता है। प्राचीन भारत के गुरुकुलों से लेकर आज के क्लासरूमों तक, शिक्षक और शिक्षार्थियों के बीच का रिश्ता इस यात्रा के केंद्र में रहा है। हमारी प्राचीन परंपरा में, शिक्षक को एक ऐसे मार्गदर्शक के रूप में सम्मान दिया जाता था, जो शिक्षार्थी को ज्ञान और बेहतर समझ की ओर ले जाता था। 'गुरु देवो भवरू' की भावना शिक्षक के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाती है, जिनकी भूमिका अनुशासन, चरित्र, मूल्यों और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने तक विस्तृत है। शिक्षा को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास की प्रक्रिया के रूप में देखा जाता था।

भारत की शिक्षा प्रणाली में गुरु-शिष्य परंपरा आज भी जीवित है। शिक्षक का योगदान केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं होता, बल्कि व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हैं, उनके गुणों को पहचानते हैं, उन्हें अपनी रुचियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उनमें आत्मविश्वास जगाने में मदद करते हैं। उनका मार्गदर्शन किसी व्यक्ति के जीवन पर स्थायी प्रभाव डाल सकता है और उन्हें एक सफल और जिम्मेदार इंसान बनने में मदद कर सकता है। भारत की शिक्षा की लंबी परंपरा में यह समृद्ध शैक्षिक विरासत दिखाई देती है।

तक्षशिला, विक्रमशिला और नालंदा जैसे हमारे प्राचीन शिक्षा केंद्रों ने भारत और विदेशों से विद्यार्थियों और विद्वानों को आकर्षित किया है। ये केंद्र गणित, खगोल विज्ञान, चिकित्सा, दर्शन, साहित्य, भाषाओं और जीव विज्ञान जैसे विषयों पर विद्वत्ता, चर्चा और विचारों के आदान-प्रदान के केंद्र बन गए। इस परंपरा के मूल में इस बात की गहरी समझ थी, कि मानव जीवन के लिए ज्ञान का क्या अर्थ है। संस्कृत का वाक्यांश 'ज्ञानं मनुजस्य तृतीयं नेत्रम्' ज्ञान को मनुष्य की तीसरी आंख के रूप में प्रस्तुत करता है। ज्ञान हमें तत्कालिकता से परे देखने, गहराई से समझने और सोच-समझकर फैसले लेने के योग्य बनाता है। इस प्रक्रिया में शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, वह शिक्षार्थी को जानकारी से समझ की ओर और समझ से विवेक की ओर ले जाता है। ये विचार ऐसे में और भी अहम हो जाते हैं, जब भारत 21वीं सदी के अवसरों के लिए अपनी शिक्षा व्यवस्था को तैयार कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, एक विकसित और ज्ञान-आधारित राष्ट्र बनने की भारत की यात्रा में शिक्षा को केंद्र में रखा गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 इस दिशा में एक अहम कदम है। यह नीति शिक्षार्थी को शिक्षा के केंद्र में रखती है और उसके सर्वांगीण विकास, वैचारिक समझ, आलोचनात्मक सोच, रचनात्मकता, अनुभव आधारित शिक्षा और कौशल को महत्व देती है। साथ ही, यह भारतीय भाषाओं पर फिर से ध्यान केंद्रित करती है और विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स और अन्य नई तकनीकों जैसे उभरते क्षेत्रों के लिए भी तैयार करती है। जानकारी प्राप्त करने और सीखने के लिए तकनीक बड़े पैमाने पर नए रास्ते खोल रही है। शिक्षक सीखने की इस प्रक्रिया को संदर्भ, दिशा और मानवीय जुड़ाव देते हैं। आधुनिक तकनीक से लैस क्लासरूम वास्तव में तब सार्थक होता है, जब शिक्षक विद्यार्थियों को सवाल पूछने, नई चीजें खोजने, समझने और जो सीखा है उसे लागू करने के लिए प्रेरित करते हैं।

शिक्षक नए-नए तरीके अपना रहे हैं, तकनीक को शामिल कर रहे हैं और विद्यार्थियों को उनकी रुचियों और क्षमताओं को खोजने में मदद कर रहे हैं, साथ ही वे शैक्षिक सुधार के दृष्टिकोण को दैनिक क्लासरूम के अनुभवों में बदल रहे हैं। ज्ञान का बदलता स्वरूप भी शिक्षक की भूमिका को और भी महत्वपूर्ण बनाता है। आज विद्यार्थियों के पास जानकारी के बहुत सारे स्रोत उपलब्ध हैं। शिक्षक उन्हें विचारों को ध्यान से परखने, जानकारी और समझ के बीच फर्क करने, सार्थक सवाल पूछने और ज्ञान का जिम्मेदारी से उपयोग करने में मदद करते हैं।

गुरुकुल से डिजिटल क्लासरूम तक की यात्रा, भारत की उस शानदार क्षमता को दिखाती है, जिसके जरिए वह नई संभावनाओं को अपनाते हुए अपनी सभ्यतागत समझ को आगे लेकर जा रहा है। शिक्षा के साधन भले ही बदल जाएं, लेकिन ज्ञान की खोज और शिक्षक की मार्गदर्शक भूमिका हमारी शैक्षिक यात्रा में हमेशा से अहम बनी हुई है। आइए उस भारतीय परंपरा का जश्न मनाएं, जो ज्ञान को मानव जीवन के सबसे ऊंचे लक्ष्यों में से एक मानती है और उसे देने वालों का गहरा सम्मान करती है। इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएं और एक ऐसी शिक्षा व्यवस्था बनाएं, जो हर शिक्षार्थी को अपनी क्षमताओं को खोजने, समाज में योगदान देने और विकसित एवं ज्ञान-समृद्ध भविष्य की ओर भारत की यात्रा में आत्मविश्वास के साथ भाग लेने के लिए सक्षम बनाए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोरस

### नदियाँ और उनका रौद्र रूप


संजय एम तराणेकर

नदियां अपना रौद्र रूप धरती हैं,
तो सिर्फ़ घर नहीं बहते-
बह जाते हैं सपने भी,
किसी माँ की उम्मीद,
किसी पिता की प्रतीक्षा,
बच्चों की आँखों में पलता कल भी।

देखों नेपाल की घाटियों में
आज पानी से ज्यादा
उन आँखों में नमी है,
हर आँकड़ा अपने भीतर
एक पूरा परिवार लिए खड़ा है।

कहीं कोई अपनों को खोज रहा,
कहीं कोई लौट आने की राह तक रहा,
और कहीं राहत की नाव,
यहाँ उजड़ गए हैं गाँव,
इंसानियत का हाथ बढ़ा रही है।

भले आँकड़े बढ़ते जाएं,
इंसानियत के दर खुलते जाएं,
पर संवेदनाएँ छोटी न हो;
लापता हर इंसान के लिए
उम्मीद की लौ बुझी न हो।

जो मिल गए, उन्हें घर मिले,
जो बिछुड़ गए, उनका पता मिले,
हर बेबस चेहरे को सहारा,
लाशों को अंतिम सम्मान मिलें,
हर घायल मन को दुआ मिले।
(संदर्भ - नेपाल हादसा : मौतों के
बढ़ते आँकड़ों के बीच)

# सुजलाम्-सुफलाम् भारत का सपना कैसे होगा साकार?

प्रो. अरविंद कडबे

सुजलाम् सुफलाम् के रूप में गौरवान्वित भारत के सामने आज जल का गंभीर संकट खड़ा है। देश में हर वर्ष बड़ी मात्रा में वर्षा होती है। हिमालय से निकलने वाली नदियों को वर्षा के साथ-साथ गर्मियों में हिम पिघलने से भी पानी मिलता है। इसके बावजूद अनेक नदियाँ, नाले और छोटी जलधाराएं आज मौसमी हो गई हैं। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, अनेक जलस्रोत प्रदूषित हो चुके हैं और कृषि के सामने पानी की गंभीर चुनौती खड़ी है।

मूल समस्या केवल वर्षा की मात्रा की नहीं है; समस्या है वर्षा के पानी का जमीन में समाना, उसका संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और नदी के प्राकृतिक प्रवाह को बनाए रखना। भारत में लंबे समय तक पारंपरिक, प्राकृतिक और स्थानीय संसाधनों पर आधारित कृषि की जाती रही। स्थानीय जलवायु, मिट्टी और पानी की उपलब्धता के अनुसार विभिन्न फसलों की खेती होती थी। कृषि और पशुधन एक-दूसरे के पूरक थे।

स्वतंत्रता के बाद औद्योगिकीकरण के साथ कृषि उत्पादन बढ़ाने की आवश्यकता महसूस हुई। हरित क्रांति के दौर में रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों और सिंचाई का बड़े पैमाने पर उपयोग शुरू हुआ। पंजाब, हरियाणा और देश के अन्य क्षेत्रों में इस कृषि मॉडल से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। हालाँकि, समय के साथ इस कृषि मॉडल के कुछ दुष्प्रभावों पर भी गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता महसूस हुई। रासायनिक कृषि के साथ बढ़ी सिंचाई की आवश्यकता, भूजल का अत्यधिक दोहन, मिट्टी में जैविक कार्बन एवं जैव विविधता का ह्रास तथा रासायनिक प्रदूषण ने पर्यावरण पर प्रभाव डाला है। कृषि के लिए पानी की आवश्यकता बढ़ने के कारण कुओं, बोरवेल, नहरों और बाँधों पर निर्भरता भी बढ़ती गई। जिन क्षेत्रों में नहर का पानी नहीं पहुँच सका, वहाँ भूजल आधारित सिंचाई का विस्तार हुआ। परिणामस्वरूप अनेक क्षेत्रों में भूजल स्तर लगातार नीचे चला गया। वर्षा का पानी सीधे बह जाने के बजाय बड़ी मात्रा में जमीन में समाना प्राकृतिक जलचक्र की अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। स्वस्थ, जैविक पदार्थों से समृद्ध और जैविक रूप से सक्रिय मिट्टी वर्षा के पानी को अधिक प्रभावी ढंग से सोख सकती है। मिट्टी में मौजूद केंचुए, सूक्ष्मजीव, जैविक पदार्थ और मिट्टी की संरचना पानी के रिसाव और भूजल पुनर्भरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जब वर्षा का पानी जमीन में समाता है, तो भूजल भंडार का पुनर्भरण होता है। इसी भूजल का कुछ भाग प्राकृतिक झरनों, नालों और नदी के प्रवाह के रूप में सतह पर आता है। इससे नदी केवल वर्षा ऋतु में बहने वाली जलधारा न रहकर वर्षभर प्रवाहित रहने में सक्षम हो सकती है। इसके विपरीत, यदि मिट्टी का क्षरण बढ़े, उसकी जलधारण क्षमता कम हो और वर्षा का पानी तेजी से बह जाए, तो एक ओर बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है और दूसरी ओर गर्मियों में जलस्रोत सूख सकते हैं। इसलिए यदि नदी को बचाना है तो नदी के उद्गम से लेकर उसके पूरे जलग्रहण क्षेत्र की कृषि भूमि तक संपूर्ण जलचक्र को समझना और उसका संरक्षण करना आवश्यक है।

**भूजल : जमीन के नीचे का अदृश्य जलाशय:** भूजल भारत की जल सुरक्षा का अत्यंत महत्वपूर्ण आधार है। लेकिन अनेक क्षेत्रों में कुओं और बोरवेल के माध्यम से भूजल का दोहन प्राकृतिक पुनर्भरण की क्षमता से अधिक हो गया है।

कृषि, उद्योग और बढ़ती शहरी आबादी के कारण पानी की माँग लगातार बढ़ रही है। इसके साथ वर्षा के बदलते स्वरूप, बढ़ते तापमान, जल प्रदूषण और जल प्रबंधन की कमियों ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। केवल नए बोरवेल खोदकर इस संकट का समाधान नहीं किया जा सकता। जितना पानी हम जमीन से निकालते हैं, उसके अनुपात में पर्याप्त पानी वापस जमीन में पहुँचाना भी आवश्यक है।

**बाँध, नहरें और शहरों की बढ़ती पानी की आवश्यकता:** पिछले कई दशकों में सिंचाई के लिए देश में बड़े पैमाने पर बाँध और नहरें बनाई गई हैं। इन जल संरचनाओं ने कृषि, उद्योग और शहरों को पानी उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन आज परिस्थितियाँ बदल गई हैं। बढ़ती जनसंख्या, शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण अनेक जलाशयों पर कई प्रकार की जल आवश्यकताओं का दबाव बढ़ गया है। शहरों को पेयजल, उद्योगों को पानी और किसानों को सिंचाई—इन सभी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए जल संसाधनों पर भारी दबाव पड़ रहा है। इसलिए केवल बड़े बाँध बनाना जल संकट का अंतिम समाधान नहीं हो सकता। बड़े जलाशयों के साथ-साथ छोटे जलसंधारण कार्य, खेतों में पानी रोकना, भूजल पुनर्भरण और स्थानीय जलग्रहण क्षेत्र का प्रबंधन भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

जब नदी प्रदूषित होती है तो हम अक्सर सरकार की ओर देखते हैं। सरकार की जिम्मेदारी निश्चित रूप से है; लेकिन नागरिक के रूप में हमारी भी जिम्मेदारी है। घरेलू सीवेज, प्लास्टिक, ठोस कचरा, औद्योगिक अपशिष्ट, रासायनिक प्रदूषक और नदी क्षेत्रों में होने वाला अतिक्रमण- इन सभी का संयुक्त प्रभाव नदी पर पड़ता है। भारत की आबादी बहुत बड़ी है। इसलिए प्रत्येक नागरिक की गतिविधि का सामूहिक प्रभाव भी बहुत बड़ा होता है।

नदी को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं है; नदी तक पहुँचने वाले



प्रदूषण को रोकना समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। शहरी क्षेत्रों का सीवेज एक बड़ी समस्या है, लेकिन उचित तकनीक और प्रबंधन के माध्यम से इसे संसाधन में बदला जा सकता है। बड़े आवासीय परिसरों में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट प्रभावी रूप से चलाना, उपचारित पानी का बागवानी, फ्लशिंग, औद्योगिक उपयोग अथवा अन्य उपयुक्त कार्यों में पुनः उपयोग करना आवश्यक है।

इसी प्रकार महानगरपालिका, नगरपालिका और नगर परिषदों को सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बिना उपचारित सीवेज नदी या नाले में न जाए।

**कृषि को नए दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता:** भारतीय कृषि आज पानी, उत्पादन लागत, बाजार मूल्य, मिट्टी की घटती उर्वरता, जलवायु परिवर्तन और छोटे किसानों की समस्याओं जैसी अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है। भारत में बड़ी संख्या में किसान छोटे और सीमांत भू-स्वामी हैं। इसलिए प्रत्येक किसान के लिए बड़े पैमाने पर कुआँ, खेत-तालाब या सिंचाई व्यवस्था बनाना संभव नहीं है। सरकार को जल संरक्षण, सूक्ष्म सिंचाई, मिट्टी में जैविक पदार्थ बढ़ाने, मृदा संरक्षण और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप फसल नियोजन को प्रोत्साहित करना चाहिए।

यदि जैविक या प्राकृतिक कृषि की ओर संक्रमण करना है, तो केवल किसानों को सलाह देने से काम नहीं चलेगा। उन्हें प्रशिक्षण, बाजार, संक्रमण काल के लिए आर्थिक सहायता, स्थानीय जैविक संसाधन और उचित तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराना होगा।

**स्वतंत्र 'किसान बजट' की आवश्यकता:** भारत की खाद्य सुरक्षा किसान पर निर्भर है। इसलिए किसान की आय, उत्पादन लागत और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण—इन तीनों को एक साथ ध्यान में रखना आवश्यक है। कृषि उपज को उचित मूल्य मिलना, उत्पादन लागत कम करना, पानी और बिजली का कुशल उपयोग, भंडारण एवं प्रसंस्करण उद्योग बढ़ाना और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना—इन विषयों पर नीतिगत प्राथमिकता आवश्यक है। किसान सशक्त होगा तो वह केवल अपने जीवन स्तर को ही बेहतर नहीं करेगा, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

**गाँवों की ओर फिर से लौटने का समय:** भारत का विकास केवल महानगरों के विस्तार पर आधारित नहीं होना चाहिए। शहरों की ओर बढ़ता पलायन, बढ़ती आबादी, यातायात, पानी, कचरा और रोजगार की समस्याओं को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाना आवश्यक है। गाँवों में कृषि, पशुपालन, खाद्य प्रसंस्करण, लघु उद्योग, जैविक उत्पाद और स्थानीय रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएँ तो शहरों की ओर होने वाला अनावश्यक पलायन कम किया जा सकता है। गाँव बचेंगे तो खेती बचेगी; खेती बचेगी तो खाद्य सुरक्षा बचेगी; और जलस्रोत बचेंगे तो गाँव बचेंगे।

**'बायोसैनिटाइज़र' और जैविक तकनीक की अवधारणा:** नदी, सीवेज और कृषि के बीच जैविक संबंध को पुनर्स्थापित करने के लिए जैविक तकनीक के उपयोग की अवधारणा सामने आ रही है। सीवेज ट्रीटमेंट को अधिक प्रभावी बनाना, उपचारित पानी का पुनः उपयोग बढ़ाना और नदियों में जाने वाले प्रदूषकों की मात्रा कम करना—इन उद्देश्यों के लिए ऐसी तकनीकों का वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन किया जा सकता है। हालाँकि, किसी भी तकनीक को अपनाने से पहले उसकी वैज्ञानिक जाँच, पर्यावरणीय प्रभाव, सुरक्षा, प्रभावशीलता और लागत-प्रभावशीलता का स्वतंत्र मूल्यांकन अत्यंत आवश्यक है। नदी पुनर्जीवन के लिए किसी एक तकनीक पर निर्भर रहने के बजाय जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन, सीवेज ट्रीटमेंट, जल पुनः उपयोग, मृदा संरक्षण और जैव विविधता संरक्षण को एकीकृत रूप से लागू करना आवश्यक है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### लकड़ी चोरी का उलाहना देने पर होटल संचालिका व बेटी से मारपीट

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के शिवनी गांव निवासी शिवानी पुत्री अशोक ने पड़ोसियों पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। शिवानी ने बताया कि वह अपनी मां चम्पा के साथ गांव में समोसा आदि की दुकान चलाती है। भट्ठी जलाने के लिए दुकान पर लकड़ी रखी रहती है। आरोप है कि पड़ोसी रामकुमार, पुष्पेंद्र और शिवा आए दिन लकड़ी उठा ले जाते हैं। शनिवार शाम लकड़ी चोरी की शिकायत करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला और उसकी बेटी के साथ मारपीट की। थाना प्रभारी प्रिंस दीक्षित ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### बिसायत नाले में दिखा करीब दस फीट लंबा मगरमच्छ



**कुरारा।** थाना क्षेत्र की पतारा ग्राम पंचायत के मजरा हरेहटा में रविवार सुबह बिसायत नाले के पास मगरमच्छ दिखाई देने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के मुताबिक बरसात और बेतवा नदी का पानी नाले में भरने के कारण मगरमच्छ नाले से निकलकर जमीन पर आकर बैठ गया। लोगों की नजर पड़ते ही मौके पर भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी। ग्रामीणों का कहना है कि मगरमच्छ करीब दस फीट लंबा है। उन्होंने वन विभाग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर हटाए जाने की मांग की है।

### महा साधना महोत्सव में आल्हा गायकों व शिक्षकों का सम्मान

**कुरारा।** कस्बे में समाजसेवी शिवनारायण तिवारी के आवास पर आयोजित 17 दिवसीय महा साधना महोत्सव के पांचवें दिन विभिन्न कार्यक्रम हुए। तीन दिवसीय आल्हा गायन के समापन पर आल्हा गायकों को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया और विदाई दी गई। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही बुजुर्गों का भी सम्मान करते हुए उन्हें झोला भेंट किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आयोजक शिवनारायण तिवारी ने सभी अतिथियों और कलाकारों के प्रति आभार जताया।

### हमीरपुर में नशामुक्त समाज के लिए महाआरती

**हमीरपुर।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वावधान में पातालेश्वर महादेव मंदिर में जिलास्तरीय जनजागरण मासिक महाआरती आयोजित हुई। मां भगवती आदिशक्ति एवं योगीराज शक्तिपुत्र जी महाराज की आरती के बाद टीम प्रमुख दीपिका सिंह ने नशामुक्त समाज के लिए पांच घंटे के श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आह्वान किया। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम सिंह गौर ने नशा त्यागकर चरित्रवान जीवन अपनाने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष लालाराम यादव ने बताया कि 3-4 अक्टूबर को सुमेरपुर के बीआर पैलेस में 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ होगा। संचालन अनंतराम शिवहरे ने किया।

### सीसी मार्ग पर मवेशी बांधने का उलाहना देने पर पीटा

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत अतरैया के मजरा अतरैया डेरा में सीसी मार्ग में पालतू मवेशी बांधने का उलाहना देने पर पशुपालकों ने शिकायतकर्ता को गाली-गलौज करके जमकर पीटा पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। अतरैया डेरा निवासी गजराज ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गांव निवासी मुन्नीलाल, रामकुमार, रामबाबू, बारामासी, राजबहादुर, राजा भैया आदि सीसी मार्ग पर पालतू मवेशी बांध देते हैं। इससे स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है रविवार को जब वह उलाहना देने गया तब सभी ने मिलकर गाली गलौज करके उसे जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।

### गाली-गलौज के विरोध पर महिला से मारपीट, तीन पर मुकदमा

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के सरीला कस्बे में गाली-गलौज का विरोध करना एक महिला को भारी पड़ गया। आरोप है कि पड़ोसियों ने महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरीला निवासी फूलारानी पत्नी श्रीपत श्रीवास ने पुलिस को बताया कि चार सितंबर की शाम करीब साढ़े छह बजे वह घर के बाहर बैठी थीं। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला बलदेव उनके साथ गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर बलदेव की पत्नी सरोज और हरिसिंह की पत्नी शांति भी मौके पर पहुंच गईं। आरोप है कि तीनों ने मिलकर महिला के साथ लात-घूंसों और थप्पड़ों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष मनोज पाण्डेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### लकवे से पीड़ित महिला की मौत

**मुस्करा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़ी निवासी गीता (35) की शनिवार रात अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। गीता पिछले करीब छह माह से लकवे की बीमारी से पीड़ित थीं। दो दिन से बुखार आने के बाद उनकी हालत और बिगड़ गई। परिजनों के अनुसार शनिवार रात करीब 9:30 बजे गीता को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा लाया गया, जहां चिकित्सक संतोष राजपूत ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका के पति पप्पू ने बताया कि करीब 12 वर्ष पहले उन्होंने गीता से प्रेम विवाह किया था। गीता मूल रूप से ग्राम मझवा, जिला छतरपुर की रहने वाली थीं। दंपती के तीन बच्चे हैं, जिनमें अमित (15), सुमित (7) और बेटी खुशी (6) शामिल हैं। पप्पू ने बताया कि परिवार मजदूरी कर जीवनयापन करता था। पत्नी के बीमार होने के बाद इलाज में काफी धन खर्च हो गया। अब पत्नी की मौत के बाद तीन बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी उनके ऊपर आ गई है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मदद की गुहार लगाई है।

### नेत्र चिकित्सा शिविर में 52 मरीजों की जांच, 11 में मोतियाबिंद की पुष्टि

**सुमेरपुर।** कस्बे के ठड़ेश्वरी आश्रम परिसर में रविवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पहुंचे 52 मरीजों की नेत्र विशेषज्ञों ने गहन जांच की। जांच के दौरान 11 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई। जानकी कुंड अस्पताल, चित्रकूट से आए नेत्र विशेषज्ञ डॉ.आयुष मिश्र ने बताया कि शिविर में 25 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं, जबकि दृष्टिदोष से पीड़ित 10 मरीजों को मुफ्त चश्मे दिए गए। मोतियाबिंद से पीड़ित सभी 11 मरीजों को बेहतर उपचार और निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण के लिए विशेष वाहन से जानकी कुंड अस्पताल, चित्रकूट भेजा गया। शिविर में चिकित्सकीय टीम ने मरीजों को आंखों की नियमित जांच कराने और आंखों की देखभाल के प्रति जागरूक भी किया।

### तीसरी बार निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर सम्मान

**झांसी।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के चुनाव में लाखन सिंह चौहान के तीसरी बार निर्विरोध प्रदेश उपाध्यक्ष विजयी होने के उपलक्ष्य में रविवार को पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के हैड ऑफिस में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दयाराम राय,अखिलेश पस्तोर एड ने अपने साथियों के साथ माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया , साथ ही वृक्षारोपण हेतु फलदार पौधे भी भेंट किये ।

### सुने घर के ताले तोड़ लाखों के जेवरात ले गए चोर

**कुलपहाड़ (महोबा)** नगर के टोरियापुरा मोहाल में बीती रात्रि को सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जब सुबह पड़ोसियों ने ताला टूटा देखा तो उन्होंने महोबा में रह रही कौशल्या अनुरागी पुत्री शंकर अनुरागी को सूचना दी। कौशल्या ने बताया कि उसके पिताजी नहीं है, मां की तबीयत खराब रहने के कारण वह अपनी मां के साथ महोबा में रहकर पढ़ाई कर रही है। और कुलपहाड़ के घर में कोई नहीं रहता। चोरों ने शुक्रवार की रात्रि को धावा बोलकर बक्से में रखे जेवरात चोरी हो गए। कुलपहाड़ थाने में दी गई तहरीर में उसने बताया कि सोने की झुमकी, चेन, मंगलसूत्र, लॉकेट और चांदी की हाफ पेटी, बिछिया, पायल चोरी कर चले गए हैं। लगभग 5 लाख रुपए की चोरी से पीड़िता का बुरा हाल है। पुलिस ने जांच पड़ताल कर आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। उपनिरीक्षक योगेश रावत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद चोरी का अनावरण हेतु प्रयास किए जा रहे हैं।

### युवक का शव बागै नदी में मिला, हत्या की आशंका

**बांदा।** नरैनी कोतवाली क्षेत्र के नहरी गांव के मजरा लक्ष्मी बाजार निवासी बरकत अली (30) पुत्र जिलेदार शुक्रवार की देर शाम पड़ोसी के पुत्र के साथ उसकी बाइक लेकर घर से निकला था। पिता के मुताबिक पड़ोसी युवक को शंकर बाजार में उतारने के बाद लहुरेटा जाने की बात कह कर चला गया। देर रात उसके घर नहीं लौटने पर खोजबीन की गई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। शनिवार को सुबह बाइक मालिक ने करतल पुलिस चौकी को सूचना दी। रविवार की सुबह उसका शव बागै नदी के क्योटरा गांव के पास पानी में उतराता ग्रामीणों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पिता ने शव की शिनाख्त की। पिता ने हत्या की आशंका जताई। नरैनी कोतवाली प्रभारी भास्कर मिश्रा ने बताया कि नौगांव के पास क्योटरा गांव स्थित नदी में शव मिला है। शरीर और गर्दन में मारपीट के निशान है।

### ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**बांदा।** शहर के क्योटरा रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार की रात अज्ञात 35 वर्षीय युवक ने ट्रेन से कटकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। शव के शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा। लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# युवा रोजगार और व्यक्तिगत सफलता के साथ दायित्वों के प्रति भी रहें जागरूक: नन्द कुमार

**युवा व्यवसायी संवाद में राष्ट्र निर्माण और नागरिक कर्तव्य पर रहा जोर**




**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**

शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में युवा सम्मेलन समिति, झांसी महानगर की ओर से रविवार को 'युवा व्यवसायी संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल सभागार में शाम चार से छह बजे तक आयोजित कार्यक्रम में युवाओं से राष्ट्र निर्माण, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और परिवार प्रबोधन जैसे विषयों पर संवाद किया गया। बौद्धिक सत्र के बाद युवाओं ने विभिन्न विषयों से जुड़े 15 सवाल पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तार से जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया। अंत में राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच पर विभाग संघ चालक शिव कुमार भार्गव और महानगर संघ चालक सतीश शरण भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और वन्दे मातरम के साथ हुआ। मुख्य वक्ता संघ के वरिष्ठ प्रचारक एवं प्रज्ञा प्रवाह के राष्ट्रीय संयोजक जे. नंदकुमार रहे। उन्होंने युवाओं से संवाद करते हुए भारतीय संस्कृति में निहित उन विचारों और मूल्यों को विस्तार से समझाया, जो समाज और राष्ट्र के कल्याण का आधार माने जाते हैं। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' जैसे विचारों की व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय चिंतन केवल अपने कल्याण तक सीमित नहीं है, बल्कि संपूर्ण विश्व के सुख और शांति की कामना करता है। उन्होंने कहा कि हमें हिन्दू होने पर गर्व महसूस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र था, है और रहेगा।

## खिसनी कबड्डी प्रतियोगिता में फाउंडेशन टीम का दबदबा, खिताब पर किया कब्जा

**सेमीफाइनल में निवाड़ी को 26-20 और फाइनल में खिसनी को 10-4 से हराया**



**बरुआसागर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य पर खिसनी में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। हजारों दर्शकों की मौजूदगी में खेले गए मुकाबलों में फाउंडेशन टीम ने सेमीफाइनल में निवाड़ी को 26-20 से पराजित किया, जबकि फाइनल मुकाबले में मेजबान खिसनी को 10-4 से शिकस्त देकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। विजेता टीम के मोनू कुशवाहा, सागर, आकाश, नितिन, अनुज, विकास, कृष्णा, रोहन, अरुण, मयंक और जैद को मेडल, ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। टीम ने मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भी सफलता हासिल की। फाउंडेशन अध्यक्ष रिंकू परिहार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। उन्हें उचित प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराया जाए तो गांव के खिलाड़ी भी जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। फाउंडेशन ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

## बज़्मे तामीर समिति ने सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**



शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को बज़्मे तामीर सांस्कृतिक समिति ने सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में समाज निर्माण में शिक्षकों के योगदान को सराहते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों को शॉल, माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के.जी. अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि रामगोपाल गुप्ता व शैलेश त्रिपाठी रहे। अध्यक्षता शफीक मोहम्मद ने की। संस्थापक डॉ. जमील राठवी सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षकों के समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विचार व्यक्त किए। समारोह में ज़ीनत बानो, कैलाश चंद्र, सुधीर कुमार शर्मा, कुंज बिहारी और रणजीत सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। मंच संचालन मोहम्मद रिजवान ने किया। सचिव मोहम्मद अतीक ने अतिथियों एवं उपस्थित लोगों का आभार जताया। उपाध्यक्ष साजिद खान, कोषाध्यक्ष मुन्नू अंसारी समेत समिति के सदस्य और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## ससुरालीजनो ने विवाहिता को पीट किया जिंदा जलाने का प्रयास

**सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत पत्योरा के मजरा मलिहा ताला में रविवार सुबह ससुरारी जनों ने किसी बात से खफा होकर विवाहिता को जमकर पीटा और पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जलाने का प्रयास किया विवाहिता ने किसी तरह जान बचाई और थाने पहुंच कर ससुरालीजनो के खिलाफ तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। मलिहाताला निवासी रानी निषाद ने बताया कि वह सुबह घर पर थी तभी ससुर राम प्रकाश, देवर दिनेश निषाद, विनय निषाद, नंद रंजना निषाद आ धमके और गाली गलौज करते हुए जमकर मारा पीटा जैसे उसका सिर फट गया चारों ने उसके ऊपर पेट्रोल छिडककर जिंदा जलाने की कोशिश की किसी तरह से भागकर उसने जान बचाई।पीड़िता ने थानाध्यक्ष पवन पटेल को तहरीर देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज निशांत दुबे को सौंपी है। मामले की जांच कराई जा रही है।

## शिक्षक दिवस पर याद किये गये सर्वपल्ली राधाकृष्णन

**डॉ. सर्वपल्ली ने शिक्षक से राष्ट्रपति बनने की लम्बी यात्रा तय की: प्रो. अशोक**

**समृद्धि न्यूज़, गुरसराय (झांसी)**




डॉ. राम मनोहर लोहिया पी. जी. महिला महाविद्यालय के सभागार में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस समारोह एक शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया। महाविद्यालय की प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष प्रो. अशोक यादव ने डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। डॉ. धीरज दीक्षित, शारदा सिंह चौहान एवं गुलाब राय शर्मा ने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पिंकी सिंह ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली जी ने अपने ज्ञान से जो आलोक उन्होंने फैलाया था, वह आज भी पूरी दुनिया को आलोकित कर रहा है। बड़े से बड़े पद पर रहकर भी वे हमेशा विनम्र बने रहे। वे एक महान शिक्षक भी थे, और शिक्षक होने का उन्हें गर्व था। शिक्षक दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रो. अशोक यादव ने कहा की सर्वपल्ली राधाकृष्णन जीवनपर्यंत अपने कार्य के प्रति सजग रहे। उदारता, कर्त्तव्यपरायणता एवं ईमानदारी की साक्षात प्रतिमूर्ति थे जिन्होंने शिक्षक से लेकर राष्ट्रपति बनने की लंबी यात्रा तय की। इस मौके पर महाविद्यालय में कार्यरत सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का सम्मान किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय में प्राचार्य पद का सफल नेतृत्व करने पर डॉ. पिंकी सिंह को विशेष सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. धीरज दीक्षित, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. अजय गौर, नीलेश यादव, आर. पी. निरंजन, राम राजपूत, लल्लू यादव, शारदा सिंह चौहान, प्रीति अदजरिया, जय प्रताप सिंह, यादवेंद्र सिंह, पूजा सोनी, गुलाब राय शर्मा, रामलला यादव, अरविंद नामदेव, वृजेंद्र कुमार, दीपक कुमार एवं सैंकड़ो छात्राएं उपस्थित रहीं। संचालन वरिष्ठ लिपिक गुलाब राय शर्मा ने किया एवं उपप्राचार्य डॉ. धीरज दीक्षित ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## छात्राओं से छेड़खानी के आरोप में सहायक अध्यापक गिरफ्तार पॉक्सो एक्ट में भेजा जेल

**हमीरपुर।** बिवांर थाना पुलिस ने प्राथमिक विद्यालय में नाबालिग छात्राओं से छेड़खानी के आरोप में वांछित सहायक अध्यापक को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 115(2) और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस के अनुसार, एक सितंबर को पीड़िताओं के परिजन ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि सहायक अध्यापक पुष्पेन्द्र कुमार प्रजापति ने प्राथमिक विद्यालय में करीब 11 और नौ वर्ष की दो नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़खानी की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को बिवांर पुलिस ने आरोपी पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र कल्लू, निवासी ग्राम खंडेह, थाना मौदहा को ग्राम निवादा स्थित खिरवा तिराहे के पास टावर के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रोहित कुमार और कांस्टेबल अभिषेक कुमार शामिल रहे।

## बुन्देली कला संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए 76वां विशाल श्रीगणेश महोत्सव 11 से 26 सितम्बर तक

**विलुप्त हो रही कलाओं को किया जाएगा मंच प्रदान**

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**



गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी बुन्देली कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 76 वाँ विशाल श्रीगणेश महोत्सव 11 से 26 सितम्बर तक सजावट, भगवान श्रीगणेश के आठ रूपों की झांकी, स्कूली बच्चों के लिये चित्रकला, रंगोली, मेहंदी, कत्थक नृत्य, गायन प्रतियोगिताओं के साथ-2 मध्य भजन संध्या, बुन्देली ढाक, गोट प्रस्तुति, ख्याल सम्मेलन, अंतराष्ट्रीय कलाकार निशांत भदौरिया की राई, ढिरियाई, माता प्रसाद शाक्य द्वारा सुआटा, टेर, हरिविन्दर नीरज के भजन, राजस्थान की वीर नागौरी का मटकी नृत्य, खाटू श्याम भजन संध्या आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य संयोजक सीताराम कुशवाहा, समाजसेवी पीयूष रावत, डॉ संदीप सरावगी, संजय राष्ट्रवादी, भूपेंद्र वर्मा, ऋषि कुशवाहा, रविंद्र अग्रवाल, अतर सिंह, हर्षित कुशवाहा ने महानगर वासियों से कार्यक्रमों में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की।

## नगर पंचायत व राजस्व विभाग बरसात में गिरे मकानों का सर्वे किया तेज



**कुलपहाड़।** लगातार भारी बारिश के कारण कच्चे मकानो को काफी नुकसान पहुंचा है कुलपहाड़ नगर में ही एक सैकड़ा से अधिक मकान जमीदोज हो गए हैं जिनका सर्वे नगर पंचायत और राजस्व विभाग के द्वारा किया गया लगातार हो रही बारिश के कारण इस वर्ष कच्चे मकानों को अधिक नुकसान पहुंचा है कुलपहाड़ नगर के विभिन्न वार्डों में कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों को राहत दिलाने की लिए नगर पंचायत द्वारा डोर टू डोर सर्वे का कार्य कराया जा रहा है रविवार के दिन सेनापति वार्ड, गोविंद नगर, किशोरगंज, नेताजी वार्ड, राजा वार्ड एवं कटवारिया मोहल्ले में टूटे हुए कच्चे मकानों का सर्वे कराया गया सर्वे के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया लिपिक देवेंद्र लटोरिया सभासद सत्यवीर यादव प्रवीण सुल्लेरे, लेखपाल संदीप कुमार द्वारा सर्वे किया गया।

## डीएम ने युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल मैदान से जुड़ने की दी नसीहत

**खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण के बाद मिनी ओलंपिक का हुआ समापन**

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्टस स्टेडियम में पांच दिनों से चल रहे मिनी ओलंपिक का समापन हो गया। जिलाधिकारी ने विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पुरस्कृत किया। साथ ही युवाओं को नशे से दूर रहकर खेल के मैदानों से खुद को जोड़ने की नसीहत दी। जिला प्रशासन और खेल कार्यालय के तत्वावधान में स्पोर्टस स्टेडियम में आयोजित मिनी ओलंपिक के पहले चरण में विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया और अपने दमखम का लोहा मनवाया। समापन अवसर पर जिलाधिकारी अमित आसेरी ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने युवाओं को खेलों से जुड़कर नशे को जीवन से दूर करने की नसीहत दी। कहा कि स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है और खेलों के माध्यम से मन को प्रसन्न रखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर होते रहेंगे। मिनी ओलंपिक में कबड्डी, शूटिंग, शतरंज, वालीबाल, बैडमिंटन, ताइक्कांडो, रस्साकसी, सेपक टाकरा, स्कीपिंग आदि खेलों में प्रतिभागियों ने अपने दमखम का प्रदर्शन किया और मेडल पर कब्जा जमाया। कबड्डी के खिताबी मुकाबले में रोमांचक प्रदर्शन करते हुए जेएन योद्धा की टीम ने जेएन कालेज की टीम को 40-26 के बड़े अंतर से परास्त किया। रस्साकसी महिला और पुरुष वर्ग के मुकाबलों में भी खिलाड़ियों के दमखम दिखाया। समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आदर्श राय के नेतृत्व में विजेता वालीबाल सीनियर पुरुष वर्ग की टीम के खिलाड़ियों को जिलाधिकारी ने स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैडमिंटन पुरुष एकल ओपन वर्ग में अजफर को स्वर्ण तथा अर्श सईद को रजत, महिला ओपन एकल में गौरी को स्वर्ण तथा मांडवी को रजत और अंडर-15 बालिका एकल में अपूर्वा को स्वर्ण तथा गरिमा को रजत पदक प्रदान किया गया। बैंडमिंटन के युगल मुकाबले में कृष्णा सिंह गौतम व दीपक मिश्रा की जोड़ी विजेता बनी, जबकि अजफर व अर्श सईद की जोड़ी उप विजेता रही। ताइक्कांडो की अंडर-21 कैटेगरी में श्रेयांस को स्वर्ण, कबीर को रजत तथा आरएस अथान को कांस्य पदक दिया गया। शतरंज में शुभ सोनी को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

## संत रविदास का जीवन समानता, सद्भाव, सेवा और सामाजिक न्याय की प्रेरणा देता है: गौरीशंकर



**उरई(जालौन)।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के अवसर पर रविवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने संतो के दर्शन किए। इस संपर्क अभियान के तहत नगर स्थित विभिन्न मंदिरों में दर्शन-पूजन कर संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। सदर विधायक सबसे पहले राठ रोड स्थित संकटा मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने माँ संकटा की आरती की और पुजारी से आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने लक्ष्मी मन्दिर, झाँसी रोड स्थित प्रेमानंद सरस्वती जी पक्षी वाले नागा जी महाराज की समाधि स्थल, इस्कॉन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही मंदिरों के पुजारियों को श्रीफल भेंट कर व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा सभी से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि गुरु रविदास महाराज जी का जीवन केवल भक्ति का मार्ग नहीं, बल्कि समानता, सद्भाव, सेवा और सामाजिक न्याय की प्रेरणा है। उनके विचारों से प्रेरणा लेकर हम सभी को ऐसे समाज के निर्माण के लिए आगे बढ़ना है, जहां प्रेम और भाईचारा ही हमारी सबसे बड़ी पहचान हो। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद अहिरवार, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, मंडल महामंत्री भोलेन्द्र सिंह जादौन, गरिमा पाठक, संध्या चौहान, नामित सभासद शिवम् गुप्ता शिब्बू, उमेश तिवारी व मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## शिक्षक राष्ट्र के सच्चे निर्माता: बीके सुधा बहन

**समृद्धि न्यूज़, महोबा ।**




शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान समारोह और श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम ब्रह्माकुमारीज़ राठ रोड स्थित सद्भावना भवन महोबा में आयोजित किया गया।इस अवसर पर महोबा क्षेत्रीय संचालिका आदरणीय बीके सुधा बहनजी ने बताया कि एक शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य और उसके व्यक्तिव को बाल्यकाल से ही संवारता है। वह विद्यार्थियों को सिर्फ अक्षर ज्ञान ही नहीं अपितु उसके साथ उठना बैठना, बात करना, बड़ों का आदर करना, सच्चाई, ईमानदारी से चलना, परस्पर प्रेम और सद्भाव से रहना आदि हर लोक धर्म का ज्ञान देता है। वह उन्हें संघर्षो से लड़ना, जीतना और सही अर्थो में जीना सिखाता है।शिक्षकों से शिक्षा ले कर ही राजनेता, प्रशासक, वैज्ञानिक, न्यायविद अथवा चिकित्साविद आदि बनता है। अतः यह कहना सर्वथा उचित होगा कि शिक्षक ही सच्चा राष्ट्र निर्माता है। साथ ही शिक्षा में आध्यात्मिकता और नैतिकता के समावेश की आवश्यकता जताई और कहा कि इसके बिना शिक्षा अधूरी है। कार्यकम में महानपुर से प्रेम नारायण त्रिपाठी, एवं नंदराम सेन, चंदपुरा विद्यालय से प्राचार्य ज्योति प्रकाश तिवारी एवं बीएल ओ रेखा मिश्रा, महोबा के शिशु शिक्षा निकेतन के पूर्व प्राचार्य मानसिंह निराला, ग्राम करेड़ा काला के प्राचार्य राजीव सिंह, लाडपुर से उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य सुभाष तिवारी, रहलिया स्कूल से प्राचार्य निधि जेदका, रतौली के विद्यालय से जितेंद्र सिंह, शिशु शिक्षा निकेतन महोबा से श्रीमती ज्योति, ग्राम मवई , विद्यालय से धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी जी आदि शिक्षकगण उपस्थित हुए।

## संगठन को मजबूत करना उद्देश्य, किसी का समर्थन या विरोध करना नहीं: ब्रजकिशोर

**एक उत्सव गृह में अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन**

**समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।**



अखिल भारतीय दृढ़ोमर वैश्य समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन रविवार को कालपी रोड स्थित नवोदय सरोवर में हुआ। अधिवेशन में देश के विभिन्न अंचलों से पदाधिकारी, वरिष्ठजन, मातृशक्ति व युवा साथी शामिल हुए। अधिवेशन का शुभारंभ मार्गदर्शक मंडल, संरक्षक, राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता सहित मंचासीन अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में बताया गया कि वर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी का कार्यकाल 9 जुलाई को पूर्ण हो चुका है। 12 मार्च 2023 को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में बृजकिशोर गुप्ता का निर्वाचन और 9 जुलाई 2023 को शपथ ग्रहण हुआ था। इसी क्रम में आगामी चुनाव की घोषणा के उद्देश्य से यह अधिवेशन बुलाया गया है। वक्ताओं ने कहा कि इन सभी कार्यो का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन, पदाधिकारियों के सहयोग और समाज के प्रत्येक जागरूक सदस्य को जाता है। कार्यकारिणी की प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि कोविड काल से लंबित समाज के रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण वर्ष 2028 तक कराया गया। मुखपत्र मंदाकिनी पत्रिका का प्रकाशन पुनः प्रारंभ किया गया। निष्क्रिय पड़ी कई इकाइयों को दौरे कर संवाद स्थापित कर मुख्यधारा से जोड़ा गया। शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी छात्र सम्मान को राष्ट्र स्तर से अंचल स्तर पर आयोजित कर अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया और जरूरतमंद छात्रों को नकद सहायता दी गई।

# छात्र-छात्राओं को ओपीडी में जांच व प्राथमिकता दिलाने का अभियान शुरू

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

छात्र-छात्राओं को अस्पतालों की ओपीडी में जांच और चिकित्सकीय परामर्श के दौरान प्राथमिकता दिलाने के लिए 'सेव अर्थ बाई प्लांट' संस्था ने जिले में अभियान शुरू किया है। संस्था की इस पहल को चिकित्सकों और अस्पताल संचालकों का समर्थन मिल रहा है।

पंचायत सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में संस्था से जुड़े ओपी सिंह ने बताया कि छात्रों को ओपीडी में अधिक समय तक लाइन में न लगना पड़े, इसके लिए चिकित्सकों से सहयोग मांगा गया है। उन्होंने बताया कि कुछ चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं को फीस में छूट देने, जबकि कुछ ने निःशुल्क परामर्श उपलब्ध कराने की सहमति जताई है।



प्रेस वार्ता करते वरिष्ठ जन

ओपी सिंह ने कहा कि निजी अस्पतालों में व्यवस्था लागू होने के बाद सरकारी अस्पतालों में भी छात्रों के लिए प्राथमिकता सुविधा शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा। वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं और उनके स्वास्थ्य की जिम्मेदारी समाज की भी है। आईएमए से जुड़े कई चिकित्सकों ने छात्र पहचान पत्र के आधार पर सुविधा देने का आश्वासन दिया है।इस दौरान 'हर घर सहजन' अभियान के तहत सहजन के पौधे भी वितरित किए गए। संस्था ने जिले के पांच गांवों को 'सहजन गांव' बनाने का लक्ष्य रखा है। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति प्रकाश सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वरिष्ठ पत्रकार व चिकित्सक को नमन कर गोमती मित्रों ने किया श्रमदान

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।**

गोमती नदी के बढ़ते जलस्तर और सीताकुंड धाम परिसर में फैले कीचड़ व गंदगी को देखते हुए गोमती मित्र मंडल ने रविवार को विशेष स्वच्छता श्रमदान किया। सुबह छह बजे शुरू हुआ श्रमदान साढ़े नौ बजे तक चला। इस दौरान पूरे धाम परिसर और सीता उपवन की सफाई की गई तथा नदी का पानी सीता उपवन में प्रवेश करने की संभावना को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।



प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने कहा कि जलस्तर बढ़ा रहने तक गोमती मित्र धाम पर मौजूद रहकर श्रद्धालुओं को संभावित खतरे के प्रति जागरूक करें। श्रमदान के बाद वरिष्ठ पत्रकार स्व. सतीश पांडेय एवं वरिष्ठ चिकित्सक स्व. डॉ. के.सी. त्रिपाठी के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।कार्यक्रम में रुद्र प्रताप सिंह मदन, राजेंद्र शर्मा, रमेश माहेश्वरी, संत कुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू सहित अन्य गोमती मित्र मौजूद रहे।

## जिले के 46 पीएचसी पर लगा 269वां आरोग्य व स्वास्थ्य मेला

**समृद्धि न्यूज, सुलतानपुर।** जिले के सभी 46 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को 269वां आरोग्य एवं स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुल 1,709 लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेले में 753 पुरुष, 796 महिलाएं और 160 बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। आयोजन को सफल बनाने में जिले के 56 चिकित्सकों और 269 पैरामेडिकल स्टाफ ने योगदान दिया। इस दौरान पात्र लाभार्थियों के 16 आयुष्मान गोल्डन कार्ड और 15 आभा कार्ड बनाए गए।सर्वाइकल कैंसर से बचाव और रोकथाम के उद्देश्य से स्वास्थ्य मेले में 185 बालिकाओं को एचपीवी का टीका भी लगाया गया।

## सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

**समृद्धि न्यूज, भदैंया, सुलतानपुर।** लखनऊ-वाराणसी फोरलेन पर लोहरामऊ स्थित प्रधान ढाबे के पास एक सप्ताह पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की शनिवार देर रात लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। रविवार सुबह शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पिता के सामने पुत्र की अर्थी उठने से गांव में शोक का माहौल रहा। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गुपसाड़ गांव निवासी अजय सिंह (35) पुत्र हरिहर सिंह हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए थे। बताया गया कि फोरलेन पर सड़क पार कर रहे पैदल यात्री को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार समेत तीन लोग घायल हुए थे। गंभीर हालत में अजय को लखनऊ रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी, पुत्र बीर विक्रम सिंह (19) और पुत्री रजनी सिंह (21) छोड़ गए हैं।

# कारगिल शहीद राजेंद्र यादव की मनाई गई 27वीं पुण्यतिथि

**समृद्धि न्यूज, डलमऊ-रायबरेली।**

कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए डलमऊ क्षेत्र के वीर सपूत शहीद नायक राजेंद्र यादव की 27वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ब्लॉक परिसर डलमऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने शहीद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके शौर्य एवं बलिदान को याद किया। तहसील क्षेत्र के मतवाब्लीपुर गांव निवासी राजेंद्र यादव किसान परिवार में जन्मे थे। बचपन से ही उनके मन में देशसेवा का जज्बा था। राष्ट्रसेवा की भावना से प्रेरित होकर वह वर्ष 1984 में भारतीय सेना में भर्ती हुए और अपनी कर्तव्यनिष्ठा एवं वीरता के बल पर नायक के पद तक पहुंचे। वर्ष 1999 में पाकिस्तान के विरूद्ध हुए कारगिल युद्ध के दौरान देश की रक्षा करते हुए उन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता और देशभक्ति को क्षेत्रवासी आज भी गर्व के साथ याद करते हैं। शहीद की पत्नी ललिता देवी, दो बेटे अतुल व रजत तथा बेटी अनीता उनके बलिदान को गर्व के साथ याद करते हैं। इस अवसर पर राजेश चंद्रा, मनीष देवपाल, अधिवक्ता ओपी यादव, तहसीलदार यशवंत सिंह, बीडीओ रामखेलावन वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंकज रावत, देवराज यादव, हरिओम त्रिपाठी, नीरज यादव, सोनू यादव, राजेंद्र यादव, आलोक यादव, रजत यादव सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# श्रीकृष्ण की भव्य झांकियों के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**समृद्धि न्यूज, चांदा, सुलतानपुर।**

कस्बे में आयोजित दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव का शनिवार देर रात शांतिपूर्ण ढंग से समापन हो गया। महोत्सव के दूसरे दिन आकर्षक झांकियों के दर्शन के लिए आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित झांकियों का दर्शन कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

शनिवार रात करीब नौ बजे विधिवत पूजन-अर्चन के बाद पंडालों के पट दर्शनार्थ खोल दिए गए। विभिन्न पंडालों में स्वचालित प्रतिमाओं के माध्यम से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं और धार्मिक प्रसंगों का सजीव चित्रण किया गया।




उदय राज यादव की कृष्ण झांकी, मोहन साहू की रासलीला, शुभम साहू की भक्त मार्कंडेय, उमेश शर्मा की चंद्र झूला तथा रमेश सोनी की जगन्नाथ रथ यात्रा की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कस्बे में करीब दर्जन भर अन्य झांकियां भी सजाई गई थीं।

महोत्सव के दौरान विभिन्न स्थानों पर भंडारे आयोजित हुए। रंग-बिरंगी रोशनी और विद्युत झालरों से सजा कस्बा देर रात तक भक्ति और उत्सव के माहौल में डूबा रहा।

# जलप्रभावित गांवों का सांसद के.एल. शर्मा ने किया दौरा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज-रायबरेली।** विकासखंड क्षेत्र के जलप्रभावित गांवों लालगंज, भुजिहा, जियापुर समेत आसपास के गांवों का रविवार को अमेठी सांसद के.एल. शर्मा ने दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर जलभराव से उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों का हाल जाना। सांसद के.एल. शर्मा की मौजूदगी में रायबरेली सांसद राहुल गांधी की ओर से भेजी गई राशन किट का 125 जलप्रभावित परिवारों के बीच वितरण किया गया। राहत सामग्री मिलने पर प्रभावित ग्रामीणों ने राहत महसूस की। सांसद के.एल. शर्मा ने कहा कि जलभराव से प्रभावित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। जरूरतमंद परिवारों तक हरसंभव सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने संबंधित लोगों से प्रभावित गांवों की स्थिति की जानकारी भी ली और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, राष्ट्रीय कांग्रेस सचिव सुशील पासी, साहब शरण पासी, जिला पंचायत सदस्य अंजलि पासी, जिला महामंत्री अजीत सिंह, नौशाद खतीब, जिला सचिव कृपा शंकर शर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सच्चिदानंद त्रिपाठी, भरत मिश्रा, प्रिंशु वैश्य, नगर अध्यक्ष अंकुर जायसवाल, रामचंद्र सिंह, दया प्रसाद चौरसिया सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**125 परिवारों को बांटी राहत सामग्री**

## खबरें एक नजर में

### फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत

**लम्भुआ, सुलतानपुर।** लम्भुआ थाना क्षेत्र के नरसिंहपुर गांव में रविवार को फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से 58 वर्षीय महिला की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गांव निवासी कृष्णा यादव की पत्नी सूरसति यादव रविवार को घर में लगे फर्राटा पंखे के संपर्क में आ गईं। पंखे में करंट उतरने से वह उसकी चपेट में आ गईं और गंभीर रूप से झुलस गईं। परिजन उन्हें बचाने का प्रयास करते, इससे पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। हादसे के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि मृतका का बेटा अखिलेश यादव सेना में कार्यरत है। महिला की मौत से गांव में भी शोक का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक फिसलने से युवक गंभीर घायल, जिला अस्पताल रेफर

**चांदा, सुलतानपुर।** कस्बे में बाइक फिसलने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया। जौनपुर जिले के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के कुसहां बाजार निवासी संजय गौतम (40) बाइक से कहीं जा रहे थे। चांदा कस्बे में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के मुताबिक हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

### नीलांचल एक्सप्रेस की चपेट में आने से 55 वर्षीय महिला की मौत

**बछरावां–रायबरेली।** रायबरेली जिले के बछरावां कस्बे के लालगंज रोड रेलवे क्रॉसिंग पर एक दर्दनाक ट्रेन हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला नीलांचल एक्सप्रेस की चपेट में आ गई। मृतका की पहचान मीनाक्षी यादव के रूप में हुई है, जो उन्नाव जनपद के लोहरामऊ की रहने वाली बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे से पहले ट्रेन के गार्ड ने महिला को पटरी से हटने के लिए कहा था, लेकिन वह नहीं हटी। बताया जा रहा है कि गार्ड ने अपने मोबाइल से महिला की तस्वीर भी खींची थी। घटना की सूचना मिलते ही बछरावां पुलिस मौके पर पहुंचीऔर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइक सवार की टक्कर से तीन घायल

**बछरावा रायबरेली।** पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मारने के बाद तीनों लोग घायल हो गए, इसमें बाइक पर सवार दोनों लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बीते शनिवार की रात्रि 10 बजे के आसपास दुर्घटना घटी हुई जिसमें दो लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। लखनऊ प्रयागराज एनएच हाईवे पर शनिवार के रात एक अधेड़ को बाइक सवारी टक्कर मार दी इसमें तीन लोग गंभीर घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार हसनपुर गांव निवासी केशव चौधरी उम्र 56 वर्ष पुत्र दरबारी लाल अपने साथी संत कुमार उम्र 59 वर्ष पुत्र रामधन निवासी हलोर के साथ लखनऊ से बछरावां की ओर आ रहे थे। तभी सड़क पर पैदल चल रहे साहब दीन उम्र 55 वर्ष पुत्र मेडी लाल को बाइक की टक्कर लग गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

### नहर मे डूबने से किशोर की मौत

**रायबरेली।** रविवार को बसहा नाला पुल के पास नहाते समय डूबने से किशोर की मौत हो गई। पाहो गांव स्थित जनता इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं का छात्र था। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे। मामला खीरों क्षेत्र के नया खेड़ा मजरे धुराई गांव का है। गांव निवासी महेंद्र कुमार (16) पुत्र रामशंकर गौतम की मौत हुई है। मां प्रेमा ने बताया कि रविवार की छुट्टी होने के कारण महेंद्र सुबह करीब 9:30 बजे कपड़े धोने के बाद खेतों में जाने की बात कहकर घर से निकला था। वह गांव के ही बादल (09) के साथ बसहा नाला पुल के पास नहाने चला गया। उन्होंने बताया कि नहाते समय महेंद्र गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।

# बसपा ने जयसिंहपुर में फूंका चुनावी बिगुल

**मधुलता वर्मा प्रत्याशी घोषित**

**समृद्धि न्यूज, मोतिगरपुर, सुलतानपुर।**

जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में रविवार को बहुजन समाज पार्टी ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित कर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों का आगाज किया। पुरानी तहसील के सामने आयोजित सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। इस दौरान डॉ. मधुलता वर्मा को जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र से बसपा का प्रत्याशी घोषित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने भाजपा सरकार पर युवाओं, किसानों और महिलाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भर्ती निकलने, परीक्षा होने के बाद विभिन्न कारणों से परीक्षाएं या भर्तियां निरस्त होने से युवाओं में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने किसानों को खाद की बोरी का वजन कम किए जाने का आरोप लगाते हुए सरकार से सवाल किया। पाल ने सपा पर भी परिवारवाद का आरोप लगाया और कार्यकर्ताओं से गांव-गांव जाकर पार्टी की नीतियां पहुंचाने तथा बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने का आह्वान किया। पूर्व मंत्री ओपी सिंह ने बसपा शासनकाल में गांवों तक विकास योजनाओं की पहुंच का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन अयोध्या मंडल प्रभारी सुरेश कुमार गौतम ने किया। सम्मेलन में पूर्व एमएलसी दिनेश चंद्रा, जिलाध्यक्ष सर्वेन्द्र अंबेडकर, डॉ. एसएम वर्मा, रुद्रमणि वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# चन्द्र प्रकाश अध्यक्ष, वीरेंद्र बने महामंत्री

**समृद्धि न्यूज, कुड़वार सुल्तानपुर।** कस्बे में जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में रविवार को व्यापारियों की बैठक आयोजित कर कुड़वार व्यापार मंडल की नई कमेटी का गठन किया गया। बैठक में चन्द्र प्रकाश अग्रहरि को अध्यक्ष और वीरेंद्र कुमार जायसवाल को महामंत्री चुना गया। एक मैरेज लॉन में आयोजित बैठक में जिला अध्यक्ष विजय प्रताप सिंह एवं जिला वरिष्ठ महामंत्री इलियास खान की उपस्थिति में दर्जनों व्यापारियों ने भाग लिया। जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा, उनके अधिकारों की रक्षा तथा उत्पीड़न के मामलों में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। संगठन व्यापारियों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहता है।नई कमेटी में आशीष कुमार जायसवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। अजय कुमार यादव, आशीष कुमार अग्रहरि, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, रामसूरत मौर्य और सूरज बरनवाल को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं सुनील सिंह, राजू अग्रहरि, मूलचंद, विवेक अग्रहरि और सुरेंद्र जायसवाल को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई।नवनिर्वाचित अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अग्रहरि ने कहा कि संगठन व्यापारियों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ेगा। महामंत्री वीरेंद्र कुमार जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कुड़वार का संगठन जिला संगठन के साथ मिलकर व्यापारी हित में कार्य करेगा।



## मटकी फोड़ प्रतियोगिता में जमकर मारपीट, भगदड़

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** प्रयागराज के मुट्ठीगंज में शनिवार रात मटकी फोड़ प्रतियोगिता के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कार्यक्रम के बीच युवकों के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई। युवकों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे और थप्पड़ बरसाए। दोनों गुटों के बीच सड़क पर काफी देर तक मारपीट होती रही। इससे कार्यक्रम में मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना राम भवन चौराहे के पास की है। यहां शनिवार रात मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया था। प्रतियोगिता के लिए करीब 30 से 35 फीट की ऊंचाई पर मटकी बांधी गई थी। इसे फोड़ने वाली टीम के लिए नकद पुरस्कार भी रखा गया था।

# स्नान करने गए दो छात्र गंगा में डूबे

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**

प्रयागराज के झूंसी में रविवार दोपहर कोचिंग से छुट्टी के बाद सोहम आश्रम के पास गंगा नहाने पहुंचे तीन छात्रों में से दो गहरे पानी में डूब गए। हादसा करीब 12:30 बजे हुआ। दोनों की उम्र करीब 15 साल थी। तीसरे छात्र ने दोनों को डूबते देखा तो शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची झूंसी पुलिस और जल पुलिस ने तलाश शुरू की। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद रुद्र प्रताप सिंह और अर्पण विश्वास को पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। दोनों परिवारों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। आवास विकास कॉलोनी योजना-3, झूंसी निवासी रुद्र प्रताप सिंह और देवनगर निवासी अर्पण विश्वास व सुमित एक ही कोचिंग संस्थान में कक्षा 10 में पढ़ते थे। रविवार को उनकी कोचिंग निर्धारित समय से करीब 20 मिनट पहले ही खत्म हो गई थी। इसके बाद तीनों छात्र सोहम आश्रम के पास पहुंच गए। वहां रुद्र और अर्पण पानी में उतरकर नहाने लगे, जबकि सुमित किनारे पर ही खड़ा रहा। सुमित के मुताबिक, दोनों दोस्त पानी में नहा रहे थे। इसी दौरान अचानक एक छात्र गहराई में जाने लगा। उसे बचाने की कोशिश में दूसरा छात्र भी गहरे पानी में चला गया। देखते ही देखते दोनों पानी में डूब गए। सुमित ने मदद के लिए शोर मचाया।

## गंगा-यमुना के जलस्तर में गिरावट लोगों ने ली राहत की सांस

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।** प्रयागराज में गंगा-यमुना का जलस्तर तेजी से घटने लगा है। इससे बाढ़ का खतरा अब धीरे-धीरे टलने लगा है। पिछले दिनों निचले इलाकों के घरों तक पहुंचा पानी अब कम होने लगा है, जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों ने राहत की सांस ली है। रविवार सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। पिछले तीन दिनों से बारिश का दौर थमा हुआ है। हालांकि बीच-बीच में हल्की धूप निकल रही है, जबकि बादलों की मौजूदगी के कारण मौसम सुहाना बना हुआ है। पिछले 24 घंटे में फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 46 सेमी, छतनाग में 17 सेमी और नैनी में यमुना का जलस्तर 11 सेमी घटा है। बक्शी बांध एसटीपी पर भी पानी 7 सेमी नीचे आया है। सभी तटबंध सुरक्षित बताए गए हैं।

# उमरवैश्य 'सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी रत्न' से सम्मानित

**एलायंस क्लब के स्थापना दिवस पर विविध आयोजन**

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

एलायंस क्लब इंटरनेशनल प्रतापगढ़ द्वारा बाबागंज स्थित शशांक होटल में क्लब का स्थापना दिवस, फाउंडर्स डे एवं शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने दीप प्रज्वलित कर तथा राधा-कृष्ण एवं मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया। समारोह की अध्यक्षता क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अंशुमान सिंह ने की।

इस अवसर पर शीर्ष नेतृत्व द्वारा सेवा कार्यों के मूल्यांकन के आधार पर इंटरनेशनल डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य को 'सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी रत्न' से सम्मानित किया गया। साथ ही राजेश सिंह को 'श्रेष्ठ समाजसेवी सम्मान' एवं विनय कुमार श्रीवास्तव को 'बेस्ट टीचर्स एवं समाजसेवी सम्मान' से नवाजा गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने केक काटकर क्लब का स्थापना दिवस एवं फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया का जन्मदिन भी मनाया। फाउंडर डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बी0के0 श्रीवास्तव ने क्लब की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि सभी के सहयोग से ही आज डिस्ट्रिक्ट 114 प्रतापगढ़ को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेवा कार्यों के लिए पहचान मिल रही है। वहीं वाइस मल्टीपल चेयरमैन राजेश सिंह ने हर माह प्रत्येक क्लब को कम से कम दो सेवा कार्य करने का आह्वान किया। अंत में अध्यक्ष अंशुमान सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



कार्यक्रम में अंकित सिंह, डॉ. विश्वदीप सिंह, वरुण सिंह, देवेंद्र गुप्ता, पूनम गुप्ता, महेंद्र बहादुर सिंह, बृजेश पांडे, विनोद सिंह, राखी मंछानी, वंदना सिंह सहित बड़ी संख्या में क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# घर की सफाई के दौरान फर्राटा पंखे से लगा करंट, विवाहिता की दर्दनाक मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

पट्टी कोतवाली पट्टी क्षेत्र के रसूलहा गांव में रविवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर की सफाई करते समय फर्राटा पंखे में उतरे करंट की चपेट में आने से 40 वर्षीया विवाहिता की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मृतका के घर में कोहराम मच गया है। जानकारी के मुताबिक, रसूलहा गांव निवासी गीता देवी (40) पत्नी राधेश्याम पाल रविवार दोपहर करीब एक बजे अपने घर की सफाई कर रही थीं। सफाई के दौरान उन्होंने कमरे में रखे फर्राटा पंखे को दूसरी जगह हटाने का प्रयास किया। पंखे में पहले से करंट उतर रहा था। जैसे ही गीता देवी ने पंखा छुआ, वह भीषण करंट की चपेट में आकर फर्श पर अचेत होकर गिर पड़ीं। घटना के कुछ देर तक परिजनों को हादसे की भनक नहीं लग सकी। बाद में जब परिजनों ने गीता देवी को फर्श पर बेसुध पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने तुरंत मुख्य बिजली आपूर्ति बंद की और उन्हें पंखे से अलग किया। इसके बाद जिला पंचायत सदस्य संजय पाल की मदद से परिजन उन्हें पट्टी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां आपातकालीन ड्यूटी पर तैनात डॉ. अखिलेश जायसवाल ने प्राथमिक जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जिला पंचायत सदस्य संजय पाल ने बताया कि मृतका गीता देवी की एक शादीशुदा बेटी और दो नाबालिग बेटे हैं, जो अभी पढ़ाई कर रहे हैं। मां की अचानक हुई मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो जाने से रविवार को परिजनों में कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के डगरारा निवासी मलखान सिंह (38) शनिवार की शाम पत्नी अंजू सिंह का इलाज कराने बाइक से लालगंज आये थे। घर वापस लौटते समय नेशनल हाईवे के रायबरेली प्रतापगढ़ के नया का पुरवा के समीप पीछे से आ रही एक कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गये। ट्राम सेन्टर में इलाज के बाद दोनों घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां घायल मलखान सिंह की हालत गम्भीर देख उसे प्रयागराज रेफर किया गया। वहां इलाज के दौरान रविवार की सुबह मलखान की मौत हो गयी। मृतक की पत्नी का उपचार जिला अस्पताल में जारी बताया गया है। मौत की सूचना घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। प्रयागराज मेडिकल कालेज ने मृतक के शव परीक्षण के बाद देर शाम तक शव घर पहुंचने की सम्भावना बतायी गयी है।

# दबंगों के हौसले बुलंद, सरकारी स्कूल का रास्ता बना कीचड़ का तालाब

- ग्राम भीलमपुर में मुख्य रास्ता हुआ नारकीय
- स्कूली बच्चे और ग्रामीण परेशान

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

जनपद के सदर तहसील अंतर्गत ग्राम सभा भीलमपुर में विकास के दावों की हवा निकलती नजर आ रही है। यहाँ प्राथमिक विद्यालय बहलोलपुर को जोड़ने वाला मुख्य रास्ता, जो गांव के नौनिहालों के लिए विद्यालय जाने का एकमात्र माध्यम है, आज एक नारकीय दलदल में तब्दील हो चुका है। बरसात के इस मौसम में रास्ता घुटनों तक कीचड़ और जलजमाव से भर गया है, जिससे होकर गुजरना किसी अग्निपरीक्षा से कम नहीं है। ग्राम भीलमपुर के सैकड़ों परिवार और आसपास की ग्राम सभाओं के लोग इसी रास्ते पर निर्भर हैं। लेकिन सबसे ज्यादा बुरी हालत उन छोटे-छोटे बच्चों की है, जो हर रोज इस कीचड़ से सने रास्ते से होकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे अक्सर इस फिसलन भरे रास्ते पर गिरकर चोटिल हो जाते हैं और उनकी ड्रेस व किताबें खराब हो जाती हैं। मजबूरी में लोग कीचड़ से होकर ही गुजर रहे हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इस दुर्दशा का मुख्य कारण गांव के ही कुछ रसूखदार और दबंग व्यक्तियों द्वारा सरकारी भूमि पर किया गया अवैध कब्जा है। गांव के भू-अभिलेखों के अनुसार, उक्त स्थल पर गाटा संख्या 120 ख (रास्ता), 123 ख (विद्यालय की जमीन), 121 (नवीन परती), 122 (खेल का मैदान) और 119 (खलिहान) जैसी महत्वपूर्ण सरकारी जमीनें दर्ज हैं। लेकिन इन सभी जमीनों पर दबंगों ने जबरिया कब्जा कर रखा है। जब भी गांव के लोग जनहित में स्वयं मिट्टी डालकर रास्ते को चलने योग्य बनाने का प्रयास करते हैं, तब यही दबंग लोग न केवल विरोध करते हैं बल्कि निर्माण कार्य में लगातार रुकावट पैदा करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जो कोई भी इनके विरुद्ध आवाज उठाता है, उसे दबंगों द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी जाती है।



# साइबर जागरूकता क्विज में विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

▸ एसबीवीएस सभागार में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

साइबर अपराध के प्रति विद्यार्थियों और युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एमसीएमआर ग्रुप एवं उड़ान संस्कारशाला द्वारा साइबर सेल पुलिस के सहयोग से आयोजित साइबर अवेयरनेस क्विज प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण रविवार को एसबीवीएस सभागार में हुआ।

प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं का इंटरनेट व डिजिटल माध्यमों से जुड़ाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता बेहद जरूरी है।



उन्होंने कहा कि सतर्क रहना ही साइबर अपराध से बचाव की सबसे बड़ी सुरक्षा है। इस दौरान एमसीएमआर ग्रुप की 'मैं हूं साइबर सिपाही' जागरूकता योजना का शुभारंभ किया गया। एमसीएमआर ग्रुप संचालक गौरव त्रिपाठी 'अमर' ने बताया कि 'मोबाइल बनेगा चोर' योजना के प्रथम चरण में विभिन्न विद्यालयों के 9600 बच्चों ने प्रतिभाग किया। अभियान को व्यापक बनाने के उद्देश्य से 'मैं हूं साइबर सिपाही' कैंपेन शुरू किया गया है। दिशा दुबे के संचालन में हुए कार्यक्रम में संरक्षक अरुणेश चतुर्वेदी, पल्लवी त्रिपाठी, राजीव कुमार, तरु तिवारी और आध्या त्रिपाठी ने भी विचार व्यक्त किए।

प्रतियोगिता में आरसी पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, गैलेक्सी पब्लिक स्कूल, अवध एजुकेशन सेंटर, सिटी चिल्ड्रेंस एकेडमी और आरबीएस एकेडमी के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## एफएलएन प्रशिक्षण के पांचवें बैच का समापन



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रुखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन सेंटर पर एफएलएन प्रशिक्षण का कार्यक्रम निरंतर गतिमान है। आज पांचवें बैच का समापन हो गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में दिव्यांशी ने प्रथम, मनोज ने द्वितीय तथा डॉ. मिथलेश यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने भक्ति रस में डुबोया

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

मोहल्ला बस्तीराम में ब्रह्मलीन शिव श्याम वर्मा की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ ने भक्तों को भक्ति रस में डुबो दिया। आचार्य सुंदरम पाठक ने आशीष वर्मा, सचिन वर्मा व नितिन वर्मा से सपरिवार राम दरबार का विधिवत पूजन करवा कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात, श्री राम के परम भक्त भानु प्रताप सिंह चौहान ने सुंदरकांड की महिमा का बखान करते हुए कहा सुंदरकांड हनुमान जी की भक्ति, शक्ति और समर्पण का गीत है, जो हमें प्रभु श्री राम के प्रति अटूट विश्वास की प्रेरणा देता है। यह पाठ जीवन में संकटों से उबारने और मन को शांति प्रदान करने वाला है।




भानु प्रताप सिंह ने भजनों 'मैंने तेरे ही भरोसे हनुमान सागर में नैया डाल दी', 'तेरी कृपा का क्या भरोसा, कब किस पर हो जाए ', 'बजरंगी लाए खबरिया, राम आए नगरिया' और 'नित प्रेम की गंगा बहती है, बालाजी तुम्हारे चरणों में' से समां बांध दिया।परमजीत सिंह भजन मेरी बिगड़ी बनाने वाला मेरा श्याम सँवारा... आदि भजनों से भक्तों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा, उमेश मिश्रा, रोबिन मिश्रा, अनुराग अग्निहोत्री, पंकज तोमर, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता दिलीप गुप्ता शैलेंद्र गुप्ता लाल साहब, रजनीश दुबे, पुष्कर दुबे, अभिषेक वर्मा, सुमित दीक्षित, विकास भदौरिया सहित अनेक भक्त उपस्थित रहे। अंत में भंडारे के प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# हरिगोविंद शाक्य 'हरि' को मिला 'आजीवन उपलब्धि सम्मान'



**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

लोक भारती इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में जनपद के प्रख्यात कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य 'हरि' को साहित्य के क्षेत्र में उनके विशिष्ट योगदान एवं उनके द्वारा सृजित 14 पुस्तकों तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए 'श्रीमती रेशम देवी शाक्य स्मृति जीवन उपलब्धि सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों ने हरिगोविंद शाक्य 'हरि' को माल्यार्पण , शाल्यार्पण, सम्मान पत्र ,ट्रॉफी, पगड़ी एवं नकद धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया। रामनगर से पधारे डॉक्टर नरेंद्र 'संगम' ने भगवान बुद्ध की वंदना प्रस्तुत की।

कवि रूप लाल 'रूप', कवियत्री साधना यादव, दीपमाला शाक्य 'दीप' ,हरिगोविंद शाक्य 'हरि', पहुंची लाल 'विषधर,' देवेंद्र यादव 'देव' आदि कवियों एवं साहित्यकारों ने सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन एवं उनके दर्शन पर काव्य पाठ प्रस्तुत किया।

अध्यक्षता कर रहे पूर्व सांसद प्रो.रामबख्श सिंह वर्मा ने गुरु की महिमा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है।

# आरबी पब्लिक स्कूल में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

आरबी पब्लिक स्कूल, इंदिरा नगर में आयोजित शिक्षक दिवस कार्यक्रम में माल्यार्पण एवं उपहार देकर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी गौरव अमर त्रिपाठी ने कहा शिक्षक समाज की नींव होते हैं। वे न केवल ज्ञान देते हैं, बल्कि चरित्र निर्माण भी करते हैं। आज के बदलते युग में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। हमें उनके योगदान को सदैव याद रखना चाहिए और उनका सम्मान करना चाहिए। शिक्षा ही राष्ट्र की प्रगति की कुंजी है। इस अवसर पर गौरव अमर त्रिपाठी ने शिक्षक आरिफ खान,



बृजेश सर, विजय कुमार को, विद्यालय की संचालिका रजनेश शुक्ला ने चीफ कंट्रोलर वाइस प्रिंसिपल गुंजन, अंजली सिंह, प्रिंसिपल माधवी सिंह, खुशबू शुक्ला ने सुनीता पाल, नीलम वर्मा, मोनिका सविता, भावना मिश्रा, निवेदिता सविता, सायमा खान, नीतू को तथा विद्यालय के डायरेक्टर राजीव शुक्ला एडवोकेट ने शीलू खान, अमर दुबे एवं मिथुन को माला पहनाकर सम्मानित किया। वरिष्ठ शिक्षक आरिफ खान के संचालन में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एसटीपी की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश

▸ डीएम ने 13 एमएलडी प्लांट का निरीक्षण कर गुणवत्ता परखी

**समृद्धि न्यूज, कन्नौज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने नगर पालिका के 13 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवरेज जल शोधन की प्रक्रिया और प्लांट की व्यवस्थाएं देखीं। अधिकारियों ने बताया कि जल निगम से निर्मित एसटीपी नवंबर 2017 से संचालित है। नगर का सीवरेज पाइपलाइन के जरिए प्लांट पहुंचता है और शोधन के बाद पानी काली नदी में प्रवाहित किया जाता है।

डीएम ने विभिन्न यूनिटों का निरीक्षण कर शोधित पानी का सैंपल लिया और गुणवत्ता परखी। क्लोरीन टैंक की जांच कर पानी में निर्धारित



मात्रा में क्लोरीन के इस्तेमाल के निर्देश दिए। ऑपरेटर रूम और स्काडा रूम की व्यवस्थाएं भी देखीं।

उन्होंने मशीनरी व उपकरणों का नियमित रखरखाव कराने और तकनीकी खराबी पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति बाधित होने पर प्लांट चलाने के लिए 500 केवीए जनरेटर की नियमित सर्विस कराने को कहा। इस दौरान ईओ श्यामेंद्र मोहन चौधरी समेत संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से निकली बांकेबिहारी की भव्य पालकी शोभायात्रा




**छिबरामऊ, कन्नौज।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति असालतनगर के तत्वावधान में भगवान श्री बांके बिहारी जी की भव्य पालकी शोभायात्रा नगर में धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान 'हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की' के जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा।

शोभायात्रा का शुभारंभ सौरिख रोड स्थित सिद्धपीठ मां कालिका देवी मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद हुआ। इसके बाद तिरंगा तिराहा, मेन बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाएं और युवतियां राधा-कृष्ण के भजनों व धार्मिक गीतों पर नाचते-झूमते हुए चल रही थीं। भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण पूरी तरह कृष्णमय नजर आया। युवाओं और बच्चों में भी शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। पालकी शोभायात्रा विशुनगढ़ रोड होते हुए असलातनगर स्थित बांके बिहारी गेस्ट हाउस पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं एवं सहयोग करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल भी तैनात रहा।

### प्रेमानंद महाराज की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

**छिबरामऊ।** श्री बांके बिहारी पालकी शोभा यात्रा में प्रेमानंद जी महाराज की आकर्षक झांकी श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जैसे ही पालकी शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों पर पहुंची, जगह-जगह श्रद्धालुओं ने प्रेमानंद जी महाराज की झांकी को रुकवाकर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

शोभा यात्रा में सबसे आगे प्रथम पूज्य भगवान गणेश की मनोहारी झांकी चल रही थी। इसके अलावा राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रही। झांकियों के दर्शन के लिए मार्ग के दोनों ओर लोगों की भीड़ उमड़ती रही। शोभा यात्रा में शिव शक्ति अखाड़ा के महामंडलेश्वर महाराज मधुराम शरण, आरएसएस के रजनीश दुबे, सुंदरकांड वाचक भानुप्रताप सिंह, शिवम दुबे, विपिन द्विवेदी, प्रधान शिप्रा द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कई जगह पुष्प वर्षा से हुआ शोभायात्रा का स्वागत

**छिबरामऊ।** नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान श्री बांके बिहारी जी की पालकी का भव्य स्वागत किया। हनुमानगढ़ी तिराहे पर श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता एवं श्री गंगेश्वर नाथ सेवा समिति के सदस्यों ने, सर्राफा बाजार में रामानंद वर्मा, रामेन्द्र त्रिपाठी, दिलीप गुप्ता, नरेश वर्मा, हिमांशू वर्मा, शिवम् वर्मा, सुरेश वर्मा, सौरभ वर्मा (रिंकू ), महावीर चौहान पहाड़ी ने, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता, आशीष वर्मा, सचिन वर्मा, नितिन वर्मा, उषा उपाध्याय ने एवं देवी सहाय मार्केट के सामने रवि राठौर, अवधेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, विजय गुप्ता, कुलदीप राठौर, चिंटू दुबे व हिमांशु त्रिपाठी ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

# बेडों से चादर गायब, कई घंटे इमरजेंसी वार्ड में रहा अंधेरा

▸ इलाज के नाम पर कमीशनखोरी का आरोप
▸ अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप
▸ सौ शैया अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर उठे सवाल

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

सौ शैया अस्पताल एक बार फिर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में है। अस्पताल में इलाज कराने पहुंचे मरीजों और उनके तीमारदारों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। इन तमाम समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने इमरजेंसी



गेट पर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि अस्पताल के वार्डों में बेडों से चादरें गायब हैं, मरीजों को बुनियादी सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं और इमरजेंसी वार्ड कई घंटे तक अंधेरे में डूबा रहा। इसके अलावा इलाज के नाम पर कमीशनखोरी और मरीजों को बाहर से दवाएं लाने के लिए मजबूर किए जाने के भी आरोप लगाए गए।

ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.रजनीश दुबे, पुनीत दुबे, करणी सेना के जिलाध्यक्ष हिमांशु चौहान, भाकियू किसान के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला, ऋषि चौहान, टीटू ठाकुर, मोनू राठौर, जितेंद्र शर्मा, रामकुमार सिंह, बबलू मिश्रा, अजय दुबे, नितिन, तरूण त्रिपाठी आदि प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अस्पताल में सरकार की ओर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर मरीजों को सुविधाओं के बजाय परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उनका आरोप था कि अस्पताल में कई बेड बिना चादरों के पड़े हैं, जिससे मरीजों को असुविधा होती है। वहीं बिजली व्यवस्था भी बदहाल है। इमरजेंसी वार्ड में कई घंटे तक बिजली न रहने से मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। धरने में शामिल विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि अस्पताल में दलाल सक्रिय हैं, जो मरीजों को मेडिकल स्टोरों की ओर भेजते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कमीशन के खेल के चलते गरीब मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है। यदि समय रहते इन व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरने की जानकारी पर सीएमएस डॉ.सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर पहुंचे चिकित्साधिकारी डॉ.अभिषेक कटियार ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

इसके बाद लोगों ने धरना समाप्त किया, लेकिन चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाएं नहीं सुधरीं तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा।

# जिलाध्यक्ष हिमांक त्रिपाठी का जोरदार स्वागत

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

उत्तर प्रदेश सभासद एसोसिएशन (नगरीय निकाय) के जिलाध्यक्ष बने हिमांक त्रिपाठी का जोरदार स्वागत किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे सभी सभासदों के साथ हिमांक त्रिपाठी के आवास पर पंहुचे और माल्यार्पण के साथ मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हिमांक त्रिपाठी ने कहा जो दायित्व मुझे राष्ट्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने सौंपा है उसका पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करूंगा और सभासदों के हक और सम्मान की लड़ाई के लिए संघर्ष



करूंगा कार्यक्रम में सभासद सुशील पाण्डेय, किशनलाल बाल्मीकि, गोपाल गुप्ता, अमित शाक्य, आसिफ इक़बाल, मो. जीशान, अमित गुप्ता, दीपक गुप्ता, उमाशंकर बाथम, गोपाल बाल्मीकि, चरन सिंह दिवाकर, मूलचंद यादव, शेर सिंह पाल, रईस अहमद, नसीम खान सहित सभी सभासद उपस्थित रहे।

# संतोषी माता मंदिर की 50वीं वर्षगांठ पर श्रीमद्भगवत कथा का शुभारंभ, भव्य कलश यात्रा से गूंजा नगर

▸ पंडित प्रेम सागर पांडेय करेंगे कथा वाचन
▸ स्वर्ण जयंती पर वृद्धाश्रम स्थापना का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।**

धार्मिक सेवा समिति, श्री संतोषी माता मंदिर तिराहा के तत्वावधान में रविवार को श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

मंदिर की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस यात्रा में 701 महिलाओं ने सिर



पर पवित्र कलश धारण कर नगर भ्रमण किया, जबकि 1100 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता निभाई।

सुबह मंदिर परिसर में पूजन-अर्चन के बाद निकली यात्रा से पूरा नगर जयकारों और भक्ति रस में सराबोर हो गया।

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र प्रभय सिंह के गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्यों व लेन-देन के सम्बन्ध में मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**रामेन्द्र सिंह पुत्र जगदीश सिंह**
**निवासी ग्राम जसौरा, पोस्ट-कूलापुर**
**जनपद-कन्नौज (यूपी)**
**मो. नं. 9151504553**

# निःशुल्क नेत्र शिविर में 42 मरीजों की आंखों की जांच

▸ 11 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।**

शंकरा आई हॉस्पिटल, चौबेपुर कानपुर के सहयोग से सुखराम सिंह कुसुमलता इंटर कॉलेज, करनौली में 6 सितंबर को को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में 42 मरीजों की आंखों की जांच की गई। इस दौरान 11 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिनमें से 7 मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह से ग्रसित कुछ मरीजों को स्वास्थ्य सामान्य होने के बाद ही ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। कालेज के प्रबंधक



कुलदीप यादव ने लोगों से अपील की कि आंखों की किसी भी समस्या को छिपाएं या नजरअंदाज न करें, बल्कि तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लें और आवश्यकता होने पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का लाभ उठाकर अपनी दृष्टि सुरक्षित रखें। शंकरा मित्र देव कुमार यादव ने कहा कि समय पर आंखों की जांच कराने से कई गंभीर नेत्र रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे आंखों की किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें और निःशुल्क नेत्र जांच शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। शिविर में बताया गया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को लेंस, दवाइयां, भोजन तथा कानपुर आने-जाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में डॉ. अभिषेक कुशवाह, जय बाथम सिंह, अंजू, अभय, प्रधानाचार्य यतेंद्र सिंह यादव, उप-प्रधानाचार्य देवनारायण यादव, प्रांशु, विपुल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, लाठी-डंडे लेकर किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, छिबरामऊ, कन्नौज।** खल्ला रूप मंगतपुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों के लगातार हमलों से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। कुत्तों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने उन्हें पकड़वाने और लोगों को हमलों से बचाने की मांग को लेकर हाथों में लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में करीब 20 से 25 आवारा कुत्ते झुंड बनाकर घूमते रहते हैं। ये कुत्ते राहगीरों और ग्रामीणों को परेशान करने के साथ ही कई बार हमला भी कर चुके हैं। हाल ही में कन्हैया लाल बाथम पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया था। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद छिबरामऊ जनपद कन्नौज

पत्रांक- 179/DA_04/TenderNotice/2026-27 दिनांक- 05 सितंबर 2026

**(ई-निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद छिबरामऊ को **राज्यवित्त आयोग** के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वेतन व कर्मचारी बकाया भुगतान के पश्चात अवशेष धनराशि से विकास कार्य कराना चाहती है। जिसके लिए नीचे दिये गये विवरण के अनुसार www.tender.up.nic.in द्वारा निविदायें आमन्त्रित की जाती है। सम्पूर्ण जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है। जिसका विवरण निम्नवत है शेष नियम व शर्तें किसी भी दिन कार्यालय कार्य दिवस में जानकारी की जा सकती है।

| क्रमसं0 | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | E Tender Release | 07.09.2026 | 4:00 PM |
| 2 | Document Download/Sale Start | 07.09.2026 | 4:00 PM |
| 3 | Bid Submission Start Date | 07.09.2026 | 4:00 PM |
| 4 | Bid Submission Closing Date | 22.09.2026 | 4:00 PM |
| 5 | Technical Bid Opening | 23.09.2026 12:30 PM से | |
| 6 | Financial Bid Opening | After Approval of Technical Bid | |

**विवरण व शर्ते**

1. राज्य वित्त में धन की उपलब्धता होने पर ही वर्णित कार्यों का भुगतान किया जायेगा।
2. ठेकेदार/फर्म द्वारा स्थानीय निरीक्षण करने के उपरान्त ही निविदा डालें बाद में शसर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
3. निविदा राज्यवित्त योजना के अन्तर्गत की जा रही है। इसलिए किये गये कार्य का भुगतान धनराशि उपलब्ध होने पर ही किया जायेगा।
4. शेष नियम व शर्तें कार्यालय जाकर प्राप्त की जा सकेगीं।

| (संजय सिंह) | (रविराज कौशल) | (अजय कुमार) | (मनोज दुबे) |
|---|---|---|---|
| प्रधान लिपिक | अवर अभियंता सिविल | अधिशासी अधिकारी | अध्यक्ष |
| न.पा.प. छिबरामऊ | न.पा.प. छिबरामऊ | न.पा.प. छिबरामऊ | न.पा.प. छिबरामऊ |
| जनपद-कन्नौज। | | जनपद-कन्नौज। | जनपद-कन्नौज।|

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल-फतेहगढ़





स्पार्किंग से झोपड़ी में लगी आग

# अनाज और घरेलू सामान जलकर राख

- ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर बुझाई आग
- हजारों रुपये का नुकसान

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।**

थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर में रविवार दोपहर बिजली के मीटर में हुई स्पार्किंग से एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई।

आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और झोपड़ी में रखा सामान धू-धूकर जलने लगा।

जानकारी के अनुसार गांव सोना जानकीपुर निवासी केशव पुत्र सीताराम मंझना रोड स्थित अपनी जगह पर झोपड़ी डालकर रहते हैं। रविवार दोपहर अचानक बिजली के मीटर से स्पार्किंग हुई, जिसके बाद झोपड़ी में आग की लपटें उठने लगीं। कुछ ही देर में आग ने पूरी झोपड़ी को अपनी चपेट में ले लिया।



घटना की जानकारी देते पीड़ित

झोपड़ी से धुआं और आग की लपटें निकलती देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

लोगों ने पानी और अन्य साधनों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ग्रामीणों के प्रयास से आग को आसपास फैलने से रोक लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

पीड़ित केशव ने बताया कि बिजली के मीटर से हुई स्पार्किंग के कारण आग लगी।

आग इतनी तेजी से फैली कि झोपड़ी में रखा सामान बचाने का मौका तक नहीं मिल सका। आग में मक्का, गेहूं, भूसा, तिरपाल सहित अन्य जरूरी सामान जलकर राख हो गया।

केशव के मुताबिक आग की इस घटना में करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है।

घटना के बाद पीड़ित परिवार के सामने घरेलू जरूरतों और अनाज की समस्या खड़ी हो गई है।

पीड़ित ने प्रशासन से नुकसान का आकलन कराकर आर्थिक सहायता दिलाए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने भी बिजली विभाग से क्षेत्र में लगे बिजली मीटर और तारों की जांच कराने की मांग की है, ताकि शॉर्ट सर्किट और स्पार्किंग जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# गोली से घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

- चारा लेकर लौटते समय घटी थी घटना
- एक साल पहले की थी लव मैरिज

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**



मृतक का फाइल फोटो

मैनपुरी जनपद के भोगांव थाना क्षेत्र में कुछ दिन पहले गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए 26 वर्षीय युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। शनिवार रात उसे लोहिया अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। जानकारी के अनुसार भोगांव थाना क्षेत्र के गांव रूई सिनोवा निवासी रामवीर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनका 26 वर्षीय बेटा पुष्पेंद्र राजपूत 30 अगस्त को खेतों पर चारा लेने गया था। जब वह चारा लेकर घर लौट रहा था, तभी रास्ते में अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी। रामवीर सिंह औद्योगिक क्षेत्र में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं और वर्तमान में उनकी पोस्टिंग आगरा में है। घटना की सूचना मिलते ही वह बदहवास हालत में घर पहुंचे और घायल बेटे को इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज ले गए। सैफई में हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया था। कई दिनों तक चले इलाज के बाद शनिवार शाम उसे लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों के अनुसार, मृतक पुष्पेंद्र पढ़ाई में होनहार था। उसने डी फार्मा का कोर्स किया हुआ था और वह डॉक्टरी का काम भी करता था। पुष्पेंद्र दो भाइयों में छोटा था, जबकि उसका बड़ा भाई दिव्यांग है। बेटे की मौत के बाद से मां किताब श्री और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस हत्याकांड में कई एंगल सामने आ रहे हैं।

# हत्या के मामले में दो अभियुक्त आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

थाना कादरीगेट पुलिस ने हत्या के गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए वांछित दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 02 बेसबॉल बैट के टुकड़े भी बरामद किए हैं। 29 अगस्त को पीड़िता वादिनी ने थाना कादरीगेट पर तहरीर दी थी कि अभियुक्तों ने उसके पति के साथ लाठी, डंडों और सरिया आदि से जानलेवा मारपीट की है। गंभीर रूप से घायल पति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। वादिनी की तहरीर के आधार पर



पुलिस हिरासत में आरोपी

थाना कादरीगेट पुलिस ने हरिओम दीक्षित सहित 11 नामजद व अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 352, 105 बी0एन0एस0 के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना शुरू की थी। विवेचना के दौरान मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित 02 मुख्य अभियुक्तों को धर दबोचा।
मनु उर्फ मन्थन दुबे पुत्र राजीव दुबे निवासी टोना वाली गली गंगानगर कालोनी थाना कादरीगेट व हरिओम दीक्षित पुत्र स्व0 राकेश कुमार दीक्षित निवासी टोना वाली गंगानगर कालोनी थाना कादरीगेट गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किए गए 02 बेसबॉल बैट के टुकड़े आलाकत्ल बरामद कर लिए हैं।

## ग्यारहवीं शरीफ की खुशियों भरी तैयारी तेज

- कमेटी की बैठक में लिया गया फैसला

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।** नगर में खुशी और अकीदत का माहौलअंजुमन खुद्दामे गौस कमेटी की जानिब से आने वाली ग्यारहवीं शरीफके अज़ीमुश्शान जलसे व जुलूस को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तय हुआ कि इस बार ग्यारहवीं शरीफका जश्न पूरे कायमगंज में रोशनी, सजावट और अकीदत के साथ मनाया जाएगा। शहर को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। जलसे व जुलूस की सदारत जनाब अदील हसन करेंगे, जबकि कमेटी के सदर हाजी मो0 इरशाद कादरी की कयादत में सभी तैयारियां की जा रही हैं। इस मौके पर यासीन गौस खाँ, हाजी आबिद हुसैन, मो0 शबील सिद्दीकी, मो0 राशिल पप्पू, मो0 आसिम कादरी, आसिफ युसूफ, जिलाध्यक्ष रिहान अली कायम सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी

# श्री कृष्ण के जन्म और कंस वध का प्रसंग सुनकर झूमे भक्त

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

भैरोघाट स्थित ऐतिहासिक कालेश्वरनाथ मंदिर प्रांगण में माँ गंगा के पावन सम्मुख श्रीमद्भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पंडित अम्बुज त्रिपाठी महाराज ने कंस वध की कथा सुनाते हुए कहा कि कंस ने मथुरा में आतंक मचा रखा था। भगवान कृष्ण ने कहा कि मथुरा में कंस के अत्याचार से जनता दुखी थी। उसने अपनी बहन देवकी और बहनोई वासुदेव को उनकी आठवीं संतान के डर से दोनों को कारागार में डाल दिया था। कारागार में ही देवकी ने बच्चों को जन्म दिया। सात बच्चों का हंसने कंस ने निर्दयता से मार दिया था। आकाशवाणी के अनुसार भगवान श्री विष्णु ने देवकी के आठवें बच्चे के रूप जन्म लिया। उनका नाम श्री कृष्ण पड़ा। वासुदेव भगवान के निर्देश अनुसार श्री कृष्ण को गोकुल में नंद बाबा और यशोदा के यहां छोड़ आये। कंस ने उन्हें मरवाने का काफी प्रयास किया, लेकिन असफल हो जाने पर उसने उन्हें साजिश के अंतर्गत मथुरा बुलाया। वहां पर भी कंस ने श्रीकृष्ण बलराम को मरवाने के कई प्रयास किए, लेकिन असफल हो गया। अंत में श्री कृष्ण ने कंस के दरबार में पहुंचकर उसके पहलवानों को चित्त करने के बाद कंस का वध कर दिया। कथा व्यास ने बताया कि बुराई के रास्ते पर चलने वाले का अंत एक दिन निश्चित है। इसलिए हमें अच्छे कार्य करने चाहिए और सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। कंस का वध होते ही पंडाल में श्री कृष्ण के जयकारे गूंजने लगते हैं। कथा में नगर के प्रमुख समाजसेवी डॉ0 राजीव कुमार पाठक एवं उनकी धर्मपत्नी विनीता पाठक, अखिलेश पाण्डेय, भानू सिंह, गोपाल मिश्रा मुख्य रुप से भाग लिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।



कथा श्रवण करते भक्तगण

## खबरें एक नजर में

### महिला पत्रकारों से दुर्व्यवहार के विरोध में आज राष्ट्रपति को भेजा जायेगा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** दिल्ली में महिला पत्रकारों के साथ पुलिस द्वारा कथित मारपीट एवं दुर्व्यवहार की घटना को लेकर पत्रकारों में रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पत्रकार वार्ता एवं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पत्रकारों ने घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिलाध्यक्ष अरविंद शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता के अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आवाज उठाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों से जुड़े इस मामले को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 सितंबर को राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा। बैठक में अनुराग दुबे, आर्यन बाजपेई, मनीष श्रीवास्तव, रवि चौहान, गौरव शुक्ला, राहुल कठेरिया, सुमित जोशी, मनीष यादव, धर्मवीर सिंह, सुरेंद्र सिंह, कुमारी किरण, श्याम सिंह यादव, रैना कुशवाहा, कमलकांत, अमित गुप्ता, बलवीर कुशवाहा एवं अतुल जैन मौजूद रहे।

### कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर बस स्टैंड के सामने बना गड्ढा

**कायमगंज।** कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर बस स्टैंड के सामने जलभराव और गहरा गड्ढा राहगीरों व वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। खतरनाक गड्ढे के कारण कई वाहन अनियंत्रित होकर पलट गए। गनीमत यह रही कि इन हादसों में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन सड़क की यह बदहाली किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। पानी से भरे इस गड्ढे से गुजरते समय मछली से लदा एक ई-रिक्शा अचानक असंतुलित होकर पलट गया। ई-रिक्शा पलटते ही उसमें लदी मछलियां सड़क पर जमा गंदे पानी में बिखर गईं। आसपास के दुकानदारों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ई-रिक्शा को सीधा कराया, जिसके बाद मछली विक्रेताओं ने पानी में उतरकर मछलियों को एकत्र किया। कुछ ही देर बाद टायर लदा एक छोटा हाथी टेंपो भी उसी गड्ढे में फंसकर पलट गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से वाहन को सीधा कराया गया। वहीं, सामने से आ रहे वाहनों से बचने के चक्कर में कई बाइक सवार भी इस गड्ढे में गिरकर चोटिल हो गए। स्थानीय नागरिकों व राहगीरों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि हादसे का इंतजार किए बिना सड़क की तत्काल मरम्मत कराई जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए।

### पति की हत्या में पत्नी व उसके प्रेमी सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बिजौरी निवासी प्रेमचंद्र पुत्र बालकराम ने अपने मृतक भाई सिपाही लाल की पत्नी राधा व गांव का ही प्रेमी सुनील पुत्र राजबहादुर तथा थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव राजारामपुर मेई निवासी राधा की मां नाम नामालूम और चाचा विष्णु दयाल के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार सिपाही लाल की शादी राजारामपुर निवासी सर्वेश की पुत्री राधा के साथ हुआ था डेढ़ दो वर्षों से गांव के सुनील के साथ राधा का प्रेम प्रसंग चल रहा था। सिपाही लाल के रोकने टोकने पर भी राधा नहीं मानती थी अधिक विरोध करने पर राधा सिपाही लाल के साथ मारपीट करती थी। 11 मई की रात सिपाही लाल गेहूं की कटाई कर घर वापस आए तो पत्नी राधा घर पर नहीं मिली पूर्व अनुमान के अनुसार समर की कोठरी पर पहुंचा और अनुमान अनुसार राधा और सुनील कोठरी में मिले। दोनों ने सिपाही लाल को धक्का मार दिया। जिससे सिपाही लाल के चोट लग गई यह सब मेरे भाई सिपाही लाल ने मुझे बताया। सुबह सिपाही लाल को जबरन राधा अपने मायके के लिए बुला ले गई रास्ते में शराब पिलाई और उपरोक्त सभी आरोपितों ने अपने अज्ञात साथियों के साथ मिलकर मारपीट कर सिपाही लाल की हत्या कर दी। थानाध्यक्ष राजीव पांडेय ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर अभियोग पंजीकृत कर विवेचना की जा रही है।

### ठेकेदार से एक करोड़ की ठगी, डाक्टर दंपत्ति पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** स्कूल की इमारत बनवाने का झांसा देकर एक ठेकेदार से करीब एक करोड़ रुपये से अधिक का निर्माण कार्य कराने और भुगतान न कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में एसपी के आदेश पर परिवर्तन मिशन अस्पताल की डॉक्टर और उनके पति के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के चर्च कम्पाउण्ड रखा निवासी राजेश मसीह पुत्र बीआर मसीह मेसर्स राज कान्सट्रक्शन एण्ड सप्लायर नाम से फर्म चलाते हैं। ईसाई समुदाय से जुड़े होने के कारण उनकी मुलाकात परिवर्तन मिशन अस्पताल बढ़पुर की डॉ0 पी0 कुजूर से हुई थी। डा0 कुजूर ने नजदीकियां व विश्वास बढ़ाकर 30 नवंबर 2024 को एक स्कूल की इमारत बनाने का प्रस्ताव रखा और खुद को स्कूल का प्रबंधक बताया। पर्याप्त धनराशि न होने के बावजूद आरोपी महिला ने बैंक से लोन आवेदन करने की झूठी बात कही। 15 लाख रुपये आरटीजीएस और 5 लाख रुपये नकद देकर ठेकेदार से एक करोड़ रुपये से अधिक का निर्माण कार्य करा लिया। बकाया पैसे मांगे, तो आरोपी जल्द लोन पास होने का बहाना बनाती रहीं। ठेकेदार द्वारा बैंक में छानबीन करने पर पता चला कि लोन के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव जमा ही नहीं किया गया था। मांगने पर डॉ0 पी0 कुजूर आक्रोशित हो गईं और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। उनके पति डॉ0 निर्मल पी0 कुजूर ने भी जान से मारने की धमकी दी। एसपी के आदेश पर दोनों पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### मोबाइल टावर पर गिरी आकाशीय बिजली

**नवाबगंज।** रविवार को दोपहर से हो रही लगातार बारिश के बीच शाम को फर्रुखाबाद रोड पर मस्जिद खान के पीछे स्थित मोबाइल टावर पर आकाशीय बिजली गिर गई। तेज आवाज के साथ बिजली गिरने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। घटना के बाद लोग टावर के आसपास जमा हो गए। बताया गया कि दोपहर से क्षेत्र में बारिश के साथ लगातार गरज-चमक हो रही थी। इसी दौरान आकाशीय बिजली मोबाइल टावर पर गिरने की जानकारी सामने आई।

# अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबन्धक सभा की नई कार्यकारिणी घोषित

- पीयूष राठौर बने जिलाध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबन्धक सभा की नई कार्यकारिणी का गठन रविवार को संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया प्रान्तीय नेतृत्व द्वारा नामित पर्यवेक्षक एवं पश्चिमांचल प्रभारी विनीत अग्निहोत्री के पर्यवेक्षण में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के 39 विद्यालय प्रबन्धकों ने हिस्सा लिया और सर्वसम्मति से नई समिति का चुनाव किया।

बैठक में उपस्थित सभी प्रबंधकों ने एक स्वर में शक्ति सैनिक इण्टर कॉलेज मौधा के प्रबन्धक पीयूष राठौर को जिलाध्यक्ष के पद पर चुना।



कार्यक्रम में मौजूद नवनिर्वाचित पदाधिकारी

नवगठित कार्यकारिणी के अन्य प्रमुख पदाधिकारी कार्यकारी अध्यक्ष विजय गुप्ता प्रबन्धक ए0वी0 इण्टर कॉलेज शमसाबाद, उपाध्यक्ष शाह सुनील अग्रवाल प्रबन्धक मदन मोहन कनोडिया बालिका इ0का0 एवं डॉ0 विकास मिश्रा प्रबन्धक के0एस0आर0 इ0का0 कम्पिल, महिला उपाध्यक्ष मीरा देवी प्रबन्धक दयानन्द इण्टर कॉलेज अमृतपुर, महासचिव अनुराग मिश्रा प्रबन्धक शास्त्री इण्टर कॉलेज चन्दुइया को बनाया गया।

सचिव की जिम्मेदारी निखिल कुमार प्रबन्धक राष्ट्रीय विद्या मन्दिर उ0मा0 विद्यालय आर्यनगर एवं अजय गौर प्रबन्धक जवाहर लाल नेहरु उ0मा0 विद्यालय नवाबगंज को दी गई।

कोषाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह प्रबन्धक जनसेवक आदर्श उ0मा0 विद्यालय बरखेड़ा बने।

वहीं रामानन्द बालिका इण्टर कॉलेज की प्रबन्धक शिखा अग्निहोत्री और कर्नल ब्रह्मानंद इण्टर कॉलेज की उपप्रबन्धक खुशी अग्निहोत्री को भी कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे गए हैं।

कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कृष्ण सक्सेना, विवेक मिश्रा, राजेन्द्र मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह, आशुतोष मिश्रा, राजेश मसीह, डॉ0 शक्ति सिंह को बनाया गया।

उपस्थित सभी लोगों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का फूल-माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

बैठक को नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पीयूष राठौर व पर्यवेक्षक विनीत अग्निहोत्री ने आये हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सो रहे युवक को सांप ने दो जगह डसा



**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में रविवार सुबह सांप के काटने से गंभीर रूप से पीड़ित एक युवक की हालत बिगड़ने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टरों ने करीब छह घंटे के भीतर मरीज को एंटी-स्नेक वेनम की 24 डोज दीं, लेकिन उसकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका।

# बाढ़ पीड़ितों को चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति ने बांटी राहत सामग्री

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

जिले में बाढ़ से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सामाजिक संस्थाएं आगे आकर मानवता की मिसाल पेश कर रही हैं। चिंतामणि सुंदरकांड पाठ समिति ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र रतनपुर ग्राम में बाढ़ पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष बृज किशोर सिंह ने बताया कि बाढ़ के कारण राजेपुर ब्लॉक के अंतर्गत रतनपुर के ग्रामीणों के घरों में पानी भर गया है और रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। इसको देखते हुए समिति के द्वारा एवं सदस्यों ने आपसी सहयोग से राहत सामग्री एकत्र कर पीड़ितों तक पहुंचाने का निर्णय लिया। वितरित की गई राहत किट में चावल, अरहर की दाल, सत्तू, नमक, सरसों का तेल, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, मोमबत्ती, माचिस, दंत मंजन सहित दैनिक उपयोग की सभी आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।



बाढ़ पीड़ितों को राशन वितरित करते लोग

## बराकेशव में किसानों का 14वें दिन भी धरना जारी

**समृद्धि न्यूज, नवाबगंज।** ब्लॉक मोहम्मदाबाद के ग्राम सभा बराकेशव में चकबंदी प्रक्रिया एवं किसानों पर दर्ज मुकदमों को लेकर किसानों द्वारा किए जा रहे अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन का 14 वाँ दिन किसान मांगो पर डटे हुए है। जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने कहा कि ये धरना प्रदर्शन जब तक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक चलता रहेगा। किसानों को उनका हक और अधिकार दिलाकर ही रहेंगे। जिले के अधिकारी सुन ले चकबंदी नहीं होगी, क्योंकि फसल को बर्बाद नहीं करने देंगे, दूसरी तरफ इसी ग्राम की जमीनें का अधिग्रण हो रहा और चकबंदी एक्ट में साफसाफलिखा है कि जिस गांव में किसी योजना के तहत अधिग्रण होता है तो उस ग्राम की चकबंद प्रक्रिया रोक दी जायेगी।

# पुलिस लाइन में लगा स्वास्थ्य शिविर निःशुल्क बांटी गईं दवाएं

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) के तत्वावधान में पुलिस लाइन अस्पताल में एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं होम्योपैथिक वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन प्रसिद्ध स्वास्थ्य सेवा प्रदाता टाटा 1 एमजी की विशेष सहभागिता से किया गया। कैम्प में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा पुलिसकर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मरीजों की आवश्यकतानुसार मौके पर ही कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी जांचें की गई। स्वास्थ्य जांच और परामर्श के उपरांत, मरीजों को उनकी बीमारी के आधार पर निःशुल्क औषधियां दवाएं भी वितरित की गई। एलोपैथी के साथ-साथ वामा वेलनेस कैम्प के अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से भी पुलिस परिवारों को स्वास्थ्य परामर्श और सुरक्षित उपचार प्रदान किया गया। दिन-रात आम जनमानस की सुरक्षा में तैनात रहने वाले पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस शिविर का आयोजन किया गया था।



# सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अनुपम दुबे व शिवप्रताप चीनू को बड़ी राहत

- फतेहगढ़ कोतवाली का गैंगस्टर केस समाप्त, मथुरा जेल भेजा गया रिहाई परवाना

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** बहुचर्चित अनुपम दुबे और उनके सहयोगी शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू को गैंगस्टर मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/अपर सत्र न्यायाधीश (न्यायालय संख्या-7) फर्रुखाबाद अंकित कुमार मित्तल की अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अनुपालन करते हुए फतेहगढ़ कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे की पूरी कार्यवाही को समाप्त कर दिया है। उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली द्वारा एसएलपी (क्रिमिनल) शिव प्रताप उर्फ चीनू बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में 20 अगस्त को फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमा थाना कोतवाली फतेहगढ़ की चार्जशीट संख्या 1/2025 को निरस्त कर दिया गया था। अभियुक्त पक्ष द्वारा सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश की सत्यप्रतिलिपि फर्रुखाबाद की विशेष गैंगस्टर अदालत में प्रस्तुत की गई। विशेष न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवलोकन करने के बाद पाया कि जब सर्वोच्च अदालत ने एफआईआर और चार्जशीट को ही निरस्त कर दिया है, तो इस मामले को स्थानीय अदालत में लंबित रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। अनुपम दुबे और शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू के विरुद्ध चल रही वाद की कार्यवाही को पूरी तरह समाप्त कर दिया। मथुरा जिला जेल में बंद अभियुक्त अनुपम दुबे के खिलाफ धारा 309 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत जारी वारंट को निरस्त कर दिया। अनुपम दुबे का रिहाई परवाना जिला जेल, मथुरा को तुरंत प्रेषित करने का आदेश दिया यदि वे किसी अन्य मामले में वांछित न हों। आदेश की एक प्रति आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को भी भेजी गई है। यह मामला थाना कोतवाली फतेहगढ़ में वर्ष 2024 में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें धारा 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत अनुपम दुबे और शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू को आरोपी बनाया गया था।

# बरसात में विद्यालय की छत का टूटकर गिर रहा है प्लास्टर

- बच्चों को निजी मकान में शिफ्ट करने की गुहार

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव भरथरी में प्राथमिक विद्यालय खसता हाल होने के कारण खंडहर में तबदील हो गया है तथा विद्यालय के बच्चों को स्थानांतरण कर निकट शाहीपुर गांव के विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है शाहीपुर विधालय की दूरी लगभग 2 किलोमीटर है। बरसात के मौसम के चलते छोटे बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। समस्त ग्रामवासियों की सहमति से बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की गयी है कि जब तक विद्यालय की मरम्मत व निर्माण कार्य सम्पन्न न हो जाये, तब तक गांव के ही सौरभ कुमार पुत्र मुलायम सिंह के निजी मकान में विद्यालय को संचालित कर दिया जाये। जिससे छोटे बच्चों को आने जाने में काफी आसानी होगी, इससे पूर्व में भी कई शिकायते की जा चुकी है, परंतु अभी तक इस समस्या का कोई निदान नहीं हुआ। सौरभ कुमार, राजेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, पोकज, सुरेंद्र सिंह, अरविन्द, यादराम, वेदपाल, रामसूरज, मनोज, विपन सिंह आदि समस्त ग्रामवासियों ने अपनी इस समस्या के सम्बन्ध में सहमति जतायी है तथा सभी लोगों ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग है कि गांव के ही मकान में बच्चों को शिफ्ट कर दिया जाये, जिससे छोटे बच्चों को आसानी रहेगी।



गिरा विद्यालय का प्लास्टर

# करोड़पति दवा कारोबारी की चाकू से गोद कर हत्या

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**


मृतक की फाइल फोटो

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर स्थित रतन आर्बिट में दवा कारोबारी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। देर रात करीब तीन बजे जब बेटा बहू पार्टी से लौटे तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। घटना के समय दवा कारोबारी घर पर अकेले थे, जबकि उनकी पत्नी सुनीता अपनी बेटी के पास गाजियाबाद गई हुई थी। अति सुरक्षित माने जाने वाले अपार्टमेंट में हुई वारदात से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर एसीपी फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रतन आर्बिट के प्रथम तल पर सी-104 अपार्टमेंट में रहने वाले 63 वर्षीय विनीत विनोचा दवा कारोबारी थे। बिरहाना रोड में उनकी फार्मा ट्रेडर्स के नाम से फार्म है जिससे वह और उनका बेटा सुव्रत संभालते है। परिवार में पत्नी पुनीता और बहू शालू और छह साल का पत्र श्रीजय है। विनीत की पत्नी पुनीता मैरिज काउंसलर हैं वह एक सप्ताह पहले ही गाजियाबाद गई थी। उनकी बेटी सुभानी और उसके पति गुड़गांव में रहते हैं और दोनों इंजीनियर है। लखनऊ के ठकुरगंज में रहने वाले विनीत के समधी नरेश अरोड़ा ने बताया कि शनिवार रात उनकी बेटी शालू पति व बेटे के साथ पार्टी में गए थे। रात करीब तीन बजे वह लौटे तो पिता विनीत की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। घबरा बेटे ने यूपी 112 पर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद एसीपी कल्याणपुर दिलीप सिंह व थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाए। एसीपी ने बताया कि घर में लगे सीसी फुटेज में घटे दो लोग घुसते नजर आए हैं उसका डीवीआर कब्जे में लिया गया है बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही की जा रही है इसके साथ अपार्टमेंट में गेट और अन्य स्थानों पर लगे सीसी फुटेज का डाटा जुटाया जा रहा है।

## पांचाल घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** जिला गंगा समिति के तत्वाधान में पांचाल घाट पर गंगा योद्धाओं के माध्यम से साप्ताहिक गंगा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देशन में निहारिका पटेल के द्वारा अभियान का आयोजन किया गया। अंतर्गत घाट पर फैली गंदगी, खंडित मूर्तियां, प्लास्टिक, पॉलिथीन इत्यादि एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया। उन्होंने घाट पर आने वाले लोगों को भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी पवित्र नदी है अनेकों श्रद्धालु प्रतिदिन गंगा स्नान कर अपने आप को स्वच्छ रखते है, परंतु अज्ञानता वश अपने साथ पूजा की सामग्री एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री गंगा में ही प्रवाहित कर देते हैं, जिससे गंगा का जल दूषित होता है एवं गंगा घाट पर भारी मात्रा में गंदगी एकत्रित होती है।

## आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

- केंद्र पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**


कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व अन्य

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओमनिवास जटवारा जदीद अंगूरीबाग में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व श्रद्धा, उमंग एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण की चैतन्य मनमोहक झांकी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहे। साथ ही शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बीके शोभा बहन ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन पवित्रता, प्रेम, सत्यता, मधुरता और दिव्य गुणों का प्रतीक है। जन्माष्टमी मनाने का सच्चा उद्देश्य श्रीकृष्ण के गुणों को अपने जीवन में धारण करना है। राजयोग के अभ्यास से मन को शांत एवं शक्तिशाली बनाया जा सकता है। बीके एकता बहन ने गीत प्रस्तुत कर कहा कि श्रीकृष्ण का बाल स्वरूप हमें निर्मलता, निश्छलता और मुस्कुराते हुए जीवन जीने की प्रेरणा देता है। बीके पूनम बहन ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी हमें अपने अंदर के अवगुणों को समाप्त कर प्रेम, शांति, पवित्रता और सद्भावना जैसे दिव्य गुणों को अपनाने का संदेश देती है। भाविप पांचाल शाखा संस्थापक कन्हैयालाल जैन ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था ने आध्यात्मिक एवं सामाजिक जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। पूनम जैन, राम बेटी ओझा ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मकता, संस्कार एवं आपसी प्रेम का वातावरण बनता है। श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया।

## रखा बालिका इंटर कालेज में उल्लास पूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस




**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** रखा बालिका इंटर कालेज में शिक्षक दिवस उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व राष्ट्रपति डॉ0 सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने प्रार्थना के साथ डॉ0 राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करके की। इस अवसर पर छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा 10वीं/ 12वीं, के विद्यार्थियों ने गुरु-शिष्य की परंपरा पर एक भावुक नाटक प्रस्तुत किया और सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने गीत, नृत्य और भाषण के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने अपने पसंदीदा शिक्षकों को हस्तनिर्मित कार्ड और स्मृति चिह्न भेंट किए। प्रधानाचार्य ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे अच्छे समाज और राष्ट्र के निर्माण की नींव रखते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# माता-पिता की सेवा करना संतान का परम धर्म: आचार्य संदीप आर्य

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।**

आर्य समाज कमालगंज में रविवार को साप्ताहिक यज्ञ एवं वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। आचार्य संदीप आर्य ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां प्रदान कर राष्ट्र, समाज एवं परिवार की सुख-शांति की कामना की। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि माता-पिता से बढ़कर संतान का कोई हितैषी नहीं होता, इसलिए माता-पिता की सेवा करना संतान का परम धर्म है। उन्होंने कहा कि माता-पिता को भी बाल्यकाल से ही बच्चों में सेवा, संस्कार और कर्तव्यबोध की भावना विकसित करनी चाहिए। आचार्य ने कहा कि आज मनुष्य धन और भौतिक संसाधन जुटाने की दौड़ में इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपनी संतान और परिवार को पर्याप्त समय नहीं दे पा रहा।


हवन में आहूतियां डालते लोग

इसका परिणाम परिवारों में बढ़ते तनाव, संस्कारों के ह्रास और वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या के रूप में सामने आ रहा है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि मानसिक शांति, चरित्र निर्माण और आध्यात्मिक चेतना के लिए युवाओं को आर्य समाज के वैदिक सत्संग से जुड़ना चाहिए।

## दुकान में घुसकर अराजक तत्वों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के बड़नपुर चौराहा पर एक ऑटो सर्विस सेंटर की दुकान में घुसकर आधा दर्जन लोगों ने दुकानदार को लाठी-डंडे और लात-घूंसों से बुरी तरह पीट दिया। आरोपियों पर तमंचा लहराकर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। घायल को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया है जहां से उसे कानपुर के लिए रेफर किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को छह नामजद समेत 11 लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना क्षेत्र के बड़नपुर चौराहा निवासी आलोक साहू शनिवार की शाम करीब 7 बजे वह अपनी दुकान न्यू किसान ऑटो सर्विस सेंटर बडनपुर पर मौजूद था। तभी कुछ अराजकतत्व दुकान पर घुस आए और रुगाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने एक राय होकर उसका कॉलर पकड़ लिया और लाठी-डंडा, लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया।

## भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत ली गई शपथ



नशा मुक्ति की शपथ लेते शिक्षक

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश समस्त शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्रायें मौजूद रही। डॉ0 मधुप कुमार ने सभी लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से यह सुनिश्चित करवाया कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार के नशे से पूरी तरह दूर रहेंगे। उपस्थित लोगों ने यह भी संकल्प लिया कि वे अपने परिवार, मित्रों और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता अभियान चलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाएंगे।

## खबरें एक नजर में

### तेज बुखार आने से बच्ची की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम गड़रियन खेड़ा निवासी एक वर्ष की बच्ची को तेज बुखार आने पर परिजनों ने शनिवार शाम को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने गंभीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां बच्ची को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजन उसे लेकर देर रात घर लौट आये। सुबह परिजन उसे फिर यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये स यहां भी डॉक्टर ने बच्ची को मृत बताया तब परिजनों को विश्वास हुआ और शव लेकर घर चले गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गड़रियन खेड़ा निवासी अमर सिंह की पुत्री आयशा 1 वर्ष को दो दिन पूर्व बुखार आया था। परिजन पहले उसे किसी प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराते रहे। जब कोई सुधार नही हुआ। तब परिजन शनिवार देर शाम बच्ची को इलाज के लिए यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुँचे। जहां डॉक्टर ने बच्ची को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए आयोजित रक्तदान शिविर

**उन्नाव।** गुरु सिंह सभा, निकट बस अड्डा, उन्नाव में पोल्का फाउंडेशन द्वारा कानपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के 231 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के जीवन को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से सदर विधायक पंकज गुप्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजकों द्वारा सदर विधायक पंकज गुप्ता को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके उपरांत सदर विधायक ने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर के दौरान सदर विधायक ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा रक्तदान के प्रति उनके समर्पण और सेवाभाव की सराहना की। उन्होंने रक्तदाताओं को फ्रूटी भेंट कर उनका उत्साहवर्धन एवं आभार व्यक्त किया।

### लापता युवती की मां रो-रोकर बेहाल

**परियर।** लापता लड़की की मां का रो-रोकर बुरा हाल है। बेटी के लापता होने के बाद से मां बार-बार एक ही गुहार लगाती रही साहब मेरी बेटी इस दुनिया में नहीं रही मगर एक बार हमारी बेटी को ढूंढ दे दो बेटी के सुध में लगातार रोती रही कई बार जमीन पर बेसुध होकर गिर पड़ती थी।बेटी के मौत पर से परिवार पर दुखों का मानो पहाड़ टूट पड़ा है। मां के लिए इस मुश्किल घड़ी में एक-एक पल काटना बेहद कठिन हो रहा था। रविवार को गंगा पुल पर लोग आँखे जमाये रहे, मां की आंखें बेटी के लौटने की उम्मीद में गंगा के पातीन दिन से लापता युवती की तलाश जारी, गोताखोर व 32 वी वाहिनी बटालियन पीएसी लखनऊ टीम लापता युवती की तलाश में लगातार तीसरे दिन भी पुलिस,व गोताखोर और एनडीआरएफ की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी रही लेकिन देर शाम तक युवती का कोई सुराग नहीं मिल सका। सफीपुर थाना अध्यक्ष संदीप मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहकर लगातार खोजबीन की निगरानी करते रहे। गंगा में गोताखोर और 32 वी वाहिनी बटालियन पीएससी लखनऊ की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। आसपास के क्षेत्रों तक भी तलाश की गई, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। युवती के परिजन लगातार मौके पर मौजूद हैं और उसकी तलाश को लेकर बेहद परेशान हैं। पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं और अभियान लगातार जारी रहेगा।

## कार में अचानक आग लगने से पूरी तरह जलकर खाक

**समृद्धि न्यूज, बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के ग्राम दुबरिपुरवा में एक प्लाट में खड़ी कार में सुबह आग लग गई और कार पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पीड़ित ने जमीनी विवाद के चलते कार में आग लगाने का आरोप लगाते हुए गांव के ही विपक्षियों को नामित कर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दूबरि पुरवा निवासी शालिनी सिंह पत्नी धर्मसिंह के अनुसार लगभग एक वर्ष पूर्व उन्होंने फर्रुखाबाद क्षेत्र निवासी अपने रिश्तेदार से एक कार खरीदी थी। जो गांव के निकट स्थित उनके प्लाट पर खड़ी हुई थी। रविवार की अलसुबह कार में लाग लगने से वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पीड़ित का आरोप है। जिस जमीन पर उसकी कार खड़ी थी। उसी जमीन को लेकर गांव निवासी विपक्षियों से उसकी रंजिश चली आ रही है।

## इस्लामिया स्कूल में शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शिक्षक दिवस पर फतेहगढ़ स्थित इस्लामिया स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया और उन्हें उपहार भेंट किए गए। प्रबंधक सैय्यद रिजवान अली ने शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा शिक्षक सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि वे बच्चों का एक संपूर्ण व्यक्तित्व भी तैयार करते हैं। वे बच्चों को अनुशासन के साथ जीवन जीना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की नींव मजबूत करने में प्राथमिक शिक्षकों की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण होती है। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने भी अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान और प्रेम व्यक्त किया। बच्चों ने अपने-अपने शिक्षकों को आकर्षक गिफ्ट कार्ड भेंट किए।



इसके साथ ही, छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को समर्पित गीत गाए और बेहतरीन शेर-ओ-शायरी सुनाकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कई शिक्षक हाफिज सलमान शकील, खुसरो, मनतशा, सानिया, शीबा, अनिया, फरहीन और सदफतंज़ील को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के अन्य सदस्य बिलाल, सोहेल और अदनान अली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया।

## डीएम के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का हुआ औचक निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, फर्रुखाबाद।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर का नलकूप विभाग से प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता कुलदीप राही, सिंचाई पर्यवेक्षक राकेश कुमार, नलकूप चालक जागेंद्र सिंह ने प्रातः 9 बजे विद्यालय पहुंचकर स्कूल सभी पैरामीटर का सघन निरीक्षण किया। परिसर की सापु-सफाई, शौचालय, किचन, कक्षाओं का अवलोकन किया गया। आशा एवं उमा रसोइयों ने बताया कि मीनू के अनुसार खाना बनाया जा रहा है। 62 में 40 बच्चे उपस्थित मिले। शौचालय में जल सप्लाई न मिलने पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि विगत तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण पानी की टंकी नहीं भरी गई। उधर आंगनबाड़ी केंद्र पर कार्यकत्री मेमवती उपस्थित मिली। उन्होंने बताया कि केंद्र पर शून्य से छः वर्ष के कुल 136 बच्चे पंजीकृत हैं। जिसमें 60 बच्चे उपस्थित मिले। इसके बाद अल्लाहपुर, रुटौल, मंझोला, गुलबाज नगर, जौरा, अब्दुल रहमान पुर, लखनपुर सहित एक दर्जन स्कूलों का निरीक्षण किया।



## जिला कार्यशाला व संगठनात्मक बैठकें संपन्न



**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, उन्नाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा और सुशासन को समर्पित सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत जिला कार्यशाला का विधिवत आयोजन किया गया। इसके उपरांत जिला पदाधिकारियों की मासिक बैठक तथा मंडल अध्यक्षों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठकें भी संपन्न हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पार्चन, दीप प्रज्वलन तथा सामूहिक श्वंदे मातरमश् गायन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी अर्चना मिश्रा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण जीवन अंत्योदय, राष्ट्र प्रथम और सुशासन की त्रिवेणी पर आधारित है। उन्होंने अभियान के सभी कार्यक्रमों को धरातल पर पूरी भव्यता और सुसज्जित रूप से प्रस्तुत करने का आह्वान किया। जिला प्रभारी ने कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन की रूपरेखा रखते हुए स्पष्ट किया कि हर आयोजन में अधिकतम जनसहभागिता, सोशल मीडिया का सुनियोजित उपयोग तथा बूथ स्तर तक व्यापक पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए, जिससे अभियान पूरी तरह व्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने युवाओं, महिलाओं, किसान गरीब का जीवन बदलने का कार्य किया है छोटी छोटी योजनाएं देकर चाहे महिलाओं के लिए शौचालय हो आवास हो गैस का कनेक्शन हो शहरों में भी हर जगह पिंक शौचालय बनाए

## श्रीकृष्ण जन्म के साथ शुरू हुआ लीला महोत्सव

- राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में लीला देख भावविभोर हुए श्रद्धालु

**समृद्धि न्यूज, उन्नाव।**



किशोरी खेड़ा स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्म के मंचन के साथ लीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। श्रीधाम वृंदावन के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त श्रीहरिराम कौशिक कला अनुकरण मंडल और आदर्श हित रासलीला संस्थान के प्रमुख स्वामी मुंशीलाल कौशिक जी महाराज के कुशल निर्देशन और व्यास स्वामी हरिराम कौशिक के संचालन में पावन श्रीकृष्णलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। माता देवकी के आठवें पुत्र को कंस जब मारने की कोशिश करता है तो आकाशवाणी होती है कि हे कंस तुम्हारा वध करने वाला देवकी का आठवां पुत्र जन्म लेकर अपने सुरक्षित गंतव्य पर पहुंच चुका है। वासुदेव, श्रीकृष्ण को टोकरी में जब मूसलाधार वर्षा के मध्य यमुना जी के मार्ग से जाते हैं शेषनाग स्वयं भगवान को नंद बाबा के घर सुरक्षित पहुंचाने के लिए छतरी बन जाते हैं। नंद बाबा के घर जन्मोत्सव मनाया जाता है। कन्हैयालाल जी की जय जयकार चारों ओर फैल जाती है। लीला प्रारंभ और विश्राम की आरती में आयोजक परिवार से सुशील कुमार गुप्ता, रामजी गुप्ता, भारती गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, शुभांशु गुप्ता, शाम्भवी सिंह और महोत्सव संयोजक आशीष पांडेय, समिति महामंत्री सूरज सिंह, मीडिया प्रमुख डॉ मनीष सेंगर, मंत्री प्रशांत निगम व सचिन गुप्ता, अनूप सिंह, हरिओम चाचा आदि ने शामिल हो जनपद वासियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लीला दर्शन के लिये पधारने का आवाहन किया।

# विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य हुए मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

पूरा देश आज जहां पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मना रहा है वहीं स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज फतेहपुर के लिए यह दिन विशेष उपलब्धि वाला रहा विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह परिहार को गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीर नाथ प्रेक्षागृह में राज्य के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के कर कमलों द्वारा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार, 2025 से सम्मानित किया गया।

पूर्व में भी विद्यालय से जुड़े हुए दो आचार्य ओम प्रकाश शुक्ला एवं सुशील कुमार तिवारी को एवं पूर्व प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

आज इसी क्रम में चौथे पुरस्कार के रूप में माननीय विक्रम बहादुर सिंह परिहार को सम्मानित किया गया।

शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में आयोजित आचार्य सम्मान समारोह में पूरे विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय की इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगनियों का माल्यार्पण कर एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोक सेवा आयोग सदस्य सुधीर प्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में सर्वजीत, क्षेत्रीय गौ सेवा पूर्वी उत्तर प्रदेश, फतेहपुर विभाग के विभाग प्रचारक शिव शंकर, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर हरेश प्रताप सिंह, प्रबंधक राकेश कुमार श्रीवास्तव एवं पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# 650 जर्जर मकानों में खौफ के बीच जीवन बसर

- नगर निगम के चिन्हित मकान में रह रहे हैं लोग
- स्थिति ढाक के तीन पात वाली

**समृद्धि न्यूज, कानपुर।**

मानसून सीजन की 650 मिमी से अधिक बारिश पिछले करीब ढाई माह में हो चुकी है और पिछले एक माह में कई जर्जर मकान ढह गए मानसून सीजन शुरू होने से पहले नगर निगम के अफसरों की ओर से कानपुर के छह अलग-अलग जोनों में 695 ऐसे भवन स्वामियों को नोटिसें जारी की गई, जिनके मकान जर्जर हो चुके हैं. लेकिन स्थित डाक के तीन पाठ की तरह बनी हुई है नगर निगम नोटिसों को जारी कर रहा है लेकिन नोटिसों पर अमल करना तो दूर लोगों को अपनी जान की कीमत समझ नहीं रहे हैं और उन्हें जर्जर भवनों में रहने को मजबूर है । निगम अफसरों द्वारा नगर क्षेत्र में कुल 695 जर्जर एवं गिराऊ भवनों को चिन्हित किया गया है। भवन स्वामियों को नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा-331 के अंतर्गत नोटिस जारी कर चेताया गया कि भवन की स्थिति का तत्काल परीक्षण कर जरूरी मरम्मत का काम करा लें। भवन की अत्यधिक जर्जर स्थिति होने पर उसे तत्काल खाली कर दें।

## रस्तोगी फिनवेस्ट ने किया निवेशक जागरूकता कायक्रम आयोजित

**समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर रस्तोगी फिनवेस्ट ने शिक्षकों के योगदान का सम्मान करने और वरिष्ठ निवेशकों के विश्वास के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए एक विशेष निवेशक जागरूकता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। यह कार्यक्रम रस्तोगी फिनवेस्ट की व्यावसायिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव भी रहा, जिसमें इसके संचालन को व्यक्तिगत व्यवसाय से कंपनी संरचना में परिवर्तन और उन्नयन का उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षक, वरिष्ठ निवेशक, व्यावसायिक सहयोगी और शुभचिंतकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रस्तोगी फिनवेस्ट के प्रमोटर सुमित रस्तोगी ने संस्था की यात्रा, निवेशकों के प्रति उसकी प्रतिबद्धता और विकास के अगले चरण के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। इस दौरान आदित्य बिड़ला कैपिटल म्यूचुअल फंड कानपुर क्लस्टर मैनेजर आयुष ने संबोधित किया। उन्होंने वित्तीय जागरूकता, अनुशासित निवेश और निवेशकों के वित्तीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर निवेश संबंधी निर्णय लेने के महत्व पर प्रकाश डाला। डीएसपी म्यूचुअल फंड, कानपुर के एवीपी मुकुल बाजपेयी ने संचालित किया। मुकुल बाजपेयी ने दीर्घकालिक संपत्ति निर्माण के दौरान निवेशकों द्वारा ध्यान में रखे जाने वाले मूलभूत सिद्धांतों को समझाया।



# महाराजगंज की नगर पालिका अध्यक्ष ने किया स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ पुष्पलता मंगल ने आज नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था का निरीक्षण किया।

उन्होंने गोरखपुर रोड पर दुकानदारों से मुलाकात कर डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था की जानकारी ली और दुकानदारों से अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित व्यवस्था के तहत ही नगर पालिका की कूड़ा कलेक्शन टीम को दें।इसके बाद अध्यक्ष ने सुभाष नगर में पहुंचकर साफ-सफाई व्यवस्था का



निरीक्षण किया तथा स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने संबंधित सफाई कर्मचारियों को नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए एवं करपत पार्क में भी साफ-सफाई का निरीक्षण कर पार्क को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर पालिका के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी बेहद जरूरी है।इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि रामाश्रय,सफाई नायक इंद्रासन, कलामुद्दीन व विवेक कुमार सहित वार्ड की सम्मानित जनता मौजूद रही।

## बारिश की फुहारों से सीवानों की रौनक बढ़ी

**महाराजगंज।** सप्ताह भर से बारिश,हवा, धूप का मिला-जुला दौर चल रहा है। ऐसे में बारिश की फुहारें धान की फसल के लिए शक्ति वर्धक टॉनिक साबित हो रही है। गांवों के सिवानों में हरियाली की चादर बिछी हुई है जिससे सिवानों की रौनक बढ़ गई है। कम अवधि के धान की फसल की बालियां निकल चुकी है।और धान पक रहा है वही लंबी अवधि के धान की फसल रेडे की अवस्था में आ चुकी है। गांव के अधिकांश सिवानो में पानी लगा हुआ है। करीब सप्ताह भर से कभी तेज कभी हल्की बारिश का क्रम बना हुआ है।जिससे धान की फसल पर लगे रोग नियंत्रण में है।और फसलों का विकास जारी। उल्लेखनीय है कि जनपद में बीते अगस्त माह के दौरान औसतन मात्र 119.67 मिमी बारिश हुई वहीं चालू माह के दौरान अब तक 71.45 मिली मीटर औसत बारिश जनपद में हो चुकी है।और घने बादलों की मौजूदगी के बीच गरज चमक के बीच तेज हवा के साथ भारी बारिश का दौर जारी हैं।किसानों के अनुसार बारिश और धूप से धान की फसल को बेहतर लाभ मिल रहा है। आगे भी प्रकृति का साथ मिला तो फसल के बेहतर होने की संभावना है। बारिश की फुहार से धान की फसल का बढवार जारी है।

# डोल यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया प्रतिभाग

**समृद्धि न्यूज़ महाराजगंज।**



परतावल नगर चौराहा से डोल यात्रा बीते वर्षो की भांति निकली गई जो छातिराम चौराहा तक गया। डोल यात्रा के दौरान भगवान श्री कृष्ण एवं राधा जी का झलक देखने के लिए लोग कतारबद्ध दिखे।गाजे बाजे के साथ डोल यात्रा शांतिपूर्वक निकाली गई।डोल यात्रा में हिंदू युवा वाहिनी के काशीनाथ सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि, हरेंद्र कृष्ण त्रिपाठी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश मद्धेशिया,बागेश कसौधन, तेज प्रताप,सननी साहनी व मुकुल शर्मा हिंदू विवाह वाहिनी के कार्यकर्ता एवं आमजन भारी संख्या में शामिल रहे।इस दौरान शांति व्यवस्था की देखरेख के लिए पुलिस प्रशासन डोल यात्रा में साथ-साथ शामिल रहा। डोल यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक डोल यात्रा में प्रतिभाग किया। और भक्ति पूर्वक जय कारे लगाएं।

## अनुशासनहीनता के आरोप में चौकी प्रभारी अड्डा बाजार समेत 6 पुलिसकर्मी निलंबित

**महाराजगंज।** जनपद महाराजगंज के थाना नौतनवा क्षेत्रान्तर्गत पुलिस चौकी अड्डा बाजार से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्राधिकारी निचलौल को तत्काल जांच हेतु निर्देशित किया गया। जांच में प्रथम दृष्ट्या अनुशासनहीनता एवं पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। निलंबित पुलिस कर्मियों में उनि अखिलेश यादव चौकी प्रभारी,उनि विकास कुमार गौड़, कां. प्रभार गौड़,अभिमन्यु खरवार, रामकृत यादव व कां. प्रशांत कुमार शामिल है।

# बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

जनपद महाराजगंज के थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सवना गांव में आज मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत बहु-बेटी सम्मेलन का विशेष आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति टीम की म.उ.नि. निहारिका रंजन, महिला आरक्षी चंदा यादव एवं महिला आरक्षी पूजा मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नीतू देवी, आशा बहू मीरा तथा क्षेत्र की 45 महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया। इसी प्रकार थाना ठूठीबारी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सड़कहवा, थाना नौतनवा के ग्राम पंचायत हथियहवा तथा थाना सोनौली के भगवानपुर में




बहू बेटी सम्मेलन आयोजित हुआ इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को समाज में होने वाले विभिन्न अपराधों जैसे छेड़छाड़, दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या, बलात्कार एवं साइबर अपराधों से निपटने तथा सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई।और आपातकालीन स्थितियों में तुरंत सहायता प्राप्त करने हेतु महिलाओं को 112 (आपातकालीन सेवा), 1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), एवं 102 (स्वास्थ्य सेवा) जैसे नंबरों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ सहित महिलाओं व बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने पुलिस की इस पहल को अत्यंत साहस बढ़ाने वाला और सकारात्मक बताया। महिलाओं का कहना था कि हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी मिलने से अब वे बिना किसी डर या संकोच के घर बैठे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगी, जिससे समस्याओं का शुरुआती दौर में ही समाधान हो सकेगा और बड़े अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी।

# एनएच के नालियों के बार-बार टूट रहे स्लैब आवागमन प्रभावित

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

एन एच 730 सड़क किनारे बनाई गई नालियों पर संपर्क मार्गो के सामने लगाए जा रहे स्लैब बार-बार टूट जा रही है। जिससे आवागमन प्रभावित हो जा रहा है। जिसके चलते मुख्य सड़क पर आने के लिए लोगों को लंबी दूरी तय कर आना जाना पड़ रहा है। नालियों पर रखे जा रहे हैं स्लैप कितनी मजबूत क्षमता के हैं जो हफ्ते दस दिन भी नहीं टिक रहे हैं। परिणाम स्वरूप दो पहिया -चार पहिया वाहनों का आना-जाना ठप हो जा रहा है। और लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। उल्लेखनीय है कि एन एच 730 सड़क किनारे जल निकासी के लिए नालियां बनाई गई है जिस पर सीमेंट के स्लैब रखे गए हैं।



इनमें तमाम स्लैप जगह-जगह टूट गए हैं। जिससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका परिषद सीमा में लोहिया नगर, शास्त्री नगर,आजाद नगर आदि वार्डों में नालियों पर लगाए गए स्लैप बार-बार टूट जा रहे हैं। जिससे हल्के एवं भारी वाहनों का आवागमन ठप हो जा रहा है। लोहिया नगर में टीवीएस एजेंसी के बगल लगाए गए चार स्लैब में तीन स्लैब लगने के कुछ दिन के बाद ही टूट गए हैं। यही हाल कई जगह का बना हुआ है। लोगों को वाहनों से आने-जाने के लिए मजबूरन लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। ऐसे में संपर्क मार्गों के सामने लगाए जाने वाले स्लैब मजबूत संरचना के लगाए जाने की आवश्यकता है। ताकि लोगों को आने-जाने में बार बार दिक्कत ना हो।

# आकाशीय बिजली बनी नुकसान का पर्याय

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**

बारिश के साथ तेज गरज चमक के बीच आकाशीय बिजली गिरने का दौर जारी है। जिससे जान माल का नुकसान हो रहा है। शनिवार को देर शाम टीकर निवासी प्रेमसागर गुप्ता की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मृत्यु हो गई।वहीं रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा दरौली मे कैलाश सिंह पुत्र स्व. झीनकू सिंह का आवासीय खपरैल मकान गिरकर पूरी तरह ध्वस्त हो गया। अचानक हुई इस प्राकृतिक आपदा से परिवार को काफी नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि हादसे के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई।बताया जा रहा है कि आकाशीय बिजली गिरने के बाद खपरैल का मकान अचानक भरभराकर धराशायी



हो गया। देखते ही देखते परिवार का आशियाना मलबे में तब्दील हो गया। मकान के क्षतिग्रस्त होने से पीड़ित परिवार के सामने रहने की समस्या भी खड़ी हो गई है। पीड़ित कैलाश सिंह ने बताया कि मकान आवासीय था और उसके ध्वस्त होने से उन्हें काफी आर्थिक क्षति हुई है। प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान को देखते हुए उन्होंने प्रशासन और सरकार से नुकसान का स्थलीय आकलन कराकर आपदा राहत के तहत उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। वही ग्राम पंचायत बरवा राजा में आजाद के मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से पानी की टंकी फूट गई एवं छत में सुराख हो गया और विद्युत उपकरण को काफी छति हुई है। आकाशीय बिजली गिरने से हो रहे जान माल के नुकसान से आमजन परेशान है।

## तुर्कपट्टी पुलिस ने अस्वस्थ युवती को सकुशल परिजनों को किया सुपूर्द

**कुशीनगर।** जनपद के तुर्कपट्टी थाने की मिशन शक्ति टीम द्वारा मानसिक रूप से अस्वस्थ युवती को सकुशल उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। है। पुलिस ने अनुसार 5 सितम्बर को पीआरबी के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी चौराहे पर एक लड़की मानसिक रूप से अस्वस्थ अवस्था में घूम रही है। उसकी आयु देखने से लगभग 25 से 30 वर्ष प्रतीत हो रही थी तथा वह अपना नाम व पता स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही थी। सूचना प्राप्त होते ही तुर्कपट्टी थाने की मिशन शक्ति टीम तत्काल मौके पर पहुँची और उक्त लड़की को थाने पर लाया गया। थाने पर मिशन शक्ति टीम द्वारा अत्यंत धैर्य, संवेदनशीलता एवं निरंतर प्रयासों के साथ उससे पूछताछ की गई। लड़की की मानसिक स्थिति के कारण नाम-पता प्राप्त करने में टीम को काफी मेहनत करनी पड़ी।

# हेतिमपुर टोल प्लाजा पर भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्षों का स्वागत

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

भाजपा गोरखपुर क्षेत्र के नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं कुशीनगर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष जय प्रकाश शाही तथा राधेश्याम पांडेय के जिले में प्रथम आगमन पर रविवार को हेतिमपुर टोल प्लाजा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज और पार्टी के जयकारों से पूरा वातावरण उत्साहपूर्ण हो गया। नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्षों के स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में हेतिमपुर टोल प्लाजा पर पहुंचे थे। जैसे ही जय प्रकाश शाही



और राधेश्याम पांडेय का काफिला वहां पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत करते हुए पार्टी के समर्थन में जोरदार नारे लगाए। कार्यकर्ताओं में दोनों नेताओं के नई जिम्मेदारी मिलने को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुधीर राव, मंडल अध्यक्ष राजेश राव, बच्चा सिंह तथा जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा मुकुल वर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी ने दोनों नेताओं को क्षेत्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर संगठन को और मजबूत करने का अवसर दिया है। उनके अनुभव और संगठनात्मक क्षमता से पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। स्वागत कार्यक्रम के दौरान जिला संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ धनंजय मणि त्रिपाठी, मंडल महामंत्री अभिनाश पांडेय, प्रिंस राव, डिम्पल पांडेय, जितेंद्र राव, मंजित सिंह, रत्नेश श्रीवास्तव, पवन दुबे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्षों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए संगठन को मजबूत बनाने में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह और एकजुटता देखने को मिली।

## पीडब्ल्यूडी की जमीन पर फर्जी दर्ज नाम हों निरस्तः एसडीएम कसया

**कुशीनगर।** जनपद के कसया तहसील क्षेत्र के सेमरा धूसी में पीडब्ल्यूडी, सडक की जमीन को फर्जी तरीके कुछ लोगों द्वारा अपने नाम से दर्ज करा लिए जाने के मामले में उप जिलाधिकारी कसया ने उक्त लोगों का नाम खारिज कर मूल खातेदार पीडब्ल्यूडी, सडक के नाम से दर्ज करने का आदेश दिया है। शिकायतकर्ता सीएच शुक्ला की शिकायती प्रार्थना पत्र पर वर्षों से लंबित मुकदमे में उपजिलाधिकारी न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए आराजी नंबर 828, रकबा 0.4500 हेक्टेयर (पुराना नंबर 1057, रकबा 1.11 एकड़) पर दर्ज चार निजी नामों को निरस्त कर भूमि को सड़क पीडब्ल्यूडी के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद चंद्रशेखर पुत्र योगेंद्र, प्रभाकर पुत्र योगेंद्र, श्रीमती चुनारी देवी और श्रीमती पतिया देवी के नाम उक्त भूमि से राजस्व अभिलेखों में समाप्त कर दिए गए हैं। इस मामले में कसया तहसील के विशेष शासकीय अधिवक्ता राजस्व विनय कुमार मिश्रा ने सहा अभियंता पीडब्ल्यूडी के माध्यम से 22 फरवरी 2023 को कायमी प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। शासकीय पक्ष ने न्यायालय के समक्ष पुराने चकबंदी एवं राजस्व अभिलेखों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करते हुए बताया कि विवादित भूमि 1347 फसली, 1359 फसली तथा आकार पत्र-2, 23, 41 और 45 में सड़क पीडब्ल्यूडी के नाम दर्ज रही है। इतना ही नहीं, राजस्व मानचित्र में भी संबंधित भूखंड सड़क/सरकारी भूमि के रूप में दर्ज होने की बात न्यायालय के समक्ष रखी गई थी।

## राजीव कुमार पाण्डेय ने संभाली भांवरकोल थानाध्यक्ष की कमान



**भांवरकोल/गाजीपुर।** नवागत थानाध्यक्ष राजीव कुमार पाण्डेय ने रविवार को भांवरकोल थाने का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त करने के साथ थाना परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और प्रमुख समस्याओं की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को मजबूत करना तथा क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। फरियादियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई पर विशेष जोर दिया जाएगा। इससे पूर्व राजीव कुमार पाण्डेय खानपुर थाने में थानाध्यक्ष के पद पर तैनात थे।

# डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर में शिक्षकों के सम्मान और उल्लास के साथ मना शिक्षक दिवस

**गाजीपुर।** डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर में शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों के तिलक लगाकर स्वागत के साथ हुआ। इसके पश्चात निदेशक श्री हर्ष राय एवं डॉ. प्रेरणा राय, श्री नरेंद्र राय, श्रीमती सीमा पांडेय, श्री रितेश राय एवं श्रीमती नंदिनी मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। समारोह के दौरान शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर एवं चिट गतिविधि खेल का आयोजन किया गया। खेलों में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम का वातावरण हंसी-खुशी एवं मनोरंजन से भर गया। केक कटिंग, मनोरंजक गतिविधियों तथा आपसी सहभागिता ने इस अवसर को और भी यादगार बना दिया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा पांडेय ने अपने संबोधन में शिक्षकों के समर्पण, जिम्मेदारी एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने



शिक्षकों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं उत्साह के साथ करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. प्रेरणा राय, निदेशक ने अपने संबोधन में सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को आकार देने में उनका योगदान अत्यंत मूल्यवान है। समारोह का समापन आपसी प्रेम, सम्मान एवं आनंदमय वातावरण में हुआ। विद्यालय परिवार ने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके निरंतर प्रयासों एवं समर्पण की सराहना की।

# चुनार, मिर्जापुर भंडारे में शामिल होने के लिए 200 श्रद्धालु कुशीनगर से हुए रवाना

- पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने नारियल तोड़कर किया बसों को रवाना

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**

जनपद के कसया नगर से रविवार को यथार्थ गीता के प्रणेता स्वामी अड़गड़ानंद महाराज मिर्ज़ापुर, चुनार स्थित परमहंस आश्रम परिसर में भंडारा आयोजन के लिए 200 श्रद्धालु रवाना हुए। श्रद्धालुओं से भरी बस को पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, आरएसएस देवरिया विभाग के सह विभाग संघचालक डॉ चंद्रशेखर सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल आदि ने नारियल तोड़ कर बसों को रवाना किया। श्रद्धालुओं ने भंडारे के लिए सभी



कच्चे खाद्य पदार्थ कुशीनगर से ही अपने साथ ले गए है। रामाशीष शुक्ला ने बताया कि दो क्विंटल घी में शुद्ध सात्विक प्रसाद तैयार कराया जाएगा। भंडारे का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता व लोक कल्याण के लिए यथार्थ गीता के प्रति लोगों को जागृत करना है। पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने कहा कि आपसी सहयोग से जिले से बाहर जाकर इतने बड़े भंडारे के आयोजन के लिए सभी श्रद्धालु प्रशंसनीय। सभी ने ओम हरि के जय घोष के साथ मंगलमय यात्रा की कामना किया। इस दौरान डॉ अनिल कुमार सिन्हा, नंदकिशोर राय, भाजपा नेता अमिय कुमार गुप्त, लवकुश पाण्डेय, बलराम यादव, बृजभान दुबे, बलिंदर यादव, सत्य प्रकाश मिश्रा, एमपी सिंह सुभाष राव, रविश तिवारी, पुरुषोत्तम मणि त्रिपाठी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गिट्टी लदे ट्रेलर ने पिकअप व ट्रक में मारी टक्कर, पिकप चालक की मौत

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के वाराणसी रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 स्थित ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर रविवार सुबह पांच बजे के करीब गिट्टी लदे ट्रेलर का अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रेलर बगल से गुजर रहे पिकअप वाहन व आगे चल रहे मिर्च लदे ट्रक में टक्कर मार दी। हादसे में ट्रेलर व मिर्च लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं घटना में मध्य प्रदेश निवासी पिकअप वाहन चालक रावेंद्र बसोर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच करते हुए घाटी में पलटे ट्रक व ट्रेलर को जेसीबी मशीन व क्रेन की मदद से किनारे हटवाया। मध्यप्रदेश के सीधी जिले से गिट्टी लादकर बिहार के छपरा जिला जा रहा ट्रेलर जैसे ही ड्रमंडगंज घाटी के बड़का मोड़ घुमान पर पहुंचा कि अचानक ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रेलर बगल से गुजर रहे नारियल लदे पिकअप वाहन को टक्कर मारते हुए आगे चल रहे मिर्च लदे ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में मिर्च लदा ट्रक व ट्रेलर बड़का मोड़ घुमान पर पलट गया।घटना में मध्यप्रदेश के रीवा जिले के गूढ़ थाना के गूढ़ निवासी 36 वर्षीय पिकअप वाहन चालक रावेंद्र बसोर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई व पिकअप वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं कानपुर देहात जिले के राजपुर गांव निवासी ट्रक चालक 44 वर्षीय हाकिम सिंह के सिर में चोटें आई हैं।

## मवेशी चराकर घर लौट रही महिला को गाली-गलौज कर पीटा, मुकदमा दर्ज

**हलिया,(मीरजापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गौरवा गांव की एक महिला ने शनिवार की देर शाम मारपीट को लेकर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया हैपीड़िता छोटकी पत्नी बेहरखू निवासी गौरवा ने बताया कि दिनांक शुक्रवार को समय लगभग 3 बजे वह मवेशी चराकर घर जा रही थी, तभी गांव के ही बली पुत्र खेलावन, शिवचरन पुत्र छोटकऊ, साखे पुत्र बजरंगी ने पुरानी रंजिश को लेकर मां-बहन की गाली देने लगे। मना करने पर विपक्षीगण दरवाजे पर चढ़कर लाठी-डंडे से मारे पीटे और शोर-शराबा करने लगे। बीच बचाव में उसका पति आया तो उसे भी मारे पीटे, जिससे पति-पत्नी दोनों को पूरे शरीर में चोटें आई हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया कि विपक्षीगण दबंग किस्म के व्यक्ति हैं और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने बाढ़ प्रभावित परिवारों में बांटी राहत साम्रग्री

**गाजीपुर।** उपजिलाधिकारी सदर विनोद जोशी ने अवगत कराया है कि तहसील सदर, जनपद गाजीपुर में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के क्रम में आज दिनांक 05 सितंबर 2026 को दीनापुर बाढ़ शरणालय में राहत सामग्री वितरण कार्यकम किया गया। कार्यक्रम में ग्राम महबलपुर व मकसूदनपाह के बाढ़ प्रभावित परिवारों को कुल 356 बाढ़ राहत किट वितरित की गई। राहत किट का वितरण ओम प्रकाश राय, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, गाजीपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर विनोद जोशी, उपजिलाधिकारी सदर, गाजीपुर तथा राजीव यादव, तहसीलदार सदर,



गाजीपुर मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों द्वारा बाढ़ प्रभावित लोगों की स्थिति एवं राहत व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया तथा संबंधित कर्मचारियों को प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सहायता उपलब्ध कराते रहने के निर्देश दिए गए। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है तथा प्रभावित लोगों को आवश्यकतानुसार राहत एवं अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

# शिक्षक दिवस पर राजकुमार पांडेय ने सरकारी स्कूलों की बदहाली को लेकर सरकार पर साधा निशाना

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर गाजीपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एवं महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करते हुए शिक्षकों के योगदान को समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार पांडेय ने प्रदेश की सरकारी शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना



साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे समाज के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन आज कई सरकारी विद्यालय बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। कहीं भवन और कक्षाओं की समस्या है तो कहीं शिक्षकों, शौचालय, पेयजल और अन्य आवश्यक संसाधनों की कमी देखने को मिलती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजकुमार पांडेय ने प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है और कई विद्यालय बंद पड़े हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनते ही बंद पड़े सभी स्कूलों को खोलने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी शिक्षा को लेकर हमेशा गंभीर रही है।